सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 31 अगस्त , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 53, पेज 12, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## कंपनियों की पूंजी 1.13 लाख करोड़ रुपये घटी

स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट के बीच सेंसेक्स की शीर्ष कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से 113000 करोड़ की गिरावट आयी। } 10

## राष्ट्रपति निफ्ट के संयुक्त दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज को राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान के संयुक्त दीक्षांत समारोह 2026 में शामिल होंगी। इसमें निफ्ट के 18 परिसरों के स्नातक छात्र-छात्राएं एक साथ अपनी डिग्री प्राप्त करेंगे। } 12

# मोदी को उज्बेकिस्तान के प्रतिष्ठित ओली दराजाली दोस्तलिक सम्मान से नवाजा गया

एजेंसी




ताशकंद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रविवार को उज्बेकिस्तान के प्रतिष्ठित सम्मान ओली दराजाली दोस्तलिक से नवाजा गया। उन्होंने यह सम्मान भारत और उज्बेकिस्तान के बीच स्थायी संबंधों को समर्पित किया। मोदी व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा और संपर्क समेत कई क्षेत्रों में संबंध मजबूत करने के लिए उज्बेकिस्तान के दो दिवसीय दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री को यह सम्मान उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव ने प्रदान किया।

मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ओली दराजाली दोस्तलिक सम्मान प्राप्त कर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मैं यह सम्मान भारत और उज्बेकिस्तान के बीच स्थायी संबंधों को समर्पित करता हूं। मोदी ने अपने संबोधन में कहा, उज्बेकिस्तान के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित होना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि भारत के लोग इस सम्मान के नाम में प्रयुक्त शब्द दोस्तलिक से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने कहा, भारत में शायद ही कोई ऐसा परिवार होगा, जहां दोस्तलिक शब्द दिन में सौ बार न बोला जाता हो। आज आपने वास्तव में इस शब्द के सार को सामने ला दिया है। दोस्तलिक का अर्थ मित्रता है। यह शब्द अपने आप में भारत और उज्बेकिस्तान के संबंधों के केंद्र में मौजूद भावना को खूबसूरती से व्यक्त करता है। मोदी ने कहा कि यह सम्मान प्राप्त करना उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि 1.4 अरब भारतीयों का सम्मान है। उन्होंने कहा, सभी भारतीयों की ओर से, मैं उज्बेकिस्तान की जनता, सरकार और अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं इस सर्वोच्च सम्मान को बहुत विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूं और इसे हमारे दोनों देशों के सदियों पुराने मैत्रीपूर्ण संबंधों तथा हमारी साझा विरासत को समर्पित करता हूं। इससे पहले, मोदी ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

### भारत को नशामुक्त बनायें

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देशवासियों से नशे की समस्या के खिलाफ एकजुट होने और युवाओं के लिए मजबूत भविष्य बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशे की लत सिर्फ एक व्यक्ति को अपनी चपेट में नहीं लेती, बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करती है। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा अभियान पूरे देश में जोर पकड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसका लक्ष्य बिल्कुल स्पष्ट है नशामुक्त युवा, नशामुक्त भारत। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि यह अभियान महज औपचारिकता बनकर नहीं रह गया है, बल्कि बड़ी संख्या ...शेष पृष्ठ 10 पर



# लखनऊ के विकास में योगी का सबसे बड़ा सहयोग

## यूपी स्थापित करता रहेगा विकास व सुशासन के नये आयाम : राजनाथ



विशेष संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ सांसद व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ में हुए विकास कार्यों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सबसे बड़ा सहयोग रहा है। उन्होंने जो कहा, उसे पूरा करके दिखाया है। लखनऊ के विकास से जुड़े हर कार्य में मुख्यमंत्री ने खुलकर सहयोग किया और समय-समय पर इसकी समीक्षा भी की।

उन्होंने कहा कि जब केंद्र और राज्य सरकार की सोच एक दिशा में होती है तो विकास की गति स्वाभाविक रूप से कई गुना बढ़ जाती है। रक्षामंत्री रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ लखनऊ छावनी में करीब 101 करोड़ रुपये की लागत वाली 12 विकास परियोजनाओं के शिलान्यास एवं भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार, रक्षा मंत्रालय और उद्योग जगत मिलकर विकास के कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। उत्तर प्रदेश विकास और सुशासन के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करता रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र ...शेष पृष्ठ 10 पर

## दिसंबर तक स्वच्छ हो जायेगी गोमती : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम इस वर्ष के अंत तक गोमती नदी को स्वच्छ बनाने में सफल होंगे। सेना की मध्य कमान ने गोमती नदी की अविरलता व स्वच्छता के लिए प्रदेश सरकार को पूरा सहयोग दिया है, जिससे यह कार्यक्रम युद्ध स्तर पर बढ़ रहा है।

- सांसद राजनाथ सिंह के नेतृत्व में साकार हुए अटल जी के सपने
- आदर्श बनकर विकास व जन-सुविधाओं का महत्वपूर्ण केंद्र होगी लखनऊ की छावनी परिषद

प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ने 9 वर्ष में सुरक्षा, सुशासन की नई यात्रा तय की है। 20 वर्ष पहले राजधानी में रेलवे स्टेशन पर एक बोर्ड लिखा होता था कि मुस्कुराइए, आप लखनऊ में हैं, लेकिन ट्रैफिक जाम, संकरी गलियों व गंदगी को देखकर मुस्कुराने के बजाय लोग रोने को मजबूर होते थे। किंतु अब लखनऊ ने पुरानी विरासत के साथ आधुनिक स्मार्ट सिटी के रूप में नई पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री ने रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ 101 करोड़ की 12 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व भूमि पूजन किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य लखनऊ छावनी को मॉडल छावनी के रूप में विकसित करना है। एआई बेस्ड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अलावा यहां स्कूल में अभ्युदय कोचिंग की व्यवस्था भी प्रारंभ होने जा रही है। सीएम ने विश्वास जताया कि लखनऊ की छावनी परिषद आदर्श बनकर विकास व जन-सुविधाओं का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी। ईज ऑफ लिविंग के लक्ष्य को प्राप्त करने में अग्रसर होगी। सीएम ने कहा कि यह छावनी परिषद अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगी, जिससे सैन्यकर्मियों, पूर्व सैन्यकर्मियों व सिविलियन ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सपा के भ्रष्टाचार का जीवंत स्मारक है जेपीएनआईसी: सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखनऊ में बना जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) समाजवादी पार्टी के भ्रष्टाचार का जीवंत स्मारक है। सपा ने इसे अपनी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का अड्डा जैसा बना दिया था। एक महापुरुष के नाम का इससे बड़ा अपमान नहीं हो सकता। प्रदेश सरकार अपराध व अपराधियों के साथ-साथ बेईमानी और भ्रष्टाचार के खिलाफ भी जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री रविवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ वीरांगना अवंतीबाई लोधी की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए पूरा जीवन समर्पित करने वाले जयप्रकाश नारायण के नाम पर सपा शासनकाल में शुरू किए गए इस प्रोजेक्ट की लागत 200 करोड़ रुपये थी, लेकिन 864 करोड़ खर्च करने के बावजूद यह अधूरा रहा।

## विकसित भारत का सपना होगा साकार : धामी

### देहरादून के कुंवावाला में सीएम ने सुना मन की बात का 137 वां संस्करण

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 137वें संस्करण को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के कुंवावाला में जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकताओं के साथ सुना।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने युवाओं को नशे से बचाने, उनकी ऊर्जा का राष्ट्रहित में उपयोग करने और देश की समृद्ध विरासत से नई पीढ़ी को जोड़ने की जरूरत पर विचार रखे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मन की बात ने देश के उन नागरिकों को व्यापक पहचान दिलाने का काम किया है, जो अपने स्तर पर समाज के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के जरिए देश के विभिन्न हिस्सों से सामने आने वाली प्रेरणादायी पहलें दूसरे लोगों के लिए भी उदाहरण बनती हैं। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति द्वारा स्थानीय स्तर पर शुरू किया गया छोटा प्रयास जब देशभर तक पहुंचता है तो उससे सामाजिक भागीदारी को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि मन की बात केवल प्रधानमंत्री और जनता के बीच संवाद का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि यह सकारात्मक सोच, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करने वाला मंच बन चुका है। देश के अलग-अलग क्षेत्रों में नागरिकों द्वारा किए जा रहे कार्यों को सामने लाकर प्रधानमंत्री उनमें भागीदारी और आत्मविश्वास की भावना को मजबूत करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी की आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल ने दिया इस्तीफ़ा



देवरिया। उत्तर प्रदेश कैडर की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी और देवरिया की पूर्व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने 13 साल की सेवा के बाद इस्तीफा दे दिया है।

2013 बैच की आईएएस अधिकारी मित्तल ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में अपने फैसले की घोषणा की। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि आज मैंने 13 वर्षों की अविस्मरणीय यात्रा को अपनी इच्छा से विराम देते हुए आईएएस से त्यागपत्र दे दिया है। हालांकि, उन्होंने इस्तीफा देने के फैसले के पीछे कोई कारण नहीं बताया। प्रशासनिक अधिकारी के रूप में अपने सफ़र को याद करते हुए मित्तल ने कहा कि वह एक साधारण माहौल में पली-बढ़ीं हैं और एक अच्छा तथा सफल जीवन जीने का सपना देखती थीं। उन्होंने आईआईटी दिल्ली और आईआईएम बेंगलुरु से पढ़ाई करने के बाद लंदन में नौकरी की, लेकिन आखिरकार भारत लौट आईं। उन्होंने लिखा कि सब कुछ हासिल करने के बाद भी कुछ अधूरापन महसूस होता था। अपने देश में न होना खलता था।

## मृतक संख्या 789 हुई , 2500 लोग अब भी लापता

### नेपाल बाढ़: पनबिजली परियोजनाओं से 500 से अधिक लापता, सुरंग में फंसे लोगों को बचाने का अभियान तेज

एजेंसी



काठमांडू। मध्य नेपाल में आई भीषण बाढ़ में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 789 हो गई जबकि करीब 2,500 लोग अब भी लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रभावित सभी आठ जिलों से शव बरामद किए गए हैं। आपदा के पांचवें दिन भी बचावकर्मी लापता लोगों की तलाश में लगे हैं साथ ही फंसे हुए लोगों को निकालने का अभियान भी जारी है।

नेपाल-तिब्बत सीमा के निकट हिमनद के टूटने के बाद हिमस्खलन जैसी घटना से पानी, कीचड़ और मलबे का तेज बहाव नीचे की ओर आया, जिसने बुधवार को मध्य नेपाल में कस्बों और गांवों को तबाह कर दिया, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया और जलविद्युत केंद्रों को नष्ट कर दिया। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) ने बताया कि इस त्रासदी में मृतकों की संख्या बढ़कर 789 हो गई है। एनडीआरआरएमए के अनुसार, अब तक चितवन जिले से 259 शव, नवलपरासी पूर्व से 184, नवलपरासी पश्चिम से 82 और गोरखा जिले से 58 शव बरामद किए गए हैं। प्राधिकरण ने बताया कि इस आपदा के बाद अब भी 2,498 लोग लापता हैं। नेपाल के बाढ़ प्रभावित रसुवा और नुवाकोट जिलों में नौ जलविद्युत परियोजनाओं के 537 कर्मचारी और कामगार अब भी ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 31.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- 88.94 लाख महिलाओं ने की मुफ्त बस यात्रा (पृष्ठ-02)
- दिल्ली में पहली बार 3 साल के बच्चे करेंगे रामलीला (पृष्ठ-02)
- रूस को पेट्रोल भेजने वाला प्रमुख देश बना भारत (पृष्ठ-10)
- एफपीआई ने शेयरबाजार में 30919 करोड रुपये डाले (पृष्ठ-10)
- कच्चे तल की कीमतों से तय होगी शेयरबाजार की चाल (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** माइक्रोप्लास्टिक-पीएफएएस की भी होगी टेस्टिंग, विश्वस्तरीय परीक्षण सुविधाओं से लैस नयी स्टेट लैबोरेटरी भवन का हो रहा निर्माण

# यूपी में अब और गहन होगी पेयजल की जांच

विशेष संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश में ग्रामीण पेयजल की गुणवत्ता जांच व्यवस्था को और अधिक उन्नत एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने की दिशा में उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। जल निगम (ग्रामीण) की ओर से विश्वस्तरीय परीक्षण सुविधाओं से लैस नई स्टेट लैबोरेटरी भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका कार्य तेजी से पूर्ण कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

नई स्टेट लैब में अत्याधुनिक विश्लेषणात्मक सुविधाओं के साथ पेयजल में उभरते प्रदूषक (इमर्जिंग कंटेमिनेंट्स) जैसे माइक्रोप्लास्टिक या पीएफएएस की जांच क्षमता विकसित करने की योजना है। हाल ही में उत्तर प्रदेश के दौरे पर आए भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव ने उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) की मौजूदा स्टेट लैबोरेटरी का निरीक्षण किया था। इस दौरान जल गुणवत्ता परीक्षण की मौजूदा सुविधाओं, उपकरणों और भविष्य में विकसित की जाने वाली परीक्षण क्षमताओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान माइक्रोप्लास्टिक और पीएफएएस जैसे उभरते प्रदूषकों की जांच की सुविधा राज्य स्तरीय प्रयोगशाला में विकसित करने पर भी जोर दिया गया। इसके बाद नई स्टेट लैब को इन उभरती जल गुणवत्ता चुनौतियों के अनुरूप विकसित करने की दिशा में कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है। ग्रामीण पेयजल की गुणवत्ता की निगरानी के लिए प्रदेश में बहुस्तरीय प्रयोगशाला नेटवर्क मौजूद है। इसमें एक राज्य स्तरीय, तीन क्षेत्रीय, 72 जिला स्तरीय और 62 वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट प्रयोगशालाएं शामिल हैं। राज्य स्तरीय प्रयोगशालाओं में उन्नत स्तर की परीक्षण सुविधाएं उपलब्ध हैं और 50 मानकों के लिए एनएबीएल प्रमाणन प्राप्त है। जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की नियमित निगरानी के साथ जरूरत के अनुसार नमूनों की विस्तृत प्रयोगशाला जांच भी कराई जाती है।

## लखनऊ में वकीलों के अवैध चैंबर और दुकानों पर चला बुलडोजर



लखनऊ। जिला कोर्ट के आसपास बने अवैध चैंबरों और दुकानों के खिलाफ रविवार शाम नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी। हाईकोर्ट के निर्देश पर चलाए गए अभियान के दौरान नगर निगम की टीम आठ बुलडोजर और हाईवा के साथ मौके पर पहुंची। कार्रवाई के मद्देनजर जिला कोर्ट और आसपास के क्षेत्र में भारी पुलिस एवं प्रशासनिक बल तैनात किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए इलाके की बिजली आपूर्ति भी बंद कराई गई। बताया गया कि जिला कोर्ट के आसपास अवैध रूप से बने 72 चैंबरों और दुकानों को नगर निगम ने चिन्हित किया ...शेष पृष्ठ 10 पर

# कुशल मानव संसाधन विकसित करना समय की जरूरत : राजनाथ

## उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप हो प्रशिक्षण : जयंत चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कौशल विकास, औद्योगिक जरूरतों और युवाओं के रोजगार को आपस में जोड़ने के लिए रविवार को गोमतीनगर स्थित ताज पैलेस में पीएम-सेतु उद्योग सम्मेलन-उत्तर प्रदेश सहभागिता का आयोजन हुआ। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से सम्मेलन आयोजित किया। इसमें उद्योगों की भागीदारी बढ़ाने और आईटीआई को विश्वस्तरीय उत्कृष्टता केंद्रों के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया।

रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि देश के विकास में कुशल मानव संसाधन की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। रक्षा विनिर्माण, एयरोस्पेस, इलेक्ट्रॉनिक्स, ड्रोन, रोबोटिक्स, प्रिसिजन इंजीनियरिंग और ऑटोमेशन जैसे क्षेत्रों में तकनीक तेजी से बदल रही है। ऐसे में भविष्य की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षित कार्यबल तैयार करना जरूरी है। उन्होंने उद्योगों से पीएम-सेतु को सरकारी योजना के बजाय साझा राष्ट्रीय मिशन के रूप में लेने का आह्वान किया।

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने कहा कि पीएम-सेतु का उद्देश्य प्रशिक्षण और रोजगार के बीच की खाई को पाटना है। उद्योगों को आईटीआई क्लस्टरों के विकास, संचालन और प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने उद्योगों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण और अप्रेंटिसशिप का स्पष्ट मार्ग तैयार करने पर जोर दिया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बड़ा बाजार, विशाल युवा आबादी और तकनीकी रूप से सक्षम मानव संसाधन उपलब्ध है। उद्योगों को प्रदेश सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि पीएम-सेतु के तहत प्रदेश में आठ क्लस्टर यानी 32 आईटीआई चिन्हित किए गए हैं। इनमें सात क्लस्टर उद्योग सहयोग के लिए उपलब्ध हैं। पीएम-सेतु के तहत एक हब और चार स्पोक आईटीआई वाले क्लस्टर में 241 करोड़ रुपये तक का निवेश किया जा सकता है। इसमें केंद्र सरकार का 50 प्रतिशत, राज्य सरकार का 33 प्रतिशत और उद्योग साझेदारों का 17 प्रतिशत योगदान प्रस्तावित है।

योजना के तहत आईटीआई में आधुनिक प्रयोगशालाएं, डिजिटल शिक्षण व्यवस्था और नवीनतम पाठ्यक्रम विकसित किए जाएंगे। सम्मेलन में एचएएल, बीईएल, बीडीएल, ब्रह्मोस एयरोस्पेस, अशोक लेलैंड समेत रक्षा और विनिर्माण क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उद्योग प्रतिनिधियों ने एयरोस्पेस, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उत्पादन, मेकाट्रॉनिक्स, ड्रोन और प्रिसिजन इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में कुशल तकनीशियनों की बढ़ती मांग बताई। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और लखनऊ छावनी बोर्ड के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इसके तहत युवाओं को सशस्त्र बलों, पुलिस और अन्य वर्दीधारी सेवाओं में करियर के लिए तैयार करने के उद्देश्य से शौर्य अकादमी स्थापित की जाएगी।

# परेशान मत हों, हर समस्या का करायेंगे प्रभावी समाधान

## भोलू को दुलारकर बोले सीएम, कैसा हमेशा गुस्से में रहता है

विशेष संवाददाता (vol)

**गोरखपुर।** गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में जनसेवा के नियमित अनुष्ठान जनता दर्शन का क्रम जारी रखा।

रविवार को भी उन्होंने करीब दो सौ लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का आत्मीय भरोसा दिया। उन्होंने लोगों से कहा कि परेशान मत हों, हर शिकायत का प्रभावी निस्तारण कराया जाएगा। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं का समाधान शीघ्रता और पारदर्शिता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

रविवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा।



**● किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए : योगी**

मुख्यमंत्री ने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान रविवार सुबह जनता दर्शन लगाकर जनसेवा करने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी पारंपरिक दिनचर्या के अनुसार मंदिर की गोशाला में जाकर गोसेवा भी की।

मंदिर की गोशाला में रूठे से नजर आ रहे भोलू नाम के एक नंदी को सीएम योगी ने स्नेहिल भाव से खास तौर पर दुलारा। उन्होंने हाथ मे गुड़-रोटी लेकर भोलू को पुकारा और बोले, कैसा हमेशा गुस्से में रहता है। गोसेवा के दौरान मुख्यमंत्री ने भोलू सहित अन्य गोवंश और गायों को रोटी-गुड़ खिलाया।

# 88.94 लाख महिलाओं ने की मुफ्त बस यात्रा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रक्षाबंधन के अवसर पर योगी सरकार की ओर से महिलाओं और उनके सहयात्रियों को दी गई तीन दिवसीय निशुल्क बस यात्रा का इस बार रिकॉर्ड लाभ मिला। 27 से 29 अगस्त 2026 तक प्रदेशभर में 88,94,730 यात्रियों ने बिना किराया दिए बसों से सफर किया। इनमें 55.17 लाख महिलाएं और 33.76 लाख से अधिक सहयात्री शामिल रहे। इस सुविधा पर राज्य सरकार ने 106.98 करोड़ रुपये का खर्च वहन किया।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के आंकड़ों के मुताबिक, इस वर्ष निशुल्क यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या ने 2025 का रिकॉर्ड तोड़ दिया। पिछले वर्ष तीन दिनों में 78.26 लाख यात्रियों ने मुफ्त बस यात्रा का लाभ लिया था। इस बार यह संख्या बढ़कर 88.94 लाख पहुंच गई, यानी करीब 10.68 लाख अधिक यात्रियों ने निशुल्क सफर किया। रक्षाबंधन के दिन 28 अगस्त को निशुल्क यात्रा का सबसे अधिक लाभ लिया गया। इस दिन 49.96 लाख यात्रियों ने बसों से यात्रा की। इनमें 32.47 लाख महिलाएं और 17.48 लाख सहयात्री शामिल थे।

आंकड़ों के अनुसार, 27 अगस्त को 9.26 लाख, 28 अगस्त को 49.96 लाख और 29 अगस्त को 29.71 लाख यात्रियों ने निशुल्क यात्रा की। महिलाओं की संख्या क्रमशः 6.03 लाख, 32.47 लाख और 16.66 लाख रही। तीन दिवसीय निशुल्क बस यात्रा पर इस वर्ष सरकार ने 106.98 करोड़ रुपये का खर्च वहन किया। वर्ष 2025 में इस सुविधा पर 86.98 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुए थे। इस तरह इस बार सरकार ने पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 करोड़ रुपये अधिक खर्च किए।

परिवहन विभाग की अपर मुख्य सचिव अर्चना अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं और उनके सहयात्रियों के लिए निशुल्क बस यात्रा की व्यवस्था की गई। परिवहन निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों, चालक और परिचालकों के समन्वित प्रयास से सुविधा को प्रभावी ढंग से संचालित किया गया। निशुल्क यात्रा की सुविधा 27 से 29 अगस्त तक सुबह छह बजे से रात 12 बजे तक उपलब्ध रही। रक्षाबंधन से पहले परिवहन निगम ने अतिरिक्त बसों के संचालन और प्रमुख बस स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को मजबूत करने की तैयारी की थी। योगी सरकार ने वर्ष 2017 से रक्षाबंधन पर महिलाओं को निशुल्क बस यात्रा की सुविधा देना शुरू किया था। वर्ष 2017 में 11.16 लाख महिला यात्रियों ने इसका लाभ लिया था। 2018 में 11.69 लाख, 2019 में 12.04 लाख और 2020 में 7.36 लाख महिलाओं ने निशुल्क यात्रा की। वर्ष 2021 में 9.63 लाख, 2022 में 22.32 लाख, 2023 में 29.29 लाख और 2024 में 19.78 लाख महिला यात्रियों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। 2025 में महिलाओं के साथ सहयात्रियों को भी निशुल्क यात्रा में शामिल किया गया, जिसके बाद तीन दिनों में कुल 78.26 लाख निशुल्क यात्राएं दर्ज हुई थीं। इस वर्ष यात्रियों की संख्या बढ़कर 88.94 लाख पहुंचना बताता है कि रक्षाबंधन पर निशुल्क बस यात्रा की सुविधा का प्रदेशभर में व्यापक लाभ लिया गया।

# दिल्ली में पहली बार 3 साल के बच्चे करेंगे रामलीला

## 60 से अधिक फिल्मी सितारे भी होंगे शामिल, भगवान राम की भूमिका में नजर आयेंगे रवि किशन

विशेष संवाददाता (vol)

**अयोध्या।** अयोध्या की चर्चित फिल्मी कलाकारों वाली रामलीला इस वर्ष पहली बार दिल्ली में अपना आठवां संस्करण प्रस्तुत करेगी। खास बात यह है कि इस बार तीन वर्ष की उम्र से लेकर 16 वर्ष तक के बाल कलाकार भी रामकथा के विभिन्न प्रसंगों का मंचन करेंगे। वहीं शाम के सत्र में 60 से अधिक फिल्मी कलाकार अपनी अदाकारी से रामलीला को भव्य रूप देंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल से कोरोना काल में शुरू हुई यह रामलीला अब देश-विदेश में अपनी पहचान बना चुकी है। आयोजकों के मुताबिक पिछले वर्ष इसकी प्रस्तुति को 62 करोड़ से अधिक दर्शकों ने देखा था। इस वर्ष 80 से अधिक सैटेलाइट चैनलों के माध्यम से करीब 40 भाषाओं में इसका प्रसारण किए जाने की तैयारी है। दिल्ली में रामलीला का आयोजन 10 से 20 अक्टूबर तक नई दिल्ली के रफी मार्ग स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब के मावलंकर हॉल में होगा। सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक तीन से 16 वर्ष के बाल कलाकार अभिनय करेंगे, जबकि शाम 7 से रात 10 बजे तक फिल्मी कलाकार रामकथा के विभिन्न प्रसंग प्रस्तुत करेंगे। आयोजन स्थल पर शाम 4 से रात 11 बजे तक मेले का भी आयोजन होगा। करीब 600 दर्शकों की क्षमता वाले हॉल में 120 फीट लंबी एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी। इसके जरिए दर्शकों को मंचन के दृश्य बड़े और स्पष्ट रूप में देखने को मिलेंगे। रामलीला में इस बार गोरखपुर सांसद और अभिनेता रवि किशन पहली बार भगवान श्रीराम की भूमिका निभाएंगे। वह 19 अक्टूबर को राम के किरदार में मंच पर नजर आएंगे। इससे पहले रवि किशन इस रामलीला में केवट, भगवान परशुराम और भरत की भूमिका निभा चुके हैं। रावण की भूमिका में अरुण बख्शी, भगवान शिव के रूप में बिंदु दारा सिंह, भगवान परशुराम के रूप में पुनीत इस्सर, अहिरावण के रूप में रजा मुराद और मेघनाद के रूप में अवतार गिल नजर आएंगे। कुल 60 से अधिक फिल्मी सितारे रामलीला में अभिनय करेंगे। दिल्ली और मुंबई के कलाकार इन दिनों रिहर्सल में जुटे हैं। इस बार रामलीला में तीन वर्ष के बच्चों को भी अभिनय का अवसर दिया गया है। आयोजकों के मुताबिक पहली बार इतनी कम उम्र के बाल कलाकार रामलीला में हिस्सा लेंगे। भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप से जुड़े प्रसंगों को विशेष रूप से मंचित किया जाएगा। आयोजकों का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य नई पीढ़ी को रामकथा और भारतीय संस्कृति से जोड़ना भी है। बाल कलाकारों की प्रस्तुति के साथ आधुनिक तकनीक और विशाल एलईडी स्क्रीन रामलीला को नया स्वरूप देंगे। दिल्ली के बाद रामलीला का नौवां संस्करण 15 से 25 जनवरी 2027 तक अयोध्या में आयोजित किया जाएगा। अयोध्या में अब तक इसके सात संस्करण सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। आयोजक सुभाष मलिक (बॉबी) और शुभम मलिक की अगुवाई में टीम तैयारियों में जुटी है। आयोजकों के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल से कोरोना काल में शुरू हुई यह रामलीला अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रामभक्ति और भारतीय संस्कृति का संदेश पहुंचाने का माध्यम बन चुकी है।

**60 से अधिक देशों तक पहुंचेगा रामभक्ति का संदेश**

आयोजकों के अनुसार पिछले वर्ष रामलीला को 62 करोड़ से अधिक दर्शकों ने देखा था। इस वर्ष 80 से अधिक सैटेलाइट चैनलों और करीब 40 भाषाओं में प्रसारण की तैयारी है। इसके माध्यम से 60 से अधिक देशों तक रामकथा और रामभक्ति का संदेश पहुंचाने का लक्ष्य है। दिल्ली में पहली बार आयोजित होने वाली इस रामलीला के जरिए राजधानीवासियों को अयोध्या की भव्य रामकथा का अनुभव कराने की तैयारी है। मेले और सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ आयोजन स्थल को राममय बनाने की योजना है।

# जिला अध्यक्षों के हाथ मजबूत करें और संगठन को गांव-गांव तक पहुंचायें : श्रवण कुमार

**लखनऊ/ मेरठ।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) उत्तर प्रदेश के संगठनात्मक विस्तार एवं आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर आज मेरठ जनपद के खंडोली गांव में मेरठ मंडल सम्मेलन एवं स्वागत-अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री, जेडीयू विधायक दल के नेता एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार तथा जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल का पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर दोनों वरिष्ठ नेताओं के साथ युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह का भी स्वागत किया गया। कार्यकताओं द्वारा उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट किए गए तथा भगवान श्रीराम के साथ बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान मुद्रा में विराजमान भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम का संचालन जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश के मेरठ जिला अध्यक्ष चौधरी रियाजुद्दीन एडवोकेट ने किया। सम्मेलन में मेरठ मंडल प्रभारी श्री कुशवाहा जी, प्रदेश सचिव एवं सहारनपुर मंडल प्रभारी श्री कपिल देव जैन जी, युवा प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रशांत कुमार सिंह जी, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी जयवीर सिंह जी सहित विभिन्न जनपदों के जिला अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए खउत्र के उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री श्रवण कुमार जी ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकताओं की सक्रियता और समर्पण से होती है। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया कि वे अपने-अपने जिलों के जिला अध्यक्षों के साथ मजबूती से खड़े हों तथा पार्टी की नीतियों, विचारधारा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाएं। प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने जिला अध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों को आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियां अभी से प्रारंभ करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

# पेट्रोल में मिलावट, त्यौहार में चीनी महंगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में लूट और महाडकैती हो रही है। भाजपा मंदिर में चोरी करने वाली, धर्मद्रोही, अधर्मी और लूट का गिरोह है। इस सरकार में हर योजना हर कार्य में लूट हो रही हैं। जल जीवन मिशन में बनी पानी की टंकियां टूट रही है। एक्सप्रेस-वे और सड़कें टूट रहें हैं। गड्ढ़े हो रहें हैं। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे जगह-जगह टूट गया।

उद्घाटन करके प्रधानमंत्री के जाते ही बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे टूट गया। गंगा एक्प्रेस-वे में सड़क जगह-जगह टूट गयी। भाजपा का मॉडल जेब भरने वाला है। भाजपा सरकार सरकारी सम्पत्तियों को बेंचकर कमीशनखोरी कर रही है। अपनी जेंबे भर रही है। रविवार को समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने जेपीएनआईसी बेच दिया। बीजेपी ने जेपी



को बेंच दिया। जेपी एनआईसी बनाने वाले ठेकेदारों का भुगतान करके बेंच दिया। जेपी एनआईसी जितने में बिका है, उतना पैसा तो पार्किंग और कैफे से निकल आएगा। भाजपा सरकार जेपीएनआईसी बनाने वाले जिस आकीर्टेक्ट की जांच करा रही थी, उसे दिल्ली में बन रहे रेलवे स्टेशन का तीन हजार करोड़ रुपए का काम दे दिया।

श्री यादव ने कहा कि पेट्रोल में मिलावट कर दी। जैसे त्यौहार आया चीनी महंगी कर दी। ये कभी गरीबों का सम्मान नहीं करते है। माताओं-बहनों को धमकाते हैं। जनता इन्हें सबक सिखाएगी। रक्षा बंधन पर माताएं-बहने इंतजार करती रहीं, फ्री बस नहीं मिली। भाजपा ने धोखा दिया। भाजपा सरकार ने समाजवादी पार्टी की सरकार में मरीजों के लिए चलायी गयी 102, 108 एम्बुलेंस सेवा को बर्बाद कर दिया। सरकारी अस्पताल में दवाई, इलाज नहीं है। हजारों प्राइमरी स्कूल बंद कर दिये। समाजवादी सरकार आने पर बंद किए गए सभी 26 हजार स्कूल फिर चालू किए जाएंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा धन्ना सेठों की पार्टी है। भाजपा गरीबों से पैसा लूट कर धन्ना सेठों तक पहुंचाती है। महंगाई बढ़ने का कारण मुनाफाखोरी है। इथेनाल गन्ना और अनाज से बनता है, भाजपा पेट्रोल में इथेनाल को मिलकर चीनी को महंगा कर उद्योगपतियों को लाभ देना चाहती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी की छवि सुधारने के लिए सात हजार करोड़ रुपए खर्च किए है। अगर 70 हजार करोड़ रुपए भी खर्च कर दे तो भी छवि नहीं सुधरने वाली है। उन्होंने कहा कि कहा कि पीडीए से कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। हम पीडीए के लोग प्रोग्रेसिव लोग है। डेवलपमेंट करना चाहते हे।

# एआई वाइस बॉट से मरीजों से फीडबैक लेगी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए योगी सरकार अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से मरीजों से सीधे फीडबैक लेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नोडल स्टेट हेल्थ एजेंसी साचीज द्वारा एआई आधारित वाइस बॉट विकसित किया जा रहा है। इसके माध्यम से आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों और उनके तीमारदारों से फोन पर इलाज और अस्पताल में मिले अनुभव की जानकारी ली जाएगी।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि वाइस बॉट के जरिए मरीजों से पूछा जाएगा कि उन्हें आयुष्मान योजना के तहत उपचार मिला या नहीं, इलाज के दौरान किसी तरह की परेशानी हुई या नहीं और अस्पताल की सुविधाएं कैसी रहीं। अस्पताल के कर्मचारियों के व्यवहार तथा इलाज के लिए मरीज या उसके परिवार से किसी तरह की अनधिकृत राशि लिए जाने की जानकारी भी ली जाएगी। उपचार के बाद मरीज की संतुष्टि का स्तर भी फीडबैक के जरिए जाना जाएगा।

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा के अनुसार अभी सीमित संख्या में मरीजों से मैनुअल कॉल के जरिए फीडबैक लिया जाता है। इसमें अधिक समय और मानव संसाधन की जरूरत पड़ती है। एआई वाइस बॉट के जरिए बड़ी संख्या में मरीजों से कम समय में जानकारी जुटाई जा सकेगी। फीडबैक के एआई आधारित विश्लेषण से उपचार न मिलने, अनधिकृत शुल्क, खराब व्यवहार या अन्य शिकायतों से जुड़े मामलों की पहचान की जाएगी। कार्रवाई योग्य मामलों को संबंधित टीमों तक भेजकर आवश्यक कार्रवाई कराई जा सकेगी।

# पूर्वांचल में संगठन विस्तार को रालोद ने कसी कमर

**लखनऊ।** पूर्वांचल में संगठन को मजबूत करने और पार्टी की पहुंच गांव-गांव तक बढ़ाने के संकल्प के साथ राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने संगठन विस्तार की रणनीति पर जोर दिया। लखनऊ में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के मुख्य आतिथ्य में स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जयंत सिंह का स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अनुपम मिश्रा, आयोजक एवं पूर्व एमएलसी प्रत्याशी बीके शुक्ला तथा एमएलसी योगेश नौहवार सहित कई नेता मौजूद रहे। समारोह को पूर्वांचल में संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के तौर पर देखा गया। नेताओं ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य संगठन को बूथ और गांव स्तर तक मजबूत करना तथा किसान, मजदूर, युवा और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच अपनी सक्रियता बढ़ाना है। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पार्टी नेताओं ने संगठन को मजबूत बनाने, जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने और अधिक से अधिक लोगों को रालोद से जोड़ने पर जोर दिया। कार्यक्रम में कार्यकताओं में उत्साह और संगठन विस्तार को लेकर नई ऊर्जा दिखाई दी। जयंत सिंह के नेतृत्व में रालोद लगातार संगठन को विस्तार देने की दिशा में काम कर रहा है। पार्टी का फोकस खासतौर पर किसान, मजदूर और नौजवानों से जुड़े मुद्दों को लेकर अपनी राजनीतिक सक्रियता बढ़ाने पर है।

# 2027 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा की प्रचंड विजय : हरीश द्विवेदी

## भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी का भव्य स्वागत, एयरपोर्ट से भाजपा के राज्य मुख्यालय तक कार्यकताओं ने की पुष्प वर्षा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया गया है, उसे साकार करने के लिए पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी शक्ति से कार्य करेगा। इसके साथ ही 2027 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा की प्रचंड विजय होगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की दिशा और दशा बदली है।



गरीबों को खाद्यान्न, आवास, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, किसान सम्मान निधि और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य हुआ है। आज भारत विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्तियों में शामिल होकर तेजी से आगे बढ़ रहा है। श्री द्विवेदी ने कहा कि भारत की बढ़ती शक्ति और प्रतिष्ठा कुछ विदेशी ताकतों तथा देश विरोधी मानसिकता रखने वाले लोगों को स्वीकार नहीं हो रही है। उन्होंने कार्यकताओं से सतर्क रहने और ऐसी हर साजिश का लोकतांत्रिक एवं वैचारिक रूप से मुंहतोड़ जवाब देने का आह्वान किया। श्री द्विवेदी के राष्ट्रीय महामंत्री दायित्व के पश्चात प्रथम लखनऊ आगमन पर रविवार को पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं ने चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। एयरपोर्ट से भारतीय जनता पार्टी के राज्य मुख्यालय तक कार्यकताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। मार्ग में जगह-जगह पार्टी कार्यकताओं ने पुष्पवर्षा एवं माल्यार्पण कर श्री द्विवेदी का अभिनंदन किया।

एयरपोर्ट पर पार्टी के प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, रमेश सिंह, नीरज सिंह, प्रदेश महामंत्री दिलीप पटेल, संजय राय, उपेंद्र रावत, मुख्यालय प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ल, क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी, प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला तथा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद अशोक रावत सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राज्य मुख्यालय पर कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब उत्तर प्रदेश विकसित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है, गुंडाराज और अराजकता पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है तथा विकास की नई गति स्थापित हुई है। उन्होंने कार्यकताओं से वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय सुनिश्चित करने के लिए बूथ स्तर तक सक्रिय होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने राष्ट्रीय महामंत्री का दायित्व मिलने के पश्चात प्रथम लखनऊ आगमन पर मिले अपार स्नेह और सम्मान के लिए सभी कार्यकताओं, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त राष्ट्रीय मंत्री संगीता यादव ने अपने स्वागत अभिनंदन के लिए उत्तर प्रदेश के पार्टी नेतृत्व एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया।

श्रीमती यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास एवं सुशासन की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव उत्तर प्रदेश के विकास की गति को और आगे बढ़ाने का अवसर होगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की पार्टी है और यहां एक साधारण कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत, संगठनात्मक क्षमता और समर्पण के बल पर सर्वोच्च जिम्मेदारियों तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि श्री हरीश द्विवेदी का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और संगठनात्मक जीवन का लंबा अनुभव रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय टीम में उत्तर प्रदेश के कार्यकताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां प्रदान कर प्रदेश के संगठनात्मक योगदान को सम्मान दिया गया है। श्री चौधरी ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पुनः प्रचंड विजय प्राप्त करना है। अभिनंदन कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### आज कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज सोमवार को रामपुर खास के एक दिन के दौरे पर आयेंगे। वह दिन में बारह बजे लालगंज कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी है।

### विधायक मोना के प्रयास से बाजार हुआ रोशन, व्यापारियों में खुशी

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से रानीगंज कैथौला बाजार में आधा दर्जन से अधिक सोलर लाइट लगने से व्यापारियों में प्रसन्नता देखी गयी। बाजार के जगमग होने से परशुराम चैराहा, सती धाम, रामजानकी मंदिर, हनुमान मंदिर सहित कई स्थानों पर सोलर लाइट लगायी गयी है। व्यापार मण्डल के अध्यक्ष जय प्रकाश जायसवाल, प्रधान ददन सिंह, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, शशीन्द्रनाथ शुक्ल, रामचन्द्र तिवारी, पप्पू तिवारी, रामलखन ओझा, सत्येन्द्र सिंह आदि ने विधायक के द्वारा बाजार को मिली सौगात पर खुशी जतायी है।

### तीन उपकेन्द्रों से जुड़े गांवों में 36 घंटे हुई आपूर्ति बाधित

प्रतापगढ़। तकनीकी खराबी से विद्युत आपूर्ति बाधित होने लालगंज क्षेत्र के तीन उपकेन्द्रों में आपूर्ति ठप हो गयी। शनिवार की शाम चार बजे लालगंज के पावर हाउस में तकनीकी खराबी आ गयी। इसके चलते विद्युत उपकेन्द्र रायपुर, भटनी तथा रामपुर बावली से जुड़े सैकड़ों गांवों में आपूर्ति ठप हो गयी। आपूर्ति बाधित होने से गांवों में शाम ढलते ही अंधेरा छा गया। वहीं लोगों को घरेलू कामकाज में कठिनाई के साथ बाजारों में भी कामकाज प्रभावित हुआ दिखा। अगले दिन रविवार को ग्यारह बजे आपूर्ति बहाल होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

### बारिश से सार्वजनिक संस्थानों में बढ़ा जल जमाव

प्रतापगढ़। रविवार को दिन भर हुई बारिस के चलते वार्डों तथा सार्वजनिक संस्थानों में जल जमाव बढ़ गया। बारिस के चलते अस्पताल परिसर में जल जमाव होने से लोगों को फजीहत में देखा गया। वहीं नेताजी पुरम वार्ड में भी जल जमाव बढ़ने से लोगों को आवागमन में कठिनाई उठानी पड़ी। तहसील परिसर में भी बारिस के कारण जल जमाव ज्यादा हो उठा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी चकमार्गों तथा खंडजा आदि मार्गों पर भी गड्ढ़ों में पानी भरने से लोग हलाकान दिखे। हालांकि तहसील परिसर में पानी निकालने के लिए प्रयास भी जारी देखा गया।

### चार देशी बम जब्त, आरोपी गिरफ्तार

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने चार देशी बम के साथ एक आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा दीपक कुमार शनिवार की रात गश्त पर निकलते थे। रानीगंज कैथौला चैकी के जगन्नाथपुर पुलिया के समीप पुलिस को एक संदिग्ध दिखा। पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ा और तलाशी ली तब उसके पास चार देशी बम बरामद हुआ। पकड़ा गया आरोपी उदयपुर थाना के बेनी दीन का पुरवा उछापुर निवासी हरिलाल उर्फ छम्मा पुत्र श्रीराम को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। आरोपी के खिलाफ जिले के लालगंज तथा उदयपुर व अयोध्या जनपद में भी गम्भीर आपराधिक केस दर्ज है। पुलिस ने रविवार को आरोपी को जेल भेज दिया।

### दो वांछित भेजे गये जेल

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस द्वारा कोर्ट के दो वांछितों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। थाने के दरोगा हरिन्द्र कुमार फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। पुलिस ने आरोपी पूरे नेमधर निवासी धनंजय पुत्र कांती प्रसाद तथा धीरज कुमार मिश्रा पुत्र सरोधन को घर के समीप हिरासत में ले लिया। वांछितों को पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर श्रावस्ती में साइकिल रैली

- छह वर्षीय मोहलक्षिका बनी आकर्षण
- स्केटिंग करते हुए हाथ में तिरंगा लेकर महिला साइकिलिस्टों का किया नेतृत्व

जिला संवाददाता



**श्रावस्ती।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रविवार को श्रावस्ती में साइकिल रैली एवं स्केटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वर्गीय चौधरी श्यामता प्रसाद महिला महाविद्यालय और क्रीड़ा विभाग श्रावस्ती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में खेल, फिटनेस और राष्ट्रप्रेम का अनूठा संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक राम फेरन पाण्डेय ने किया। इस दौरान क्रीड़ा अधिकारी ब्रजेश सोनी, शिक्षाविद् डॉ. श्याम नारायण वर्मा, डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण मात्र छह वर्ष की मोहलक्षिका सिंह रहीं। छोटी सी उम्र में उन्होंने स्केटिंग करते हुए महिला साइकिलिस्टों की रैली का नेतृत्व किया। हाथ में तिरंगा लेकर मोहलक्षिका पूरे मार्ग पर स्केटिंग करती रहीं। उनके आत्मविश्वास और खेल प्रतिभा को देखकर लोग प्रभावित हुए और उन्होंने जमकर उत्साहवर्धन किया। रैली में शामिल बालिकाओं और महिला साइकिलिस्टों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् जैसे राष्ट्रभक्ति के नारे लगाए।

पूरे मार्ग में देशभक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में कराटे के राष्ट्रीय मेडलिस्ट युवराज विक्रम सिंह की भी उपस्थिति रही। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रांत छात्रा कार्य प्रमुख कस्तूरी सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। वक्ताओं ने कहा कि खेल केवल पदक और प्रतियोगिताएं जीतने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि खेल बच्चों और युवाओं को स्वस्थ, अनुशासित और आत्मविश्वासी बनाते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों से युवाओं में टीम भावना, अनुशासन और देश के प्रति समर्पण की भावना भी मजबूत होती है। विशेष रूप से बालिकाओं और युवतियों की बढ़ती खेल भागीदारी को समाज के लिए सकारात्मक संदेश बताया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को नियमित व्यायाम, फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

साइकिल रैली के दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में महत्वपूर्ण सहयोग किया। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी से कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हुआ। रैली का समापन सीताद्वार, श्रावस्ती में हुआ। समापन अवसर पर प्रतिभागियों और आयोजकों ने खेल भावना, फिटनेस, राष्ट्रप्रेम और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# मधुकरपुर में विकास के नाम पर लाखों का खेल

## कागजों में दौड़े हैंडपंप, स्वच्छता और स्ट्रीट लाइट के काम पर उठे गंभीर सवाल

जिला संवाददता



**सिद्धार्थनगर।** बांसी विकास खंड की चर्चित ग्राम पंचायत मधुकरपुर में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन के कथित दुरुपयोग और भुगतान को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों एवं स्थानीय सूत्रों का आरोप है कि कई कार्यों में मौके पर काम कराए बिना अथवा मानक के अनुरूप कार्य न कराकर कागजी खानापूर्ति के आधार पर सरकारी धन का भुगतान करा लिया गया। आरोपों की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि विभिन्न मदों में करीब 8.10 लाख रुपये के भुगतान का मामला सामने आया है। उपलब्ध विवरण के अनुसार स्वच्छता सामग्री के नाम पर 2,88,427 रुपये, प्रशासनिक मद में 80,268 रुपये, हैंडपंप मरम्मत/रीबोर के नाम पर 2,35,056 रुपये तथा स्ट्रीट लाइट के नाम पर 3,06,395 रुपये का भुगतान दशार्या गया है। इन मदों में कुल 8,10,146 रुपये की धनराशि खर्च किए जाने का उल्लेख है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि जिस उद्देश्य के लिए यह धनराशि निकाली गई, क्या उस अनुपात में वास्तव में धरातल पर काम हुआ भी है? ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत में हुए अथवा दर्शाए गए कई विकास कार्यों की मौके पर जांच कराई जाए तो तस्वीर और साफ हो सकती है। आरोप है कि कुछ कार्यों को महज अभिलेखों में पूरा दिखाकर भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर दी गई। यदि यह आरोप सही है तो यह न केवल सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला होगा, बल्कि पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं की निगरानी और सत्यापन व्यवस्था पर भी बड़ा सवाल खड़ा करेगा। मामले में ग्राम पंचायत सचिव अभिषेक वर्मा, संबंधित जेई तथा अन्य जिम्मेदारों की भूमिका को लेकर भी ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि भुगतान से संबंधित बिल-वाउचर, एमबी, कार्यस्थल का भौतिक सत्यापन, सामग्री की खरीद, जीएसटी बिल, जियो-टैग फोटो और संबंधित अभिलेखों की स्वतंत्र जांच कराई जाए, ताकि वास्तविकता सामने आ सके। 'ऊपर तक पहुंच' के दावे की भी हो जांच मामले को और गंभीर बनाने वाला आरोप यह है कि संबंधित ग्राम पंचायत सचिव द्वारा कथित रूप से अपनी ऊंची पहुंच होने और जांच होने पर भी अपने पक्ष में रिपोर्ट लग जाने की बात कही गई। हालांकि इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। यदि ऐसा कोई बयान वास्तव में दिया गया है तो इसकी भी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। आखिर सरकारी धन के मामले में किसी कर्मचारी को जांच और कार्रवाई से बेखौफ होने का भरोसा कहां से मिल रहा है? मामले में सबसे अहम यह है कि 8,10,146 रुपये की धनराशि जिन मदों में खर्च दिखाई गई है, उसका मौके पर भौतिक सत्यापन कराया जाए। हैंडपंपों की वास्तविक स्थिति, स्ट्रीट लाइटों की संख्या व स्थापना, स्वच्छता सामग्री की खरीद एवं वितरण और प्रशासनिक मद में हुए खर्च का दस्तावेजी मिलान किया जाए। साथ ही भुगतान से जुड़े प्रत्येक बिल और वाउचर की जांच हो तो कथित वित्तीय अनियमितता की पूरी तस्वीर सामने आ सकती है।

# वरिष्ठ सपा नेता मो. इद्रीश राईनी की कलाई पर बहनों ने बांधी राखी



**बांसी, सिद्धार्थनगर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास की खूबसूरत तस्वीर सामने आई। नगर पालिका परिषद बांसी के पूर्व अध्यक्ष एवं मौजूदा अध्यक्ष प्रतिनिधि तथा समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इद्रीश राईनी उर्फ "पटवारी" की मुंहबोली बहनों रीता मौर्य एवं अनुराधा मौर्य ने उन्हें राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और मजबूत किया। मुहल्ला अशोक नगर, बांसी निवासी रीता मौर्य एवं अनुराधा मौर्य ने रक्षाबंधन के अवसर पर मोहम्मद इद्रीश राईनी की कलाई पर राखी बांधी और भाई की लंबी उम्र एवं सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं, इद्रीश राईनी ने भी बहनों को उपहार देकर उनके स्नेह का सम्मान किया और सदैव उनकी रक्षा एवं सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर मोहम्मद इद्रीश राईनी उर्फ "पटवारी" ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षाबंधन के पावन पर्व पर उनके बेहद करीबी काका स्वर्गीय राम गति मौर्य, जो पूर्व वरिष्ठ सभासद रहे हैं, की बेटियों रीता मौर्य और अनुराधा मौर्य से राखी बंधवाने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि यह रिश्ता केवल राखी तक सीमित नहीं, बल्कि वर्षों से चले आ रहे आपसी स्नेह, विश्वास और पारिवारिक आत्मीयता का प्रतीक है। रक्षाबंधन के इस अवसर पर भाई-बहन के स्नेह और आत्मीयता का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में सुधीर मौर्य एवं कैफ खान भी मौजूद रहे।

# सीमा जागरण मंच के नये जिलाध्यक्ष बने आशुतोष चौधरी

जिला संवाददाता



**श्रावस्ती।** केशव कुंज भवन, संघ कार्यालय भिनगा में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में सीमा जागरण मंच के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष के रूप में आशुतोष चौधरी को नई जिम्मेदारी सौंपे जाने की घोषणा की गई। उनके दायित्व की घोषणा होते ही उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी। बैठक में सीमा जागरण मंच के क्षेत्र संगठन मंत्री सत्यदेव प्रांत संगठन मंत्री अमरनाथ प्रांत उपाध्यक्ष बृजेश पाठक तथा जिला उपाध्यक्ष कमला चौधरी सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सीमा जागरण मंच के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में राष्ट्रहित, सामाजिक जागरूकता, सुरक्षा एवं जनसेवा के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में सीमा जागरण मंच की महत्वपूर्ण भूमिका है। संगठन के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बीच राष्ट्रभावना, सामाजिक समरसता और जागरूकता को मजबूत करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष आशुतोष चौधरी को नई जिम्मेदारी मिलने पर पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन जिले में और अधिक सशक्त एवं सक्रिय होगा। सभी ने उनके सफल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि वे संगठन के उद्देश्यों और राष्ट्रसेवा के संकल्प को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाएंगे।

आशुतोष चौधरी का यह नवीन दायित्व राष्ट्र, समाज एवं सीमावर्ती क्षेत्रों की सेवा के संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। बैठक का वातावरण संगठनात्मक उत्साह और राष्ट्रसेवा की भावना से ओतप्रोत रहा।

# पथरा बाजार पुलिस की पहल: रमवापुर में बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित




पथरा बाजार सिद्धार्थनगर। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर थानाध्यक्ष पथरा बाजार ओम प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। इसी क्रम में रविवार को मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत थाना पथरा बाजार की मिशन शक्ति टीम ने ग्राम रमवापुर में बहू-बेटी सम्मेलन एवं जागरूकता चौपाल आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध तथा उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम में महिलाओं को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा कानूनों और मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देकर पात्र महिलाओं को लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

थानाध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्र के निर्देशन में टीम ने एंटी रोमियो अभियान एवं साइबर सुरक्षा को लेकर भी महिलाओं-बालिकाओं को सजग किया। इस दौरान पुलिस हेल्पलाइन 112, 1090, 1076, 1930, 1098, 181 सहित विभिन्न आपातकालीन सेवाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। महिलाओं से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न अथवा साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल पुलिस की मदद लें। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस अभियान में उपनिरीक्षक मलखा प्रसाद, कांस्टेबल सुदामा यादव एवं महिला आरक्षी सोनी यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पथरा बाजार पुलिस की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश मिला।

# राहुल पाठक ने बच्चों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ



जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** जनपद में इन दिनों बुखार, त्वचा संक्रमण, सर्दी-जुकाम सहित विभिन्न मौसमी बीमारियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए रेडक्रास श्रावस्ती ने जागरूकता अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में रेडक्रास की प्रबंध समिति के सदस्य राहुल पाठक ने जोगा गांव पहुंचकर बच्चों को साबुन वितरित किया और उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान राहुल पाठक ने बच्चों को नियमित रूप से हाथ धोने, साफ-सफाई रखने और त्वचा संबंधी संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों में सीखने और नई बातों को अपनाने की क्षमता अधिक होती है। इसलिए बच्चों के माध्यम से परिवार और समाज तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। रेडक्रास के सचिव अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि वर्तमान समय में अस्पतालों में बुखार, त्वचा रोग और सर्दी-जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इसे देखते हुए रेडक्रास अपने उपलब्ध संसाधनों से लोगों को जागरूक करने का अभियान चला रही है। अभियान के तहत बच्चों को साबुन वितरित कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि रेडक्रास श्रावस्ती अब प्रत्येक माह स्वास्थ्य शिविर और नेत्र परीक्षण शिविर भी आयोजित करेगी। वहीं स्वाइन फ्लू के संभावित खतरे को देखते हुए बड़े स्तर पर मास्क वितरण की भी तैयारी की जा रही है।

राहुल पाठक ने बताया कि रेडक्रास के सभी सदस्य इस सप्ताह विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि रेडक्रास श्रावस्ती किसी भी संकट के आने के बाद ही नहीं, बल्कि समस्या की आशंका होते ही उसके समाधान और बचाव के लिए प्रयास शुरू करने में विश्वास रखती है।

# जन्माष्टमी को लेकर पुलिस-एसएसबी ने किया फ्लैग मार्च



शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। एएसपी प्रशांत कु0 प्रसाद के नेतृत्व में आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व एवं जनपद में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ कर दिया है। रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद एवं क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के कस्बा कोटिया में फ्लैग मार्च एवं पैदल गश्त किया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस एवं एसएसबी जवानों ने प्रमुख मार्गों, बाजारों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए आगामी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की। साथ ही कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का संदेश दिया गया। पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम के फ्लैग मार्च से क्षेत्र में सुरक्षा का एहसास मजबूत हुआ। इस दौरान चौकी प्रभारी कोटिया सहित एसएसबी के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सरकारी आवास में फंदे से लटका मिला थाना प्रभारी का शव

बस्ती। वाल्टरगंज थाना प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह (57) का शव शनिवार को कलक्ट्रेट परिसर के पास स्थित उनके सरकारी आवास के कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) संजीव त्यागी, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया। बस्ती रेंज के डीआईजी संजीव त्यागी ने बताया कि थाना प्रभारी का शव उनके कमरे में पंखे से लटका मिला। सूर्य प्रकाश सिंह दोपहर करीब एक बजे अपने सहयोगियों के साथ आवास पर पहुंचे थे और उनके साथ आए कर्मचारी सिविल लाइंस पुलिस चौकी पर रुक गए थे। डीआईजी के अनुसार, शाम को जब उनके सहयोगी बलराम गौड़ कमरे में पहुंचे तो उन्होंने सूर्य प्रकाश सिंह का शव फंदे से लटका पाया। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ और प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि मौत से पहले उनके निजी मोबाइल नंबर पर लगाए गए अंतिम व्हाट्सएप स्टेटस में लिखा था कि धन आवश्यक है, लेकिन शांति और प्रेम से अधिक महत्वपूर्ण नहीं है। आजमगढ़ जिले के मूल निवासी सूर्य प्रकाश सिंह के परिवार में पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा है। सूर्य प्रकाश सिंह वर्ष 1991 में हेड कांस्टेबल के पद पर पुलिस सेवा में शामिल हुए थे और 2014-15 में उपनिरीक्षक बने थे। पुलिस ने उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कार की टक्कर से ई-रिक्शा, चालक की मौत

## ई-रिक्शा सवार पांच यात्री हुए घायल, रेफर



**प्रतापगढ़।** कार की जोरदार टक्कर से ई-रिक्शा चालक की दर्दनाक मौत हो गयी। वहीं दुर्घटना में ई-रिक्षा पर सवार पांच सवारियों को भी गम्भीर चोटें आईं है। दुर्घटना करने वाली कार भी खड्ड में जा गिरी हालाकि कार में सवार लोग ई-रिक्शा चालक की मौत देखकर फरार हो गए। पुलिस ने ट्रामा सेंटर में षव कब्जे में लेते हुए देर शाम पीएम के लिए भेजवाया। लालगंज कोतवाली के अझारा निवासी रमाकान्त मिश्रा (53) पुत्र रामअभिलाख मिश्रा अपना ई-रिक्शा का लेकर रानीगंज कैथौला से सवारी बैठाकर रविवार को षाम चार बजे लालगंज आ रहा था। नेषनल हाईवे रायबरेली प्रतापगढ़ पर रायपुर तियांई के पास लखनऊ जा रही तेज रफतार की कार अनियंत्रित हो गयी। कार ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मारते हुए खड्ड में जा गिरी। ई-रिक्शा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर खड्ड में पलट गया। दुर्घटना में सिर में गम्भीर चोटें आने के कारण ई-रिक्षा चालक रमाकान्त की मौत हो गयी। हालाकि उसे ट्रामा सेंटर पहुंचवाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसकी मौत की पुश्टि की। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस दुर्घटना स्थल पहुंची और दोनों वाहनों को कब्जे में लिया। इधर ट्रामा सेंटर की सूचना पर पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर देर षाम पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। दुर्घटना में ई-रिक्शा पर सवार लालगंज कोतवाली के नया का पुरवा निवासी संगीता (40) पत्नी उमेष प्रजापति, आदित्य प्रजापति (08) पुत्र उमेष प्रजापति, सांगीपुर थाना के डभियार निवासी रानी देवी सरोज (39), इसी गांव के ऋशभ सरोज पुत्र भरत लाल (08), आयुषी (13) पुत्री भरतलाल को गम्भीर चोटें आ गयी। इनमें से चार घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दुर्घटना में रमाकान्त की मौत की जानकारी मिलते ही अझारा वार्ड के ग्रामीणों के साथ परिजन रोते बिलखते पहुंचे। हालाकि मृतक की पत्नी षोभा मिश्रा अपने बड़े बेटे के साथ लखनऊ राखी बंधवाने गयी थी। मृतक अपने पीछे पुत्र रवि मिश्रा (16) तथा राज मिश्रा (13) व बेटी मानसी (22) को निराश्रित छोड़ गया है। ट्रामा सेंटर में चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोश द्विवेदी, सांसद प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाष षुक्ल, देवानन्द मिश्र, प्रियम मिश्रा, श्रीष पांडेय, झुन्ना तिवारी, रामकृश्ण मिश्रा, कुलदीप तिवारी, नितिन मिश्रा, प्रभाकर मिश्रा, श्रवण कुमार मिश्र, राजू, आलोक, अंजनी, वीरेन्द्र मिश्रा आदि पहुंचे षोक संतृप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

रविवार को हुई दुर्घटना में नियति को भी लोग कोसते दिखे। जन्म देने वाला पिता बेटे के जन्मदिन पर ही काल का शिकार हो गया। मृतक रमाकान्त के बड़े बेटे रवि का जन्मदिन भी दुर्घटना के दिन ही था। घर में बेटे के जन्मदिन को लेकर शाम को हंसी खुषी के साथ तैयारियां भी चल रही थी। निश्ठुर काल ने लाडले के जन्मदिन पर ही उसके सिर से पिता का साया उठा लिया। घर की महिलाएं फफक-फफक कर इस बात पर भी रोती बिलखती दिखी।

# घर में मिले बुजुर्ग दंपति के शव

झांसी। जिले के सीपरी बाजार इलाके में रहने वाले बुजुर्ग दंपति के शव शनिवार रात संदिग्ध परिस्थिति में उनके घर से बरामद किये गये। दंपति अपने परिवार से अलग मकान में रहते थे। पुलिस अधीक्षक नगर प्रीति सिंह ने बताया कि मसीहा गंज क्षेत्र निवासी जसपाल नामक व्यक्ति ने शनिवार देर शाम पुलिस को सूचना दी कि पास के एक अलग मकान में रहने वाले उनके माता-पिता मृत अवस्था में पड़े हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने 70 वर्षीय विश्वनाथ और उनकी 65 वर्षीय पत्नी भुवन देवी के शव को बरामद किया। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि दोनों की मौत करीब चार-पांच दिन पहले हुई होगी। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की और इसके बाद दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बागपत में गैंगस्टर धर्मेन्द्र की 3.5 करोड़ की जमीन कुर्क

बागपत। थाना रमाला व छपरौली पुलिस ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर अपराध माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। प्रदेश स्तर पर चिन्हित माफिया आइडी-03 गैंग के लीडर हिस्ट्रीशीटर धर्मेन्द्र की 8130 वर्ग मीटर जमीन को गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कुर्क कर दिया गया। कुर्क संपत्ति की बाजार कीमत लगभग 3 करोड़ 50 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बताया, आरोपी धर्मेन्द्र पुत्र रामपाल, निवासी किरठल पट्टी बिजलान थाना रमाला है, जो वर्तमान में वार्ड नं0 12 विनोद विहार कॉलोनी ऋषिकेश, देहरादून में रह रहा था।

संक्षेप

## जहरीला कीड़ा काटने से युवक की मौत

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के गांव पोखरी में जहरीला कीड़ा काटने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। दो दिन पहले युवक अपनी ननिहाल से गांव आया था। थाना क्षेत्र के पोखरी निवासी विनोद कुमार पासी का 17 वर्षीय बेटा हिमांशु उर्फ कल्लू रविवार सुबह पिता के साथ खेत में घुइयां खोदने गया था। देर शाम बोरी घुइयां खोदने के बाद पिता विनोद घुइयां रखने घर चला आया और हिमांशु अकेले खेत में घुइयां खोद रहा था। घुइयां खोदते समय खेत में पानी के अंदर पैर में किसी जहरीले कीड़े काटने से उसे चक्कर आ गया। पिता जब खेत पहुंचे तो बेटे को विक्षिप्त देख आनन फानन परिजनों की मदद से पीएचसी सुमेरपुर ले गये। जहाँ डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक दो भाइयों में छोटा था। जो अपनी ननिहाल रायबरेली जनपद के थाना खीरो के गांव भितरी मे रह कर जेसीबी चलाने का काम सीख रहा था। रक्षाबंधन के पर्व पर अपने घर आया था। बड़े भाई दीपांशु व बहन नेहा सहित मां कमला देवी रो रो कर बेहाल। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

## छात्रा ने फंदे पर लटककर जान दी

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के गांव भारद्वाजपुर में शनिवार को 15 वर्षीय हाईस्कूल की छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतका की पहचान भावना पुत्री यदुनाथ सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार शनिवार सुबह भावना ने घर के अन्य सदस्यों की तरह सामान्य रूप से खाना खाया था। उस समय वह किसी तरह की परेशानी में नजर नहीं आ रही थी। परिवार के लोग मकान की छत पर बने कमरे में थे। इसी दौरान भावना नीचे अपने कमरे में चली गई।

काफी देर बाद जब परिवार के सदस्य नीचे आए तो भावना कमरे में फंदे पर लटकी मिली। यह दृश्य देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में उसे फंदे से नीचे उतारकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां चिकित्सक डॉ. विकास अग्निहोत्री ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि भावना नगर में स्थित एक स्कूल में हाईस्कूल की छात्रा थी। परिवार में उसका एक बड़ा भाई 17 वर्षीय कुलदीप और एक छोटी बहन है। मृतका के पिता यदुनाथ सिंह मुर्गी फार्म संचालित करते हैं और खेती भी करते हैं। वह दिव्यांग भी बताए गए हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## मंगल महोत्सव 12 से 24 सितम्बर तक मनाया जायेगा

भरथना, इटावा। बुढ़वा मंगल के पावन पर्व के उपलक्ष्य में शक्तिपीठ श्री बालरूप हनुमान जी महाराज हनुमान गढ़ी छोला मन्दिर पर 13 दिवसीय 45वाँ मंगल महोत्सव 12 से 24 सितम्बर तक मनाया जायेगा। जिसमें विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न होगें। उक्त आशय की जानकारी मन्दिर प्रबन्धक राजू चौहान, राजेश चौहान, अध्यक्ष रूपकिशोर गुप्ता रूपे, मंत्री दीपू दीक्षित, कोषाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि बुढवा मंगल के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले 45वें मंगल महोत्सव के दौरान आगामी 12 सितम्बर से सत्यानारायण व्रतकथा के साथ मन्दिर प्रांगण में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारम्भ होगा, तदुपरान्त रामचरित मानस अखण्ड पाठ, मारूति महायज्ञ के साथ ही 14 सितम्बर से 23 सितम्बर तक श्रीकृष्णलीला दर्शन, 15 सितम्बर से 21 सितम्बर तक श्रीमद् भागवत कथा व प्रवचन तथा 19 सितम्बर को रात्रि विशाल जबाबी कीर्तन होगें। वहीं 22 सितम्बर बुढवा मंगल महोत्सव पर प्रातः श्री बालरूप हनुमान जी महाराज का भव्य श्रृंगार, पूजन के साथ ही 108 हनुमान चालीसा पाठ, सुन्दरकाण्ड पाठ तथा मेला आदि का आयोजन किया जायेगा। साथ ही 22 से 24 सितम्बर तक मेला का आयोजन होगा तथा 24 सितम्बर को विशाल धनुष यज्ञ सम्पन्न होगा।

# कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

## सरयू अमृत महोत्सव 2026



जिला संवाददाता

गोला/बनवारपार, गोरखपुर। सरयू महोत्सव 2026 के तहत रविवार को नगर पंचायत गोला स्थित वीएसएवी इंटर कॉलेज के सामने अतरौरा खेल मैदान में पूर्व मंत्री स्व. मार्कण्डेय चंद की स्मृति में पुरुष कबड्डी तथा पूर्व विधायक स्व. यशोदा देवी की स्मृति में महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लेकर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले में महिला वर्ग में एनआईसी बड़हलगंज विजेता व पुरुष वर्ग में ग्रामीण मिनी स्टेडियम बड़हलगंज ने बाजी मारी। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमएलसी सीपी चंद और चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने किया। इससे पहले मुख्य अतिथि श्री चंद और विधायक श्री त्रिपाठी ने पूर्व मंत्री व विधायक स्व. मार्कण्डेय चंद तथा पूर्व विधायक स्व. यशोदा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद फीता काटकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और प्रतियोगिता की शुरूआत कराई। प्रतियोगिता में बालक वर्ग की 10 और बालिका वर्ग की चार टीमों ने हिस्सा लिया। बालक वर्ग में आनंद विद्यापीठ ककरही, वीएसएवी इंटर कॉलेज गोला, गांधी इंटर कॉलेज महुआपार, नेशनल इंटर कॉलेज बड़हलगंज, एसपी एकेडमी गोपालपुर समेत अन्य विद्यालयों की टीमें शामिल रहीं। बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला ग्रामीण मिनी स्टेडियम बड़हलगंज और एसपी एकेडमी बड़हलगंज के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में ग्रामीण मिनी स्टेडियम बड़हलगंज की टीम विजेता रही, जबकि एसपी एकेडमी बड़हलगंज उपविजेता रही। वहीं बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला एनआईसी बड़हलगंज और एसपी एकेडमी बड़हलगंज के बीच हुआ, जिसमें एनआईसी बड़हलगंज की टीम विजेता रही। मुख्य अतिथि एमएलसी सीपी चंद ने कहा कि आज मोबाइल और सामाजिक माध्यम युवाओं का काफी समय ले रहे हैं। युवाओं को सामाजिक माध्यमों की दुनिया से निकलकर खेल के मैदान में आना चाहिए। खेल शरीर को स्वस्थ रखने के साथ ही अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करता है। उन्होंने युवाओं से स्वयं खेलों से जुड़ने और दूसरों को भी खेल के लिए प्रेरित करने की अपील की। चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता के निर्णायक श्रीप्रकाश राय और संजीत कुमार रहे। युवा कल्याण विभाग की ओर से विप्लव गुप्ता, संजीव कुमार, यशवंत, श्रीप्रकाश राय और जितेंद्र यादव ने आयोजन में सहयोग किया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और विजेता टीमों को 12 अक्टूबर को सरयू महोत्सव के मुख्य आयोजन में पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा।

## खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सिखाती है स्वस्थ प्रतिस्पर्धा व अनुशासनः महेंद्रपाल

### पिपराइच के ग्राम रमवापुर में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित



चरगांवा, गोरखपुर। पिपराइच क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा रमवापुर में विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पिपराइच विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और खेल मैदान पर मौजूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और अनुशासन की भावना से जोड़ती हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान साथ में ब्लॉक प्रमुख जनार्दन जायसवाल, पूर्व प्रधान रमाकांत सिंह, चंद्रिका सिंह, लाल बचन गिरी, राणा प्रताप सिंह, मनमोहन सिंह, रामानंद यादव, नरेन्द्र सिंह, दयाशंकर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, खेलप्रेमी एवं क्षेत्र के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## समाजवाद के सजग प्रहरी थे इंद्रदेव यादव : विनय शंकर

● पुण्यतिथि पर महिलाओं के बीच साड़ी तथा समाजवादी साथियों को अंगवस्त्र वितरित

गोला, गोरखपुर। विषम परीस्थितियों में भी जिसने समाजवाद के झंडे को बुलंद करने का काम किया ऐसे शख्स का नाम इंद्रदेव यादव था। जिन्होंने टूटी साइकिल से गांव-गांव घूमकर लोगो के दिलों में लोहिया के विचाधारा को भरने एवं जगाने का काम किया। ऐसे व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति को उनके पुण्यतिथि पर हम नमन करते है। उक्त बातें चिल्लूपार के पूर्व विधायक विनय शकर तिवारी ने कही। वे समाजवादी नेता रहे स्व इंद्रदेव यादव की 10वीं पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव चिलवां में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि समेत अन्य अतिथियों क्षेत्र की गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी तथा समाजवादी साथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा श्रद्धांजलि कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि के रूप में सपा के प्रदेश सचिव अवधेश यादव, जिला उपाध्यक्ष मिर्जा कदीर बेग, अजय कन्नौजिया व राजेश कुमार भारती, बांसगांव विधान सभा अध्यक्ष रामनिरंजन यादव ने संबोधित किया।

अंत मे कार्यक्रम के आयोजक एवं सपा के विधान सभा उपाध्यक्ष



तथा स्व.इंद्रदेव यादव के पुत्र अरुण यादव और अखिलेश यादव ने कार्यक्रम में आये हुये सभी समाजवादियों के प्रति कृतज्ञता एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाज सेवी दुर्गेश मदन यादव, रविन्द्र यादव, रमाशंकर यादव, रामप्रसाद शर्मा, भोला यादव, श्रीकांत यादव अमरजीत यादव, पूर्व प्रमुख छोटेलाल यादव, विशाल सिंह रावत, पूर्व प्रधान चिलवां बैजनाथ यादव, देव कुमार, पवन यादव, पूर्व प्रधान झरकटा राजेश यादव, अमरनाथ, छोटेलाल, प्रदीप, प्रमोद, मुन्ना, राकेश, हीरालाल कन्नौजिया, सुभाष गौंड आदि लोग उपस्थित रहे।

## एक माह से बड़ी रेतवाहिया जंगल धूसड़ में जल आपूर्ति बाधित

चरगांवा, गोरखपुर। जल जीवन मिशन भारत सरकार की एक महत्त्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के हर घर में नल से सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल पहुंचाना है। भारत सरकार के जल जीवन मिशन के इस उद्देश्य को तार तार कर रही गोरखपुर जनपद के चरगांवा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत जंगल धूसर में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जल निगम के द्वारा सुरक्षित, और पर्याप्त जल आपूर्ति के लिए बनी पानी टंकी की बदहाल जल आपूर्ति व्यवस्था, जहां लगभग एक माह से जल आपूर्ति बाधित है, जल आपूर्ति न होने से ग्रामीणों में आक्रोश है।

बताते चलें कि, ग्राम पंचायत जंगल धूसर चरगांवा विकास खण्ड का सबसे बड़ा क्लस्टर है, इस ग्राम पंचायत के बड़ी रेतवाहिया स्थित पानी के टंकी से बड़ी रेतवाहिया सहित, छोटी रेतवहिया, हसनगंज, महुआ चापी, धोधडा व मंझरिया, करहिया व नैका टोला के निवासियों के घर लगे नल के माध्यम से जल आपूर्ति होती रही है।

इस बाबत ग्राम पंचायत जंगल धूसर के ग्राम प्रधान राजेंद्र निषाद का कहना हैं, कि मेरे जल निगम द्वारा लगे पानी के टंकी से जल आपूर्ति की बाधित है कि सूचना जल निगम के अधिशासी अभियंता को कुछ दिन पूर्व दी गई थी इसके बावजूद भी जल आपूर्ति व्यवस्था बहाल नहीं हुई है।

इस बाबत जल निगम के अधिशासी अभियंता अखिल आनंद का कहना हैं कि, प्रकरण संज्ञान में आया है, अवर अभियंता से वार्ता कर जल आपूर्ति व्यवस्था बाधित होने के कारणों की जानकारी लेकर यथाशीघ्र जल आपूर्ति व्यवस्था बहाल करा दिया जायेगा।

## चैंपियन बना मिल्खा सिंह हाउस

सैफई, इटावा। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं का रविवार को फुटबॉल फाइनल और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हो गया। फुटबॉल के रोमांचक फाइनल में मिल्खा सिंह हाउस ने मोहम्मद शाहिद हाउस को शूटआउट में हराकर खिताब जीता। एसडीएम सैफई सिद्धार्थ चौधरी ने विभिन्न खेलों के विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

फुटबॉल फाइनल में मिल्खा सिंह हाउस और मोहम्मद शाहिद हाउस की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। निर्धारित समय तक चले मुकाबले के बाद विजेता का फैसला शूट आउट से हुआ।

## पुण्यतिथि पर याद किए गये पूर्व सांसद बाबू दर्शन सिंह यादव

इटावा। पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं केंद्रीय समाज सेवा समिति के संस्थापक बाबू दर्शन सिंह यादव की आठवीं पुण्यतिथि पर रविवार को एनएच-2 स्थित संचेतना कॉलेज में यज्ञ एवं श्रद्धांजलि सभा हुई। परिवारजन व क्षेत्रवासियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके बताए सामाजिक सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। वर्ष 2012 से 2018 तक राज्यसभा सदस्य रहे बाबू दर्शन सिंह यादव का निधन 30 अगस्त 2018 को हुआ था। यज्ञ में बाबू दर्शन सिंह यादव के बड़े पुत्र नागेंद्र प्रताप सिंह यादव ने मुख्य आहुति दी। छोटे पुत्र अनुज यादव, केंद्रीय समाज सेवा समिति के अध्यक्ष नीरज यादव, उनके भाई पूर्व विधायक सोबरन सिंह यादव व कुमुदेश चंद्र यादव मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया पर छाया उन्नाव का रामपुर गढ़ौवा विद्यालय

### मिड-डे मील की तस्वीरों को मिली प्रदेश स्तर पर पहचान

उन्नाव (वीओएल)। प्रधानमंत्री पोषण योजना कार्यालय एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से संचालित आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उन्नाव के औरास विकासखंड स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा की मध्याह्न भोजन योजना से संबंधित चार तस्वीरें साझा की गई हैं। विद्यालय की इन तस्वीरों को ट्विटर (एक्स), इंस्टाग्राम सहित उत्तर प्रदेश सरकार के आधिकारिक पेजों पर स्थान मिलने से विद्यालय परिवार में





खुशी का माहौल है। प्रदेश सरकार के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विद्यालय की तस्वीरें साझा होना विद्यालय के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है। इससे न केवल विद्यालय की गतिविधियों को प्रदेश स्तर पर पहचान मिली, बल्कि विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का उत्साह भी बढ़ा है। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को उन्नाव के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए प्रधानमंत्री पोषण योजना एवं उत्तर प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। अधिकारियों एवं अभिभावकों ने उम्मीद जताई कि इस तरह की सकारात्मक पहल से सरकारी विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक एवं पोषण व्यवस्था के लिए किए जा रहे प्रयासों को और प्रोत्साहन मिलेगा। इधर उक्त विद्यालय में तैनात शिक्षक प्रदीप वर्मा ने भी अपने सोशल एकाउण्ट पर जानकारी साझा करते हुए हर्ष जताया।

## बाबू भगवती चरण वर्मा की 123वीं जयंती पर साहित्यिक रंग में रंगा सफीपुर

### विचार गोष्ठी व कवि सम्मेलन में साहित्य, पत्रकारिता और सामाजिक सरोकारों पर हुआ मंथन



सफीपुर उन्नाव (वीओएल)। हिंदी साहित्य की धरोहर सफीपुर की माटी में जन्मे पद्मविभूषित साहित्यकार बाबू भगवती चरण वर्मा की 123वीं जयंती पर आज अर्चना परिषद के तत्वावधान में उनकी स्मृति में स्थापित बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में विचार गोष्ठी एवं कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकारों, पत्रकारों और साहित्यप्रेमियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। वहीं उनके साहित्यिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्चना परिषद के दिवाकर द्विवेदी पूर्व प्रवक्ता ने की। अर्चना परिषद के अध्यक्ष एवं चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई हज़ारा बेटाह ने मां सरस्वती एवं बाबू भगवती चरण वर्मा की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कवि विनय विप्र ने मां सरस्वती की वंदना से काव्यपाठ की शुरूआत की। कवि शिवमूर्ति तिवारी ने बाबू भगवती चरण वर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके पिता देवी चरण वर्मा पेशे से अधिवक्ता थे। जो कानपुर के पटकापुर में रहते थे। बाद में परिवार सफीपुर आकर बस गया। जहां 30 अगस्त 1903 को बाबू भगवती चरण वर्मा का जन्म हुआ। उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद पत्रकारिता के क्षेत्र में कदम रखा। भगवती बाबू ने समाचार पत्र के संपादक के रूप में भी कार्य किया। इसके बाद साहित्य सृजन को अपना प्रमुख कर्म बनाते हुए उन्होंने हिंदी साहित्य को अनेक कालजयी रचनाएं दीं। कवयित्री डॉ. शशि रंजना ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया जिस पर पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कवि रियाज सफीपुरी ने अपनी शायरी से श्रोताओं में उत्साह भर दिया। कवि सागर उन्नावी, शिवम राज सरोज, उमाशंकर यादव, विश्वनाथ तिवारी, प्रमोद कुशवाहा, कवयित्री आकांक्षा गुप्ता और श्रद्धा पाण्डेय सहित अन्य रचनाकारों ने अपनी काव्य प्रस्तुतियों से साहित्यिक संध्या को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का संचालन रोहित विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर सौरभ बाजपेई हज़ारा बेटाह ने कवि गोष्ठी में शामिल रचनाकारों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस गरिमामई आयोजन में साहित्यकारों, कलमकारों और साहित्यप्रेमियों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान सेवा निवृत्त शिक्षक दिवाकर द्विवेदी, शिवबालक सिंह नगर पंचायत लिपिक होरीलाल आदि समेत बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी मौजूद रहे।

## डीसीएम बाइक की भिड़ंत में दो बहनों की मौत



इकदिल, इटावा। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर रविवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में रक्षाबंधन पर मायके आई विवाहिता और उसकी छोटी बहन की मौत हो गई, जबकि विवाहिता का पति और भाई घायल हो गए। छह माह के मासूम को मामूली चोटें आई हैं। तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर के बाद मोटरसाइकिल उसमें फंसकर करीब एक किलोमीटर दूर चांदनपुर ओवरब्रिज के नीचे जा गिरी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। ग्राम इटायली, थाना मौह, जनपद भिंड (मध्य प्रदेश) निवासी नीरज गोयल (30) रक्षाबंधन पर पत्नी निशा कुमारी (28) और छह माह के बेटे शिवांश के साथ इकदिल स्थित अपने ससुराल आए थे। निशा के पिता जनवेद की 14 जुलाई को कैंसर से मृत्यु हो गई थी। पर्व के बाद नीरज रविवार सुबह करीब चार बजे पत्नी, बेटे, साले आयुष गोयल (18) और साली आशी गोयल (19) के साथ मोटरसाइकिल से इटावा रेलवे स्टेशन जा रहे थे। सभी को सुबह पांच बजे ग्वालियर जाने वाली ट्रेन पकड़नी थी। बताया गया कि हाईवे पर गांव बीलमपुर मोड़ के सामने पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात डीसीएम ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक डीसीएम में फंस गई और वाहन उसे घसीटते हुए करीब एक किलोमीटर दूर चांदनपुर ओवरब्रिज के नीचे तक ले गया। इस दौरान सभी सवार सड़क पर जा गिरे। सुबह टहलने निकले युवकों ने दुर्घटना देखकर पुलिस की 112 सेवा को सूचना दी। जानकारी मिलते ही थाना इकदिल पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। वहां चिकित्सकों ने निशा और उसकी छोटी बहन आशी को मृत घोषित कर दिया। नीरज और आयुष का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। छह माह के शिवांश को मामूली चोटें आईं, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों के साथ घर भेज दिया गया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रक्षाबंधन की खुशियां मनाकर ससुराल लौट रही निशा की असमय मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मां गीता देवी, बहन तान्या और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना पुलिस फरार चालक और अज्ञात डीसीएम की तलाश में जुटी है।

## तीन दिवसीय प्रवास कार्यक्रम को लेकर इटावा पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव रामकृष्ण ओझा



इटावा। संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत ए.आई.सी.सी. ऑब्जर्वर राष्ट्रीय सचिव रामकृष्ण ओझा के साथ-साथ पी.सी.सी. ऑब्जर्वर प्रकाश प्रधान एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव कुलदीप वशिष्ठ दिल्ली से स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस द्वारा अपने तीन दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत इटावा पहुंचे। जहां इटावा रेलवे स्टेशन पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। उसके बाद सभी प्रेक्षक चाणक्य होटल पहुंचे जहां पर 10 से दोपहर 12:00 बजे तक 20 वार्ड कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारियों के साथ शहर कांग्रेस कमेटी की प्रथम संयुक्त बैठक आहूत की गई। जिसमें एआईसीसी ऑब्जर्वर रामकृष्ण ओझा ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के निर्देश पर समस्त उत्तर प्रदेश में जनपद स्तर पर नए अध्यक्षों के मनोनयन के लिए यह सारी प्रक्रियाएं जोर-शोर से जारी है। इसी के अंतर्गत दोपहर 12:30 से 2:30 बजे तक सभी प्रेक्षकों ने शेष 20 वार्ड कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारियों के साथ शहर कांग्रेस कमेटी की द्वितीय संयुक्त बैठक में भाग लिया। इसी क्रम में दोपहर 3:00 से 3:30 बजे तक ज़िला युवा कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादव, पूर्व ज़िला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, कोमल सिंह कुशवाहा, कुसुम लता उपाध्याय, कमला वर्मा, अंबुज त्रिपाठी, संजय दोहरे, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शोजाब रिजवी, सतीश नागर, प्रेम किशोर द्विवेदी, प्रेरणा जुबैरी, अवनीश वर्मा, हरेंद्र सिंह दिवाकर, जितेंद्र पाल, अमित तिवारी, यासमीन एवं शिवम चौहान सहित सैकड़ों की तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किसान की करंट लगने से मौत

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्राम मीरखपुर पुठिया में शनिवार रात खेत पर ट्यूबवेल बंद करने गए किसान की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिजन उन्हें गंभीर हालत में सैफई मेडीकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। उक्त गांव निवासी 51 वर्षीय रंजीत सिंह पुत्र शिवराज सिंह शनिवार रात करीब आठ बजे खेत में धान की फसल की सिंचाई करने के बाद ट्यूबवेल बंद करने पहुंचे थे। बताया गया कि ट्यूबवेल के पास लगे बिजली तार के संपर्क में आते ही वह तेज करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलसकर जमीन पर गिर पड़े। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजन आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए सैफई मेडीकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन करीब रात 10 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। किसान की अचानक मौत की खबर पहुंचते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटियां और एक बेटा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि रंजीत सिंह सरल और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी असमय मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## स्थानीय प्रतिभाओं को मिलेगा फिल्म इंडस्ट्री में आगे बढ़ने का मंच



इटावा। रविवार को एकलव्य सिने प्रोडक्शन एवं एडविज डिजिटल (सोशल मीडिया एजेंसी) के संयुक्त तत्वावधान में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान इटावा को लेकर एक नए प्रोजेक्ट के रूप में 'लैंड ऑफ सिनेमा' के रूप में विकसित करने की एक नई पहल की घोषणा की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि इटावा और आसपास के क्षेत्रों में मौजूद प्रतिभाशाली युवाओं को फिल्म एवं डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में एक बेहतर मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आने वाले समय में शॉर्ट फिल्म, डॉक्यूमेंट्री, माइक्रो वेब सीरीज और स्केच सहित कई तरह के प्रोजेक्ट्स का निर्माण किया जाएगा। इस अभियान की शुरुआत के तहत 20 सितंबर को एकलव्य शूटिंग अकादमी, फ्रेंड्स कॉलोनी, इटावा में ऑडिशन आयोजित किया जाएगा। इसमें फिल्म निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों के लिए प्रतिभाओं को तलाशा जाएगा। कार्यक्रम में एकलव्य सिने प्रोडक्शन के संस्थापक राहुल तोमर ने कहा कि इटावा में बहुत सारा हुनर मौजूद है। जरूरत है कि इस हुनर को एक मंच पर लाया जाए और उसे सही दिशा दी जाए। उन्होंने कहा कि अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे प्रतिभाशाली लोगों को जोड़कर बेहतर और गुणवत्तापूर्ण फिल्मों का निर्माण किया जाएगा और इसी प्रयास के माध्यम से इटावा को लैंड ऑफ सिनेमा के रूप में पहचान दिलाने की दिशा में काम किया जाएगा। वहीं लपेटे में नेता जी फेम कवि अवनीश त्रिपाठी, ने भी इस पहल को इटावा के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि शहर में मौजूद प्रतिभाओं को एक साथ जोड़कर ऐसा माहौल तैयार किया जाना चाहिए, जहां युवा अपनी रचनात्मकता को बड़े स्तर पर प्रदर्शित कर सकें। इस फिल्म निर्माण अभियान के तहत बनने वाली पहली डॉक्यूमेंट्री डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट एक्सपर्ट अवनीश दुबे के जीवन और उनके कार्यों पर आधारित होगी। एडवीज डिजिटल सोशल मीडिया एजेंसी के संस्थापक रजत यादव एवं अमन यादव ने बताया कि आज के डिजिटल दौर में फिल्मों और सोशल मीडिया कंटेंट के माध्यम से प्रतिभाओं को बड़ी ऑडियंस तक पहुंचाना पहले से कहीं आसान हुआ है। ऐसे में इटावा के युवाओं को अपने ही शहर में एक ऐसा प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने का प्रयास है, जहां वे सीखने के साथ-साथ वास्तविक प्रोजेक्ट्स पर काम कर सकें और अपनी पहचान बना सकें।

संक्षेप

## जीजा-साले की सड़क हादसे में मौत

सीतापुर। अटरिया थाना इलाके में रक्षाबंधन पर बहन के घर आए जीजा-साले के लिए शनिवार का दिन जिंदगी का आखिरी दिन बन गया। बहन की कलाई पर राखी बंधवाकर लखनऊ के लिए निकले दोनों की बाइक अटरिया कस्बे के पास एनएच-30 पर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए दोनों ने करीब 10 घंटे बाद लखनऊ के ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। रक्षाबंधन की खुशियां कुछ ही घंटों में मातम में बदल गईं। बनौगा निवासी दीपक यादव पुत्र रामपाल के घर उनके बहनोई कुलदीप यादव पुत्र मूलचंद निवासी जटहा, थाना सिधौली रक्षाबंधन मनाने आए थे। शनिवार शाम दोनों बाइक से लखनऊ के लिए रवाना हुए। अटरिया कस्बे के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पलट गई और दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर आसपास के लोगों ने पुलिस की मदद से दोनों को इटौंजा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें लेकर लखनऊ पहुंचे, लेकिन रविवार सुबह करीब छह बजे इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। जिस बहन के घर रक्षाबंधन की खुशियां मनाने जीजा आए थे, उसी घर से अब उनकी मौत की खबर पहुंची। कुछ घंटे पहले जहां राखी और खुशियों का माहौल था, वहां चीख-पुकार और मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## चोरों का आतंक, 12 घंटे में दो बाइक चोरी

सीतापुर। सदरपुर और महमूदाबाद क्षेत्र में बाइक चोरों ने पुलिस की गश्त व्यवस्था को चुनौती दे दी। महज 12 घंटे के भीतर दो स्थानों से बाइक चोरी होने से लोगों में दहशत है। दोनों वारदातें सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई हैं। शनिवार रात करीब आठ बजे सदरपुर के गोडैचा चैराहे पर बकहुआ निवासी अरविंद कुमार की बाइक दुकान के सामने से चोरी हो गई। वहीं रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे महमूदाबाद के ब्लॉक मार्ग स्थित निजी अस्पताल के सामने से इचैली निवासी नसरुद्दीन की बाइक चोर लेकर फरार हो गए। दोनों घटनाओं की सूचना पुलिस को दी गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी है।

## ग्रामीण पर बाघ का हमला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मैलानी वन रेंज की भरिगवां बीट क्षेत्र में रविवार शाम बकरी चरा रहे 60 वर्षीय जियन लाल पुत्र ज्ञान चैधरी पर झाड़ियों में छिपे बाघ ने हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घायल को एंबुलेंस से सीएचसी गोला पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय लखीमपुर रेफर कर दिया गया। मैलानी वन रेंज के दरोगा प्रदीप कुमार पांडे ने बताया कि घटनास्थल पर मिले पगचिह्नों से बाघ के हमले की पुष्टि हुई है। वन विभाग की टीम क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रही है। ग्रामीणों से अकेले खेतों और जंगल की ओर न जाने तथा समूह में जाने की अपील की गई है।

# सावन मेला सकुशल संपन्न कराने वाले कर्मवीर सम्मानित




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। लाखों कांवड़ियों और शिवभक्तों की भारी भीड़ के बीच छोटी काशी गोला में एक माह तक चले सावन मेले की व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में दिन-रात जुटे रहे कर्मवीरों का सम्मान किया गया। शिव मंदिर के समीप नीलकंठ मैदान में आयोजित समारोह में विधायक अमन गिरि और भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने पुलिसकर्मियों, राजस्व विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, स्वास्थ्यकर्मियों, सेवादारों और स्वयंसेवकों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया।

सावन माह में छोटी काशी में श्रद्धालुओं की लगातार भारी भीड़ उमड़ती रही। दूर-दराज से आने वाले कांवड़ियों के साथ बड़ी संख्या में शिवभक्तों की मौजूदगी के कारण सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं और मंदिर में सुगम दर्शन की व्यवस्था बड़ी चुनौती बनी रही। ऐसे में पुलिस प्रशासन के साथ राजस्व, स्वास्थ्य, नगर पालिका और मंदिर समिति की टीमें लगातार सक्रिय रहीं। महिला-पुरुष सेवादारों और स्वयंसेवकों ने भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मोर्चा संभाले रखा। मेले के दौरान कई सेवादार और स्वयंसेवक सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे रहे। किसी ने कतार व्यवस्थित कराई तो किसी ने रास्ता बताकर श्रद्धालुओं की मदद की। भीड़ बढ़ने पर लोगों को नियंत्रित करने से लेकर जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने में भी स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिसकर्मियों और विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भी लगातार ड्यूटी निभाई। इन्हीं सामूहिक प्रयासों का परिणाम रहा कि एक माह तक चलने वाला सावन मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अमन गिरि ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में सावन मेले की व्यवस्थाएं संभालना आसान काम नहीं था। मेले में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों और सेवादारों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्व निभाए। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवाभावी लोगों का सम्मान करते हुए उन्हें स्वयं गौरव की अनुभूति हो रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि समाज के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करने वालों का सम्मान करना किसी पूजा से कम नहीं है। सम्मान से सेवा में जुटे लोगों का उत्साह बढ़ता है और दूसरे लोगों को भी समाजसेवा के लिए प्रेरणा मिलती है। उन्होंने विधायक अमन गिरि और शिव मंदिर समिति की इस पहल की सराहना की। समारोह में तहसीलदार अरुण कुमार सहित राजस्व विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएचसी अधीक्षक मयंक मिश्रा, जितेंद्र कुमार सहित स्वास्थ्य टीम को सम्मान मिला। कोतवाल अम्बर सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक और नीलकंठ चौकी प्रभारी राकेश तिवारी की टीम को भी सम्मानित किया गया। समारोह में डॉ. यदुवेश मुरारी सक्सेना, कोतवाल अम्बर सिंह, भाजपा नेता अवधेश कुमार मिश्र और सरदार गुरजीत सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी के कारण सावन मेले को सकुशल संपन्न कराना बड़ी चुनौती थी। पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, नगर पालिका, मंदिर समिति और सेवादारों के सामूहिक प्रयासों से इस चुनौती को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री राजेश सिंह, अवधेश मिश्रा, अनुपम अवस्थी, शिव मंदिर अध्यक्ष जनार्दन गिरि, नरसिंह भारती, ज्ञानी सुखविंदर सिंह, ज्ञानी गुरजीत सिंह, भेख राम वर्मा, केके शुक्ला, धर्मेंद्र गिरि मोंटी, रामकुमार मौर्य, सभासद आनंद सोनी, कफील अहमद, एसपी सिंह, भोली गिरि, रियाजुद्दीन, जगमोहन वाल्मीकि, बलविंदर सिंह काके, सभासद हर्ष अवस्थी, सभासद राजेश वर्मा, आदि मौजूद रहे।

# खबर का असर इंजीनियर ने बंधे व नदी की स्थिति का किया निरीक्षण

तिकुनियां-खीरी। जसनगर में हो रहे कटान को रोकने के लिए सिंचाई विभाग जुट गया है, महकमे के उच्चाधिकारियों ने कटान का निरीक्षण कर मातहतों को उचित दिशा निर्देश दिए हैं। मोहाना नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। जसनगर में मोहाना नदी की



विनाशलीला जारी है, नदी बंधे के समानांतर बह रही हैं। जिससे बंधा और रेलवे ट्रैक को भी खतरा उत्पन्न हो गया है। खबरों के प्रकाशन के बाद से सिंचाई महकमा बंधे को बचाने को जुट गया है, बंधे की तरफ आ रही नदी की धारा को मोड़ने के लिए विभाग गैवियान व बोरियो में रोड़ा भरकर डाल रहा है। रविवार को लखनऊ से सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर प्रभाकर प्रसाद ने बंधे व नदी की स्थिति का निरीक्षण किया इस दौरान किसान सतविंदर सिंह उर्फ पाला, गुरुबख्श सिंह, हरविंदर सिंह, गुरनाम सिंह ने कहा कि विना बोल्डर के कुछ भी सम्भव नहीं है, बोरी में रोड़ा डालने से कटान रोकना संभव नही दिखता। प्रधान प्रगट सिंह और सुरेश तलवार ने लंबी ठोकर लगाकर धारा मोड़ने और मोहाना करनाली के संगम से काम शुरू करने की बात रखी। समस्याओ को सुनने के बाद विभाग के चीफ इंजीनियर प्रभाकर प्रसाद ने कहा कि अभी बोल्डर संभव नहीं है, अभी जो चल रहा है यही कार्य होगा लेकिन बरसात के बाद बोल्डर लगेगा और बंधे को किसी भी प्रकार की क्षति नही होने दी जाएगी। इधर नदी और बंधे के बीच बसा नया पिंड गांव टापू बना हुआ है, गांव से बंधे तक आने के लिए लोग नाव का सहारा ले रहे हैं। गांव निवासी गुरदीप सिंह का मकान नदी में कट गया है। यहा के पीड़ित ऊंचे स्थान पर घर के लिए जगह देने की मांग कर रहे है।

## देश के उत्थान के लिए हर वक्त काम करते हैं पीएम मोदीः अचिन मेहरोत्रा



सीतापुर। भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने रविवार को सीतापुर विधानसभा के नगर प्रथम मंडल के तामसेनगंज बूथ संख्या 243 पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यमन की बात कार्यक्रम की 137वीं कड़ी सुनी। अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री हर वक्त देश के उत्थान और समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्त बनाने के लिए काम करते हैं। मन की बात में प्रधानमंत्री ने युवाओं, महिलाओं, किसानों और स्वच्छता कर्मियों के प्रयासों की सराहना करते हुए विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने नशामुक्त भारत अभियान, स्वच्छता, महिला सशक्तीकरण, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और युवाओं को अनुसंधान एवं नवाचार से जोड़ने पर जोर दिया। साथ ही हर घर तिरंगा अभियान और देशभर में बदलाव ला रहे लोगों के प्रयासों का उल्लेख किया। इस दौरान उत्तम पांडेय, अमन सिंह, अनमोल पाल, सुबोध मिश्रा, विपिन राठौर, अनुराग महेंद्र, कुनाल समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मेजर ध्यानचंद की जयंती पर पूर्व हॉकी खिलाड़ियों का सम्मान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद सभागार में आयोजित गोष्ठी में नगर की हॉकी को समृद्ध करने वाले पूर्व खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने खिलाड़ियों को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंट कर उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम की शुरूआत मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई।

पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने अपनी अद्भुत प्रतिभा और खेल कौशल से भारतीय हॉकी को विश्व में पहचान दिलाई। उनका जीवन खिलाड़ियों और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए समाज और संस्थाओं को मिलकर प्रयास करने की जरूरत है। एसजीएफआई के हॉकी चयनकर्ता विश्वनाथ सिंह ने मेजर ध्यानचंद के खेल जीवन और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। पूर्व हॉकी खिलाड़ी राजेश गिरि एडवोकेट ने उनके संघर्ष और हॉकी के प्रति समर्पण की चर्चा की। भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार ने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने अपने खेल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान नियामत उल्ला, विश्वनाथ सिंह, राममूर्ति शुक्ल, राजेश गिरि एडवोकेट, ईश्वरचंद्र तिवारी, डॉ. सूर्यप्रकाश वर्मा, लक्ष्मीचंद्र गुप्ता, श्याममूर्ति शुक्ल, प्रवेश कुमार, अख्तर अली और इसरार उल्ला खां को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है। जरूरत उन्हें बेहतर प्रशिक्षण, संसाधन और अवसर उपलब्ध कराने की है। नियमित खेल गतिविधियों से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित होती है। इस अवसर पर गोष्ठी के संयोजक श्याममूर्ति शुक्ल सभासद आशीष अवस्थी, आनंद किशोर गिरि, रामचंद्र राठौर, खेल शिक्षक गोपाल सक्सेना, गुंजन मिश्रा, संदीप शुक्ला, शिव कुमार, सागर, शशिकांत, अक्षय, असद अंसारी, तोसीन अहमद, दिव्यांशु मौर्य, प्रशांत सिंह, विशाल शर्मा, राजकुमार बाथम, अतुल कुमार गुप्ता, नगर मंत्री राजेश जोशी, नगर महामंत्री धीरज बाजपेई, धनन्जय सिंह, यशपाल सिंह, महफूज अली, महेश कुमार, कदीर अहमद, वीरेंद्र भारद्वाज सहित खेलप्रेमी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार




मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव शंकरपुर राजा में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए बहू और दो गैर जनपद के आरोपियों को गिरफ्तार कर माल बरामद कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार शंकरपुर राजा निवासी विजय प्रताप के घर डेढ़ महीने पूर्व चोरी हो गई थी जिसमें 16 जुलाई को अज्ञात चोरों द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया था। सीओ अरुण कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एस आई रामचंद्र, हेड कां सुनील, आरक्षी अमर कौशिक, जगदीप, शिवम शर्मा, देवव्रत और महिला आरक्षी आकांक्षा प्रजापति की टीम में मोबाइल का सीडीआर निकाल कर चोरों तक पहुंच गए रविवार को बहू सुनीति सिंह उर्फ शिवानी पत्नी मोहित निवासी नगरिया नियामपुर गढिया रंगीन अपने प्रेमी विकल्प निवासी गढिया रंगीन और उसके दोस्त दीपू सिंह निवासी रपड़िया नवादा थाना गढ़िया रंगीन जिला शाहजहांपुर को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ में सारा राज उगल दिया जिनके कब्जे से चोरी हुए दो सोने के हार, चैन अंगूठी पायल कीमत लगभग 8 लाख रुपया को बरामद कर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेजा गया है। सीओ अरुण कुमार सिंह ने खुलासा करने वाली टीम का हौसला अफजाई कर पुरस्कृत किया है।

# छह माह से जलभराव की समस्या झेल रहे ग्रामीणों का फूटा गुस्सा



सीतापुर। विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत लौली में जलनिकासी की बदहाल व्यवस्था अब ग्रामीणों के लिए मुसीबत नहीं बल्कि खतरा बन चुकी है। पिछले छह माह से जलभराव की समस्या झेल रहे ग्रामीणों का शनिवार को आखिरकार गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मौके पर एकत्र होकर शासन-प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और जिम्मेदारों के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या को लेकर कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन किसी ने भी स्थायी समाधान कराने की जहमत नहीं उठाई। नतीजा यह है कि गांव का मुख्य रास्ता लंबे समय से पानी और कीचड़ से लबालब है। करीब 30 घरों के लोगों की निकासी पूरी तरह बाधित है। लगातार पानी भरे रहने से मकानों की दीवारें और चबूतरे तक कमजोर होकर धंसने लगे हैं। एक दीवार पलटने के बाद ग्रामीणों में हादसे को लेकर दहशत बढ़ गई है। जलभराव ने ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। स्कूली बच्चे जान जोखिम में डालकर पानी से होकर स्कूल पहुंचने को मजबूर हैं। बाजार जाने वाले ग्रामीणों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। किसानों को फसल और मवेशियों के साथ इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। लंबे समय से जमा दूषित पानी से बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है।

### फिर मिला प्रदर्शन के बाद आश्वासन

प्रशासनिक अनदेखी से नाराज छोटू गुप्ता, सोनू तिवारी, पंकज सिंह, मुन्ना गुप्ता, रमेश, कमलेश राठौर, विकास गुप्ता, मेवालाल, विनोद, तेजा प्रकाश, मोल्हे मौर्य, कुलदीप सिंह, कुलदीप राठौर और पप्पू सिंह समेत दर्जनों ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जल्द जलनिकासी की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि महीनों से समस्या झेलने के बाद भी उनके हिस्से में केवल आश्वासन आया है। मामले में खंड विकास अधिकारी ने जांच कराकर जलनिकासी की व्यवस्था कराने का भरोसा दिया है। अब सवाल यह है कि क्या इस बार आश्वासन के बजाय गांव को जलभराव से निजात मिलेगी या ग्रामीणों को फिर अगले बरसात तक इंतजार करना पड़ेगा।

# असलहे के बल पर ज्वैलर्स पिता-पुत्र के साथ लूट

मोहम्मदी खीरी। कोतवाली पसगवां के अंतर्गत मुल्लापुर-मुनफ्फरपुर मार्ग पर शनिवार देर शाम दो बाइकों पर सवार चार हथियारबंद बदमाशों ने ज्वैलर्स विक्रेता पिता-पुत्र को असलहे के बल पर रोककर लूटपाट की।

बदमाश पीड़ितों से नकदी, जेवरात, दो मोबाइल फोन और बैग लूटकर मुल्लापुर की ओर फरार हो गए। वारदात के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्राम पसगवां निवासी लक्ष्मी शंकर सोनी अपने पुत्र विशाल सोनी के साथ मुल्लापुर में सोने-चांदी की दुकान चलाते हैं। शनिवार शाम दुकान बंद कर दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। बताया गया कि मुनफ्फरपुर-मुल्लापुर मार्ग पर रमाकांत मिश्रा के खेत के पास पीछे से दो बाइकों पर सवार चार बदमाशों ने ओवरटेक कर उनकी बाइक रोक ली। बदमाशों ने असलहे दिखाकर पिता-पुत्र को धमकाया और उनका बैग छीन लिया। लक्ष्मी शंकर सोनी 66,500 रुपये की नकदी, गिरवी रखा एक सोने का मांग टीका, दो जोड़ी चांदी की पायल और दो मोबाइल फोन, बाइक की चाबी व कागजात से भरा बैग आदि लूट ले गए। वारदात के बाद बदमाश मुल्लापुर की ओर फरार हो गए। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि बदमाश वारदात से पहले मुल्लापुर स्थित सरकारी शराब की दुकान के पास बैठे थे और पिता-पुत्र के दुकान बंद कर निकलने के बाद उनका पीछा किया। हालांकि पुलिस की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। वारदात की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ पीड़ित और आसपास के लोगों से पूछताछ की। बदमाशों की तलाश में क्षेत्र में चेकिंग अभियान भी चलाया गया। वहीं, भागते समय मुल्लापुर-अजबापुर मार्ग पर बदमाशों की बाइक की टक्कर से एक अन्य बाइक सवार के घायल होने की भी चर्चा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि लूट की सूचना मिली है। पीड़ित से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस टीम गठित कर बदमाशों की तलाश की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## दुकान से पांच सिलेंडर और बर्तन चोरी, बेचने जाते नाबालिग को ग्रामीणों ने पकड़ा

सीतापुर। सदरपुर थाना क्षेत्र के बकहुआ गांव में दुकान से चोरी किए गए सिलेंडर और बर्तन बेचने जा रहे नाबालिग को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गांव निवासी घनश्याम गुप्त की बर्तन की दुकान से शनिवार रात पांच सिलेंडर और बर्तन गायब हो गए थे। ग्रामीणों ने रात में ही गांव के एक नाबालिग को पुराने सिलेंडर और बर्तन के साथ पकड़ लिया। पूछताछ में नाबालिग ने सामान बेचने जाने की बात बताई। ग्रामीणों ने इसी नाबालिग पर बकहुआस्थित दुर्गा मंदिर के दानपात्र से करीब सात हजार रुपये चोरी करने का भी आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाबालिग को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। थानाध्यक्ष आशुतोष मिश्र ने बताया कि दानपात्र से रुपये चोरी किए जाने की शिकायत मिली है। नाबालिग और ग्रामीणों को बुलाकर पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पेट्रोल से भरे गैलन में लगी आग, झोपड़ी जलकर राख

सीतापुर। रेउसा थाना क्षेत्र के कुशमौरा बाजार में रविवार दोपहर करीब दो बजे टीनशेड वाली झोपड़ी में पेट्रोल से भरे प्लास्टिक गैलन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में घर में मौजूद विनीता गंभीर रूप से झुलस गईं। उन्हें सीएचसी रेउसा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार, खाना बनाते समय निकली चिंगारी से आग लगने की आशंका है। हालांकि, घर के अंदर पेट्रोल से भरा गैलन मिलने से घटना को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। पेट्रोल के संपर्क में आते ही आग तेजी से फैल गई और कुछ ही देर में झोपड़ी धू-धूकर जलने लगी। आग की लपटें देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। समय रहते आग बुझने से आसपास के मकानों और दुकानों तक लपटें पहुंचने से बड़ा हादसा टल गया। आग में गृहस्थी का सामान समेत अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रभारी निरीक्षक हनुमंत तिवारी ने बताया कि विनीता को लखनऊ रेफर किया गया है। घर में पेट्रोल रखने के कारण और आग लगने की परिस्थितियों की जांच की जा रही है।

# शासनादेश के बावजूद 64 वर्षीय महिला का कंडक्टर ने काटा टिकट




पसगवां खीरी। उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश की 60 वर्ष या उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए लागू की गई 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना' के तहत रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा के स्पष्ट निर्देश हैं। इसके बावजूद धरातल पर परिवहन निगम के कर्मचारी सरकारी आदेशों को खुलेआम ठेंगा दिखा रहे हैं। ताजा मामला पसगवां क्षेत्र में सामने आया है, जहां उम्र का वैध प्रमाण पत्र (आधार कार्ड) दिखाने के बाद भी एक 64 वर्षीय बुजुर्ग महिला से परिचालक ने जबरन किराया वसूल कर टिकट काट दिया।

रविवार को जंगबहादुरगंज से शाहजहांपुर की यात्रा कर रही बुजुर्ग महिला सुमन लता (जन्म तिथिः 25/06/1962 उम्र लगभग 64 वर्ष) शाहजहांपुर डिपो की रोडवेज बस पर सवार हुईं। सरकारी आदेशों के तहत यात्रा के दौरान आधार कार्ड या पहचान पत्र दिखाने पर परिचालक द्वारा ETIM मशीन से 'जीरो फेयर' (शून्य मूल्य) का टिकट जारी करने का प्रावधान है। महिला यात्री के पास 60 वर्ष से अधिक उम्र का स्पष्ट प्रमाण होने के बाद भी शाहजहांपुर डिपो के बस कंडक्टर ने नियमों की अनदेखी करते हुए ?46 का फुल टिकट (संख्याः SJP0236202608300851100 0025) जारी कर दिया। क्या कहता है। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट फैसले के अनुसार, 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा योजना' के तहत प्रदेश की 60 वर्ष या उससे अधिक आयु की वरिष्ठ महिला नागरिकों के लिए यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम (UPSRTC) की साधारण बसों में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है। इसके तहत महिला यात्री को केवल अपना आधार कार्ड या वोटर आईडी कार्ड दिखाना अनिवार्य है, जिसके आधार पर मुफ्त टिकट जारी किया जाता है। शासनादेश और परिवहन मंत्री के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद परिचालकों द्वारा की जा रही इस मनमानी से क्षेत्रीय यात्रियों और बुजुर्गों में गहरा रोष व्याप्त है। पीड़ितों ने परिवहन निगम के उच्च अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए संबंधित परिचालक पर सख्त कार्रवाई करने और सरकारी योजना का लाभ सुचारू रूप से दिलाने की मांग की है। शाहजहांपुर रोडवेज के एस एच आई सुनील कुमार त्रिवेदी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर बस परिचालक को ड्यूटी से हटा दिया गया।

# पंचायत चुनाव की मांग पर लखनऊ कूच, पुलिस ने गांव में ही रोका



सीतापुर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जल्द कराने की मांग को लेकर रविवार को लखनऊ विधानसभा का घेराव करने निकले किसान यूनियन (अ.) उत्तर प्रदेश के कार्यकताओं को पुलिस ने अंगेठा गांव में ही रोक दिया। पुलिस की कार्रवाई के बाद किसान लखनऊ नहीं जा सके। प्रदेश अध्यक्ष सतनाम सिंह के नेतृत्व में किसान लखनऊ जाने की तैयारी कर रहे थे। लखनऊ कूच की सूचना मिलते ही हरगांव थाने के अपराध निरीक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ अंगेठा गांव पहुंच गए। पुलिस ने सतनाम सिंह समेत मौके पर मौजूद किसानों को उनके घर पर ही रोक लिया। इसके बाद पुलिस ने वहीं किसानों से ज्ञापन लेकर उन्हें लखनऊ जाने से रोक दिया। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तत्काल कराने की मांग की गई। किसान नेताओं ने कहा कि पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी चुनाव नहीं कराए जाने से ग्रामीणों के लोकतांत्रिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। गांव की सरकार चुनने का अधिकार गांव की जनता को ही मिलना चाहिए। किसान यूनियन ने चेतावनी दी कि पंचायत चुनाव में देरी के खिलाफ आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान विनोद कुमार, धीरज जायसवाल, आदित्य कुमार, कुलदीप सिंह, गौरव सिंह, रणधीर सिंह समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# बारिश से दीवारें ढहीं, बुजुर्ग महिला की मौत

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। जिले में लगातार हो रही बारिश कच्चे मकानों के लिए आफत बनती जा रही है। रविवार को अलग-अलग क्षेत्रों में कच्ची दीवारें छप्पर समेत भरभराकर गिर गईं।

महमूदाबाद के आलमपुर में दीवार के मलबे में दबकर 73 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि कोतवाली देहात और खैराबाद क्षेत्र में हुए हादसों में पांच लोग घायल हो गए। मलबे में दबकर दो बकरी के बच्चों की भी मौत हो गई। महमूदाबाद के आलमपुर गांव में शनिवार रात करीब तीन बजे बारिश के कारण कच्ची दीवार ढह गई। इसके नीचे दबकर बड़की (73) पत्नी सत्यनारायण की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर एसडीएम अभिषेक प्रियदर्शी, नायब तहसीलदार राकेश सिंह राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। एसडीएम ने बताया कि मृतका के तीन पुत्र हैं और उनके रहने के लिए अलग-अलग पक्के मकान बने हैं। परिजनों को मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष के तहत दैवीय आपदा निधि से चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि के प्रावधान की जानकारी दी गई है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार राहत राशि लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाएगी। वहीं, कोतवाली देहात के धरनाग गांव में शनिवार रात करीब 2:30 बजे बारिश से कमजोर हुई कच्ची दीवार छप्पर समेत सो रहे परिवार पर गिर गई। हादसे में जयपाल (45), पत्नी राजरानी (42), दो वर्षीय बेटी ध्यानु समेत परिवार के पांच सदस्य मलबे में दबकर घायल हो गए। ग्रामीणों और पुलिस ने मशक्कत कर सभी को बाहर निकाला। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खैराबाद के किशुनापुर गांव में रविवार सुबह करीब छह बजे मवेशियों को चारा डाल रहे विष्णु (45) के ऊपर कच्ची दीवार छप्पर समेत गिर गई। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। मलबे में दबे तीन मवेशियों में दो बकरी के बच्चों की मौत हो गई, जबकि भैंस का बच्चा और एक बकरी का बच्चा घायल हो गया।

संक्षेप

## करंट से युवक की मौत

**कादीपुर, सुलतानपुर।** कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी 20 वर्षीय युवक की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। सुमित दुबे पुत्र प्रदीप दुबे ट्रक पर खलासी का काम करते थे। वह ट्रक के साथ बिहार के मोरकाही, खगड़िया गए थे।शनिवार शाम वह ट्रक के ऊपर तिरपाल लगा रहे थे।इसी दौरान ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन की चपेट में आ गए। करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। रविवार शाम करीब चार बजे शव पैतृक गांव जगदीशपुर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। बाद में परिजनों ने गोमती नदी के देवाढ़ घाट पर युवक का अंतिम संस्कार कर दिया।

## विषैले जानवर के काटने से मजदूर की मौत

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** कोतवाली क्षेत्र के अरजानीपुर गांव निवासी 38 वर्षीय मजदूर की विषैले जानवर के काटने से मौत हो गई। रामनारायण पुत्र राम चेत जालंधर की एक निजी कंपनी में भवन निर्माण का काम करते थे। शुक्रवार रात वह अपने कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान किसी विषैले जानवर ने उन्हें काट लिया। हालत बिगड़ने पर उन्हें जालंधर के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने अमृतसर रेफर कर दिया। अमृतसर ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। रविवार दोपहर करीब एक बजे शव पैतृक गांव अरजानीपुर पहुंचा। परिजनों ने घटना की सूचना कादीपुर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## राष्ट्रीय महामंत्री के स्वागत को भाजपा ने कसी कमर

**अयोध्या।** भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी के सोमवार को अयोध्या आगमन को लेकर पार्टी ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। उनके स्वागत को भव्य और यादगार बनाने के लिए मवई से अयोध्या पुल तक करीब दर्जनभर स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राष्ट्रीय महामंत्री बनने के बाद हरीश द्विवेदी का अयोध्या में यह पहला आगमन है। उनके साथ भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री संगीता यादव भी रहेंगी। स्वागत पथ को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। भाजपा नेताओं की ओर से रास्ते भर होर्डिंग लगाए गए हैं और स्वागत स्थलों पर बनाए गए मंचों को भी सजाया जा रहा है। स्वागत कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को महानगर कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने स्वागत की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी। महानगर क्षेत्र में त्रिमूर्ति होटल के सामने ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष एवं महानगर महामंत्री शिवेंद्र सिंह की अगुवाई में स्वागत होगा। सहादतगंज ओवरब्रिज की शुरुआत में पूर्व विधायक गोरखनाथ, गरुण द्वार पर महानगर पदाधिकारी एवं विधायक अभय सिंह, दिशा कोचिंग के सामने जिला पंचायत प्रशासक रोली सिंह, साकेतपुरी बैंक ऑफ बड़ौदा कार्यालय मोड़ पर पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र तथा रमाय होटल के सामने पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय की अगुवाई में स्वागत किया जाएगा। इसके अलावा मवई में ब्लॉक प्रमुख राजीव तिवारी, रुदौली में विधायक रामचंद्र यादव व जिला पदाधिकारी, चौधरी चरण सिंह इंटर कॉलेज महोली में विधायक अमित सिंह चौहान तथा रौनाही टोल प्लाजा से पहले पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी की अगुवाई में 25 हजार कार्यकर्ता नेताद्वय का स्वागत करेंगे।

# करोड़ों का बजट कागजों में, सड़क बनी तालाब

## गल्ला मंडी सड़क अपनी दुर्दशा पर बहा रही आंसू



**रायबरेली।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र की सबसे बड़ी और व्यस्त गल्ला मंडी आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। मंडी के अंदर की मुख्य सड़क पूरी तरह से टूट चुकी है और हल्की सी बारिश में ही तालाब में तब्दील हो जाती है। जलभराव और कीचड़ के कारण किसानों और व्यापारियों का मंडी तक पहुंचना दूभर हो गया है।

तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि पूरी सड़क पर घुटने भर पानी भरा है, गड्ढों में पानी भरने से वाहन फंस रहे हैं और पैदल चलना भी मुश्किल है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि नगर पालिका हर साल नाला सफाई और सड़क मरम्मत के नाम पर करोड़ों

- **अपनी रायबरेली - रमणीय रायबरेली' का नारा फेल, नगर पालिका की अनदेखी से व्यापारी और किसान बेहाल**

रुपये का बजट कागजों में दिखा देती है, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। जानकारी के अनुसार शहर में जलभराव से निपटने के लिए शासन ने कई करोड़ रुपये की लागत से नाला निर्माण का बजट भी स्वीकृत किया था, जिसमें गल्ला मंडी, मधुबन, आजाद नगर शामिल थे, लेकिन महीनों बाद भी काम शुरू नहीं हो सका है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि मंडी में जल निकासी की कोई ठीक व्यवस्था नहीं है। वही टूटी सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं। अनाज से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां कीचड़ में फंस जाती हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान होता है गंदगी और जलभराव से बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। व्यापारियों का सवाल है कि जब रायबरेली को 'अपनी रायबरेली - रमणीय रायबरेली' बनाने का दावा किया जा रहा है, तो जिले की आर्थिक रीढ़ कही जाने वाली गल्ला मंडी की ऐसी अनदेखी क्यों की जा रही है।स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जिलाधिकारी और नगर पालिका अध्यक्ष स्वयं मौके का निरीक्षण कर तत्काल सड़क निर्माण और नाला सफाई का कार्य शुरू कराएं।

## नैया नाला पुल बना स्टंटबाजी का ठिकाना

**महराजगंज, रायबरेली।** सोशल मीडिया पर लाइक और कमेंट की होड़ युवाओं को खतरनाक राह पर धकेल रही है। फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम और अन्य प्लेटफॉर्म पर रील्स के लिए स्टंट करना अब एक घातक ट्रेंड बन गया है। लाइक और फॉलोअर्स की चाहत में युवा सड़क, ट्रेन, पुल और ऊंची इमारतों पर जान जोखिम में डालकर करतब दिखा रहे हैं। कई बार यह स्टंट जान पर भी भारी पड़ रहा है।

ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें कुछ युवक नैया नाले के उफान पर होने



के बाद भी पुल से नैया नाले में गोते लगाते हुए नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो महराजगंज दुसौती मार्ग पर नैया नाले का पुल का बताया जा रहा है। वीडियो में नैया नाले पर बने पुल से उफनाते नाले में युवकों के गोते लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक-एक कर दो बच्चे करीब 30-40 फुट गहरे नैया नाले में छलांग लगाते हैं। इन युवकों को स्टंट के दौरान होने वाले हादसे की कोई चिंता नहीं है। ऐसे में स्टंट करते युवकों के साथ यदि कोई हादसा हो जाता है तो कौन जिम्मेदार होगा? वहीं पुलिस का कहना है कि मामला जानकारी में नहीं है, फिर भी पुलिस की निगरानी बढ़ाई जाएगी, वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे युवकों की पहचान कर कार्यवाही की जाएगी। सीओ ने इसे खतरनाक ट्रेंड पर चिंता व्यक्त की।

सीओ प्रदीप कुमार ने कहा कि मनोरंजन के नाम पर हो रही यह लापरवाही सिर्फ स्टंट करने वाले के लिए नहीं, बल्कि उनके परिजनों और आसपास के लोगों के लिए भी खतरा बन रही है। इसके लिए पुलिस व प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं, युवाओं से अपील करते हुए सीओ प्रदीप कुमार ने कहा कि वे सुरक्षित स्थानों पर रचनात्मक कंटेंट बनाएं।

## मेजर ध्यानचंद की स्मृति में डीवीए ने जीता वॉलीबॉल का खिताब



**सुलतानपुर (वीओएल)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल निदेशालय के तत्वावधान में पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन महिला वॉलीबॉल मुकाबले हुए। फाइनल में डीवीए ने स्टेडियम को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि चंदन नारायण सिंह और विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय खिलाड़ी विक्रम सिंह ने किया। क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर की देखरेख में हुई प्रतियोगिता में विद्या मंदिर, केश कुमारी, जूनियर नारायणपुर, स्टेडियम समेत आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। पहले सेमीफाइनल में केश कुमारी को स्टेडियम ने 2-1 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में डीवीए ने जूनियर नारायणपुर को 2-1 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में डीवीए ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्टेडियम को 2-1 से पराजित किया। डीवीए की काजल, अंशिका, कशिश और प्रिया ने प्रभावी प्रदर्शन किया, जबकि स्टेडियम की साजिया बानो, वैष्णवी दुबे, आद्या तिवारी और स्तुति सिंह ने भी शानदार खेल दिखाया। अंशिका को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। इस अवसर पर अगस्त माह में दिवंगत पूर्व राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी गंगा शरण मिश्रा और वेद प्रकाश उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समापन पर मुख्य अतिथि भाजपा उपाध्यक्ष रामेंद्र सिंह राणा ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। निर्णायक की भूमिका प्रदीप यादव, जान्हवी सिंह, राणा यादव, साक्षी कसौधन, रागिनी मिश्रा और जीशान इरशाद खान ने निभाई।

## 14 वर्षीय बालक हॉकी प्रतियोगिता आयोजित वैदिक इंटर कॉलेज बना विजेता

**रायबरेली।** जिला खेल के तत्वावधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 14 वर्षीय बालक हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्टेडियम रायबरेली, खेलो इंडिया हॉकी सेंटर रायबरेली, सदर रायबरेली, हरचन्दपुर ब्लॉक, राही ब्लॉक तथा रा.रा. सिंह वैदिक इंटर कॉलेज रायबरेली सहित कुल छह टीमों के 92 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के प्रारंभिक मुकाबलों में खेलो इंडिया हॉकी सेंटर रायबरेली ने वैदिक इंटर कॉलेज को 2-1 से, हरचन्दपुर ब्लॉक ने सदर रायबरेली को 1-0 से तथा वैदिक इंटर कॉलेज ने राही ब्लॉक को 2-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला खेलो इंडिया हॉकी सेंटर रायबरेली और वैदिक इंटर कॉलेज रायबरेली के बीच बेहद रोमांचक रहा। अंतिम क्षणों में वैदिक इंटर कॉलेज ने 3-2 से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता का विजेता खिताब अपने नाम किया, जबकि खेलो इंडिया हॉकी सेंटर रायबरेली उपविजेता रहा। प्रतियोगिता के दौरान मैच रेफरी के रूप में किरन कुमारी, सक्षम सिंह, रौनक सोनकर, राधिका कश्यप, संजना सोनकर, शोएब, अश्वनी चन्द्रा एवं पिन्कू कुमार ने सहयोग प्रदान किया।राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 28 से 31 अगस्त तक आयोजित खेल पास दी बाल प्रतियोगिता में भी 43 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसमें धर्मबीर यादव ने प्रथम, अनुभव यादव ने द्वितीय, रक्षित सिंह ने तृतीय, सिद्धार्थ सोनकर ने चतुर्थ तथा वियोम जायसवाल ने पंचम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के उद्घाटन, समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में अनुज मौर्या एवं अभिषेक वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का संपूर्ण संचालन क्रीड़ाधिकारी धीरेन्द्र कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में बाबूलाल, मंजू, नरेश कुमार निषाद, पिन्कू कुमार, कबड्डी कोच अश्वनी चन्द्रा एवं शोएब खान ने सहयोग प्रदान किया। क्रीड़ाधिकारी धीरेन्द्र कुमार पुरुषोत्तम ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों, अतिथियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

## एम्स में एडवांस्ड लेजर सर्जरी पर कार्यशाला आयोजित



**रायबरेली।** एम्स रायबरेली के कान, नाक और गला रोग विभाग में एडवांस्ड लेजर सर्जरी पर कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक किया। कार्यशाला का खास फोकस लेजर तकनीक पर था, जिसका मकसद जटिल सांस नली और स्वरयंत्र विकारों के इलाज में लेजर के इस्तेमाल के लिए स्किल को बेहतर बनाना और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग देना था। दो दिन की इस कार्यशाला में पूरे भारत से सर्जन शामिल हुए। पहले दिन लाइव सर्जरी ने भाग लेने वाले सर्जनों को चुनौतीपूर्ण एयरवे स्थितियों के इलाज में लेजर टेक्नोलॉजी के प्रैक्टिकल इस्तेमाल को देखने और आधुनिक सर्जिकल तकनीकें सीखने का मौका दिया।

दूसरा दिन कैडेवरिक डिसेक्शन (शव पर अभ्यास) और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के लिए रखा गया है, जिससे प्रतिभागी एक नियंत्रित ट्रेनिंग माहौल में अपनी सर्जिकल स्किल्स को विकसित और बेहतर कर सकें। वर्कशॉप में चंडीगढ़ और लखनऊ जैसे कई प्रमुख संस्थानों के सीनियर फैकल्टी और एक्सपर्ट्स शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों के साथ अपनी बहुमूल्य विशेषज्ञता, सर्जिकल अनुभव और तकनीकी जानकारी साझा की। इस मौके पर एम्स रायबरेली की कार्यकारी निदेशक डॉ. अमिता जैन ने आधुनिक मेडिकल शिक्षा में इस तरह के प्रैक्टिकल ट्रेनिंग प्रोग्राम के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की वर्कशॉप एडवांस्ड सर्जिकल प्रक्रियाओं की ट्रेनिंग का एक अहम हिस्सा हैं। ये डॉक्टरों को लेजर जैसी लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल में महारत हासिल करने में मदद करती हैं, जिससे आखिरकार मरीजों की देखभाल बेहतर होती है। डॉ. अनन्या सोनी के अनुसार, सांस की नली का सिकुड़ना और गले से जुड़ी कई अन्य बीमारियों के इलाज में लेजर टेक्नोलॉजी एक अहम साधन बनकर उभरी है। लेजर-असिस्टेड प्रक्रियाओं से असरदार इलाज किया जा सकता है और कई स्थितियों में पारंपरिक ओपन सर्जरी की जरूरत से बचा जा सकता है। इस एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के आने से गले और सांस की नली की जटिल बीमारियों के इलाज में संस्थान की क्षमताएं और मजबूत होने की उम्मीद है।कार्यकारी निदेशक महोदया के मार्गदर्शन में इस कार्यशाला का सफल आयोजन एडवांस्ड सर्जिकल ट्रेनिंग, टेक्नोलॉजी-आधारित हेल्थकेयर और लगातार प्रोफेशनल डेवलपमेंट के प्रति एम्स रायबरेली की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

## पुलिस को देखते ही बदमाशों ने झोंकी गोलियां, जवाबी फायरिंग में दो घायल

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** ढेमा चैराहे पर युवक को गोली मारने वाले बदमाशों की शनिवार देर रात पुलिस से मुठभेड़ हो गई। रामपुर विरतिहा नहर तिराहे के पास घेराबंदी के दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। एक गोली मोतिगरपुर थाने के क्राइम इंस्पेक्टर चंद्रभान वर्मा के बाएं बाजू को छूते हुए निकल गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने दोनों घायलों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। शुक्रवार देर रात ढेमा चैराहे पर घर के सामने खड़े विपिन सिंह पर बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग की थी। गोली लगने से गंभीर घायल विपिन का लखनऊ में उपचार चल रहा है। घटना के बाद एसपी के निर्देश पर एसओजी समेत तीन पुलिस टीमें आरोपियों की तलाश में लगाई गई थीं। शनिवार रात करीब 10:45 बजे पुलिस को सूचना मिली कि गोलीकांड में शामिल आरोपी दो बाइकों से जा रहे हैं। रामपुर विरतिहा नहर तिराहे पर पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में मुड़हा निवासी शिवम सिंह के दाहिने पैर और रतन निषाद के बाएं पैर में गोली लगी। दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। तीसरे आरोपी सत्यम गौतम को पुलिस ने पीछा कर दबोच लिया। वहीं दोस्तपुर क्षेत्र के बरियारपुर निवासी रमन पुत्र भगवानदीन अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार शिवम के पास से पिस्टल, एक खोखा और तीन कारतूस तथा रतन के पास से 315 बोर का तमंचा, एक खोखा और दो कारतूस बरामद हुए। घायल क्राइम इंस्पेक्टर और दोनों बदमाशों को सीएचसी मोतिगरपुर ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक शिवम सिंह और इंद्रसेन सिंह के परिवारों के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। विपिन के चाचा दान बहादुर सिंह की तहरीर पर पुलिस ने शिवम सिंह और दो अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था।

## यूजीसी नेट में सफल हुए कादीपुर के अभिजित

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कादीपुर के प्रधानाचार्य दिवाकर वर्मा के पुत्र अभिजित वर्मा ने इतिहास विषय में यूजीसी-नेट परीक्षा अपने प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण कर सफलता हासिल की है। उनकी उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अभिजित की प्रारंभिक शिक्षा शांति देवी इंटर कॉलेज, कादीपुर से हुई। इसके बाद उन्होंने उच्च शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से प्राप्त की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवार, गुरुजनों और मित्रों को दिया। अभिजित की सफलता पर परिजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामन्ना की।

# राष्ट्रीय महामंत्री बनने के बाद पहली बार अयोध्या पहुंचेंगे हरीश द्विवेदी



**रूदौली-अयोध्या।** भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी के पद ग्रहण करने के बाद प्रथम बार अयोध्या आगमन को लेकर कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। उनके स्वागत को भव्य व ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा संगठन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।जिले में प्रवेश करते ही रानीमऊ चैराहे पर डा0 अंबेडकर के बगल गुलशन धर्म कांटा परिसर में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं मवई ब्लॉक प्रमुख राजीव तिवारी की अगुवाई में जोरदार स्वागत किया जाएगा। स्वागत की तैयारियों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने जिले की सीमा पर बैठक कर पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने हरीश द्विवेदी के अयोध्या आगमन से पूर्व स्वागत की रणनीति पर विचार-विमर्श करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपीं। इसी क्रम में रानीमऊ में स्वागत की जिम्मेदारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष/मवई ब्लॉक प्रमुख राजीव तिवारी के नेतृत्व में सुनिश्चित की गई।इससे पूर्व गोसाईंगंज के पूर्व विधायक इंद्र प्रताप उर्फ खब्बू तिवारी ने भी मवई ब्लॉक प्रमुख के साथ बैठक कर स्वागत को आवश्यक चर्चा की है।कार्यकताओं की ओर से राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी के स्वागत के लिए गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और उत्साहपूर्ण माहौल की तैयारी की जा रही है। रानीमऊ में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं एवं समर्थकों के जुटने की संभावना है। कार्यकताओं ने उनके प्रथम अयोध्या आगमन को यादगार बनाने का संकल्प लिया है।

## नगर निगम के कूड़ा वाहन से टकराया बाइक सवार युवक, मौत

**अयोध्या।** कोतवाली नगर क्षेत्र के अंगूरीबाग में रविवार सुबह बारिश के बाद सड़क पर हुई फिसलन एक युवक की जिंदगी पर भारी पड़ गई। गाय को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े नगर निगम के कूड़ा वाहन से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार 17 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के समय युवक ने हेलमेट नहीं पहना था। मृतक की पहचान इमामबाड़ा राठहवेली निवासी मो. सोएब सिद्दीकी के पुत्र ऐहेतेसाम सिद्दीकी उर्फ लकी के रूप में हुई है। लकी जेईई की तैयारी कर रहा था और चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। परिजनों के मुताबिक, लकी के पिता मो. सोएब सिद्दीकी बीएसए कार्यालय में लिपिक पद पर तैनात हैं और इन दिनों अस्पताल में भर्ती हैं। रविवार सुबह लकी बाइक से अस्पताल गया था और पिता को नाश्ता-पानी देने के बाद घर लौट रहा था। अंगूरीबाग प्राथमिक विद्यालय के सामने अचानक गाय के आ जाने पर उसे बचाने के लिए उसने ब्रेक लगाया। बारिश के कारण सड़क पर फिसलन होने से बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क किनारे खड़े नगर निगम के कूड़ा वाहन से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसका सिर वाहन से टकरा गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शी मुकेश सोनकर ने बताया कि सुबह करीब साढ़े सात बजे बारिश हुई थी। नगर निगम का वाहन सड़क किनारे खड़ा था। बाइक अनियंत्रित होने के बाद युवक ने नगर निगम के खड़े वाहन को टक्कर मार दी। एंबुलेंस से उसे अस्पताल भेजा गया। फार्ब्स इंटर ॉलेज के शिक्षक मो. आसिफ ने बताया कि लकी काफी मिलनसार स्वभाव का था और पढ़ाई में आगे बढ़ने के लिए जेईई की तैयारी कर रहा था। हादसे की खबर से परिवार और परिचितों में शोक का माहौल है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर मनोज शर्मा ने बताया कि हादसे में मृत युवक की पहचान ऐहेतेसाम सिद्दीकी उर्फ लकी के रूप में हुई है।

## 22 फीट 5 इंच की छलांग लगाकर धीरज यादव ने जीता प्रदेश स्तरीय खिताब



**सुलतानपुर (वीओएल)।** बाबा जगन्नाथ वर्मा की स्मृति में रविवार को मोतिगरपुर-दोस्तपुर मार्ग स्थित बाग, डीगुरपुर बनकेगांव में प्रदेश स्तरीय लंबी कूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। रोमांचक मुकाबले में सुलतानपुर के धीरज यादव ने 22 फीट 5 इंच की शानदार छलांग लगाकर प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी जीत पर मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अयोध्या के सूरज यादव ने 21 फीट 1 इंच की छलांग के साथ दूसरा और रोहित यादव ने 20 फीट 8 इंच की छलांग लगाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सुलतानपुर, अयोध्या और अंबेडकरनगर के 51 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। ग्राम प्रधान रणजीत वर्मा के संयोजन में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ बाबा जगन्नाथ वर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कादीपुर क्षेत्र के कटघर पूरे निवासी धीरज यादव ने बेहतरीन प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि बसपा नेता इंजीनियर रुद्रमणि वर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें उचित मंच देने की है। उन्होंने खिलाड़ियों से मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

## देश पर मर मिटने वालों के त्याग व बलिदान को देश भुला नहीं सकता

**अयोध्या।** कचेहरी स्थित स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी भवन में रविवार को अपरान्ह 12 बजे जनपद के प्रख्यात क्रान्तिकारी एवं स्वतन्त्रता आन्दोलन में जनपद फैजाबाद के क्रान्तिकारियों में प्रमुख क्रान्तिकारी डॉ. सुरेन्द्र नाथ अग्रहरि को आज उनके पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंलि सभा आयोजित करके, उन्हें भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कोऑपरोटिव बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू ने कहा कि देश के अमर बलिदानियों तथा देश पर मर मिटने वालों के त्याग व बलिदान को देश भुला नहीं सकता। आजादी के सिपाहियों का सम्मान करना हम सब का नैतिक कर्तव्य है। अग्रहरि समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता अग्रहरि ने कहा कि आजादी के इन दीवानों के दिखाये मार्ग पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रृद्धाजलि दे सकते हैं। सेनानी परिषद के सचिव मनोज मेहरोत्रा ने कहा कि देश पर मर मिटने वालों के ऋण को कभी कोई सरकारें चुका नहीं सकती। आज सेनानी परिवारो की उपेक्षा से ऐसा प्रतीत होता है कि सरकारे इस विषय पर गंभीर नहीं है। उन्होने कहा डॉ. सुरेन्द्र नाथ अग्रहरि फैजाबाद जनपद के सशस्त्र क्रान्ति के अग्रणी नेता थे। डॉ. सुरेन्द्र नाथ अग्रहरि ने आजादी की लड़ाई के दौरान अग्रेजों की जो प्रताड़ना सही थी। वो कष्ट सहन करनें का जज्बा आजादी के इन दिवानों के ही बस का था। वहीं भाजपा पार्षद हरिश्चन्द्र अग्रहरी ने कहा बाबू जी की यादे आज भी हम सेनानी वंशजों के दिलों दिमाग में एकदम ताजा हैं। वहीं सेनानी बंशज दिव्य मोहन अग्रहरी ने कहा कि स्वतन्त्रता की लड़ाई में फैजाबाद के सेनानियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। श्रद्धांजलि सभा का संचालन करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता केशव बिगुलर ने कहा कि आज देश में इन आजादी के योद्धाओं के जीवन गाथा से हमें भावी पीढ़ी को उनसे अवगत कराने की आवश्यकता है जिसके लिये इनके जीवन गाथाओं को पाठ्य क्रमों में सम्मिलित किया जाना आवश्यक है।

# रेलवे स्टेशन मार्ग पर बनेगा फूड प्वाइंट, फव्वारे का होगा कायाकल्प



**अयोध्या।** रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर भाजपा कार्यालय के निकट फूड प्वाइंट विकसित किया जाएगा। वहीं गुरु गोविंद सिंह चैक स्थित फव्वारे का कायाकल्प कराया जाएगा। रविवार को नगर भ्रमण एवं सफाई अभियान के दौरान महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार भी थे।

महापौर ने अशफाक उल्ला खां वार्ड में जेल के पीछे स्थित पार्किंग स्थल पर सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में नगर निगम के साथ नागरिकों की सहभागिता भी बेहद जरूरी है। नगर निगम की ओर से जनसहयोग से स्वच्छता को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत लोगों को सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा न फेंकने, गीला-सूखा कचरा अलग रखने और अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित न रहकर नागरिकों की दैनिक आदत का हिस्सा बननी चाहिए। सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता बनाए रखने में दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों की जिम्मेदारी भी अहम है।

सफाई अभियान के बाद महापौर और नगर निगम की टीम ने पैदल निरीक्षण किया। स्टेशन रोड की ओर बढ़ने पर तालाब के सामने पीपल के वृक्ष के पास चबूतरा बनवाने का निर्देश दिया गया। यहां स्थित मार्केट हाउस के आसपास भी व्यवस्थाओं को बेहतर करने के निर्देश दिए गए। तालाब एवं हरित क्षेत्र को साफ-सुथरा कर जनोपयोगी बनाने का सुझाव पार्षद अखिलेश पांडे ने दिया। इस पर नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। भाजपा कार्यालय के निकट प्रकाश व्यवस्था बेहतर करने के लिए लाइट लगवाने का निर्देश भी महापौर ने दिया। निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे निर्मित नाली की स्थिति का जायजा लेकर उसकी खामियां दूर करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडे ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह चैक पहुंचने पर फव्वारे की बदहाल स्थिति देखकर महापौर ने नाराजगी जताई। उन्होंने फव्वारे के कायाकल्प के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान स्थानीय व्यापारियों और फुटपाथ दुकानदारों ने दुकान लगाने के लिए स्थान उपलब्ध कराने की मांग रखी। क्षेत्रीय पार्षद दीप कुमार ने भी मांग का समर्थन किया। महापौर ने व्यापारियों को व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने के लिए फूड प्वाइंट विकसित करने का भरोसा दिलाया।

## सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर रविवार को कूरेभार थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें गुप्तारगंज बाजार की ऐतिहासिक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समिति समेत कूरेभार कस्बे और आसपास के गांवों की पूजा समितियों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व संभ्रांत नागरिक शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता बल्दीराय क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार ने की। उन्होंने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश देते हैं। सभी लोग मिल-जुलकर परंपरागत तरीके से पर्व मनाएं और अफवाहों से बचें। उन्होंने समितियों से प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। थानाध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने समितियों से तैयारियों और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पर्व को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों पर नजर रखी जाएगी और गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की। उपनिरीक्षक राजेश यादव ने समितियों को शासन की गाइडलाइन उपलब्ध कराते हुए निर्धारित नियमों के अनुसार आयोजन करने के निर्देश दिए। बैठक में गुप्तारगंज जन्माष्टमी समिति के नीरज विक्रम सिंह, सादिक अंसारी, राजेश सोनी, सौरभ कसौधन, राहुल, प्रिंस कुमार, विशाल कसौधन, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुजीत कसौधन आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## डिप्टी जेलर के घर से लाखों के जेवर व नगदी चोरी

**रायबरेली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के आचार्य द्विवेदी नगर में डिप्टी जेलर के घर में चोरों ने धावा बोल दिया जिसमें लाखों के जेवर और नगदी चोरों ने पार कर दिया। बताया जाता है कि प्रयागराज में सुखवती डिप्टी जेलर के पद पर तैनात है उनके पति गंगा शरण रायबरेली में शिक्षक के पद पर तैनात है। दोनों लोग अपनी बेटी से मिलने लखनऊ उनके घर गए थे मौका पाकर चोरों ने 50 हजार की नगदी और लगभग 10 लाख का जेवर पार कर दिया। घर का ताला टूटा देखकर पड़ोसियों ने इसकी सूचना दी मौके पर पहुंचे पुलिस ने छानबीन शुरू की है।

## 'बहू-बेटी सम्मेलन' व चौपाल का आयोजन

**रायबरेली।** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'बहू-बेटी सम्मेलन' एवं चौपाल का सफल आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देश पर पुलिस थानों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के प्रति जागरूक करते हुए 1090, 181, 112, 1076, 102, 1930, 101 एवं 1098 सहित विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें बताया गया कि 1090 महिला हेल्पलाइन पर शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है, जिससे महिलाएं बिना किसी भय के अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। इस अवसर पर महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं मातृशक्ति वंदन योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उपस्थित महिलाओं की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण का आश्वासन दिया गया।

## ट्रांसफार्मर जलने से बीस दिन से विद्युत आपूर्ति ठप

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय विकास खंड के राजस्व ग्राम बभनी पाण्डेय में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पिछले बीस दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप है। बिजली न आने से करीब सौ घरों में अंधेरा छाया हुआ है। बरसात के मौसम में लगातार बिजली गुल रहने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि ग्राम बभनी पाण्डेय में विद्युत उपकेंद्र खुखुंदू से बिजली की आपूर्ति की जाती है। गांव में लगा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर करीब बीस दिन पूर्व जल गया, जिसके बाद से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए वे लगातार विद्युत उपकेंद्र का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में रात के समय अंधेरा रहने से जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बना हुआ है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष परेशानी उठानी पड़ रही है। मोबाइल चार्ज करने से लेकर रोजमर्रा के जरूरी कामों तक के लिए लोगों को दिक्कत हो रही है। गांव के वृजनन्दन पाण्डेय चंचल ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर गांव में शीघ्र नया ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है।

# मिश्रौली डोल मेला पर प्रशासन की नजर

## 19 गांवों को लेकर बनी रणनीति, प्रशासन की अपील अफवाह से बचें



**कुशीनगर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकलने वाले मिश्रौली डोल मेले में आस्था की भीड़ के बीच व्यवस्था की परीक्षा होगी। संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने अभी से मोर्चा संभाल लिया है। शनिवार को मिश्रौली चौकी परिसर में एसडीएम सदर राजीव निगम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें 19 गांवों के डोल आयोजकों, ग्राम प्रधानों और संभ्रांत लोगों के साथ मेले के दौरान सुरक्षा, यातायात, बिजली और साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर मंथन किया गया।

एसडीएम सदर राजीव निगम ने कहा कि त्योहार हमारी सभ्यता और संस्कृति की पहचान हैं। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने आयोजकों से प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग की अपील की। सीओ सदर राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि अति उत्साह कई बार दुर्घटना का कारण बन जाता है। इसलिए डोल की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने के साथ ही जुलूस और डोल मेले के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी विपरीत परिस्थिति की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। कोतवाली पडरौना के प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी ने बड़हरा और मिश्रौली क्षेत्र के धार्मिक स्थलों पर प्रशासन की ओर से लगाए गए लाल निशान और निर्धारित नियमों का पालन करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि परंपराओं के साथ प्रशासनिक निर्देशों का अनुपालन भी जरूरी है, ताकि आयोजन के दौरान किसी तरह की समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में ग्रामीणों और डोल आयोजकों ने बिजली के ढीले तारों को ठीक कराने तथा मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग उठाई। इस पर अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्य समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक का संचालन महेंद्र दीक्षित ने किया। इस दौरान चौकी प्रभारी शैलेंद्र मिश्र, प्रधान आनंद दीक्षित, सुनील दीक्षित, पिंटू मिश्रा, धर्मेंद्र उपाध्याय, मोहन गुप्ता, भोला यादव, आद्या राय, अकलीम बबलू, कृष्ण मोहन रौनियार, हाफीज बशीर, दूधनाथ वर्मा, शंभूशरण मिश्र, मनोज दीक्षित, ऐहसान, राजकुमार वर्मा, मुरारीलाल श्रीवास्तव समेत 19 गांवों के डोल आयोजक, प्रधान और अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## नेपाल बाढ़ : कुशीनगर के 4 लोग लापता अपनों की तलाश में जुटे परिजन

**कुशीनगर।** नेपाल के रसुवा जिले में बिजली परियोजनाओं में काम करने वाले उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के चार लोग 26 अगस्त को आई विनाशकारी बाढ़ के बाद से लापता हैं। उनके परिजनों ने रविवार को यह जानकारी दी। कुशीनगर निवासी 34 वर्षीय करण शर्मा के शनिवार को लापता होने की जानकारी सामने आई थी। करण नेपाल के रसुवा जिले में एक जलविद्युत परियोजना में फोरमैन के पद पर कार्यरत थे। इसके बाद कुशीनगर के दो और निवासियों अरुण कुमार सिंह और रविंद्र सिंह के भी लापता होने की जानकारी मिली है। वहीं, एक अन्य कर्मचारी सुनील के परिवार ने भी बताया कि आपदा के बाद से उनका संपर्क उनसे नहीं हो पा रहा है।

एक अन्य मामले में बिहार के मोतिहारी निवासी 11 वर्षीय धर्म कुमार अपने पिता नंदलाल साहनी की तलाश में कुशीनगर में गंडक नदी के किनारे भटक रहा है। नंदलाल नेपाल के रसुवा में कबाड़ की दुकान चलाते थे।

धर्म और उसके तीन भाइयों ने भीषण बाढ़ से किसी तरह बच निकलने के बाद प्रशासन की मदद से कुशीनगर में प्रवेश किया था, लेकिन नंदलाल का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। धर्म कुमार अब अपने पिता की तलाश उस गंडक नदी के किनारे कर रहा है, जिसे नेपाल में नारायणी नदी के नाम से जाना जाता है।

ऐसा बताया जा रहा है कि उफनती नदी में बहकर आए शव कुशीनगर के कुछ हिस्सों तक पहुंच गए हैं, जिससे नदी किनारे रहने वाले लोगों में चिंता बढ़ गई है। लापता चार स्थानीय लोगों में शामिल अरुण कुमार सिंह (32) कप्तानगंज क्षेत्र के अमडिहा गांव के रहने वाले हैं। वह वर्ष 2024 से नेपाल के त्रिशूली क्षेत्र में एक बिजली परियोजना में स्टोर प्रभारी के रूप में काम कर रहे थे। उनके परिवार की उनसे आखिरी बातचीत 26 अगस्त को सुबह करीब छह बजे हुई थी। इसके बाद से उनका मोबाइल फोन बंद है।

मध्यप्रदेश में काम करने वाले अरुण के बड़े भाई अनिल सिंह ने बताया कि मेरा छोटा भाई मई में नेपाल गया था। वह 2024 से वहां स्टोर प्रभारी के रूप में काम कर रहा था। अरुण की पत्नी सौम्या सिंह और उनकी 10 महीने की बेटी उनके सुरक्षित लौटने या कम से कम उनकी कुशलता की खबर मिलने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। बोदरवार क्षेत्र के मुंडेरा गांव निवासी रविंद्र सिंह भी उसी कंपनी में काम करते थे। उनके 22 वर्षीय बेटे अंकित ने बताया कि आपदा वाले दिन सुबह करीब छह बजे उनकी पिता से आखिरी बार बात हुई थी।

## रक्षाबंधन के बहाने प्रमोद सिंह ने दिखायी ताकत



**अयोध्या।** गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के टिकरी आगागंज बाजार स्थित राजू इंटर कॉलेज में रविवार को विशाल रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाजसेवी एवं अपना दल (एस) नेता प्रमोद सिंह की पहल पर आयोजित कार्यक्रम में सुबह आठ बजे से ही बहनों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। शाम चार बजे तक राखी बांधने वाली बहनों की संख्या 10 हजार का आंकड़ा पार कर गई। आयोजन में हिंदू और मुस्लिम समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बहनों ने प्रमोद सिंह की कलाई पर राखी बांधकर भाईचारे, सामाजिक सद्भाव और आपसी एकता का संदेश दिया। बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी से कार्यक्रम स्थल पर नारी शक्ति का विहंगम दृश्य देखने को मिला। विभिन्न समुदायों की महिलाओं की सहभागिता ने आयोजन को सामाजिक समरसता का मंच बना दिया। प्रमोद सिंह इससे पहले भी बड़े सामाजिक आयोजनों के माध्यम से क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुके हैं। उनके नेतृत्व में आयोजित विशाल नारी शक्ति सम्मेलन में दुरदुरिया पूजन हुआ था, जिसमें करीब 50 हजार महिलाओं ने सहभागिता की थी। अब रक्षाबंधन पर हजारों बहनों को एक मंच पर जुटाकर उन्होंने एक और बड़ा आयोजन किया। प्रमोद सिंह लंबे समय से गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय हैं। उनके नेतृत्व में विशाल रक्तदान शिविर, पौधारोपण अभियान, कंबल वितरण, विराट अंतरराष्ट्रीय दंगल, भारत आल्हा महोत्सव, महाकाल तीर्थ यात्रा और विशाल खेल महोत्सव समेत कई कार्यक्रम आयोजित हो चुके हैं। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की भागीदारी रही है। प्रमोद सिंह किसी संवैधानिक या सरकारी पद पर न रहते हुए भी क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहते हैं।

## अवध विवि में हुई प्लेसमेंट ड्राइव पत्रकारिता के छात्रों ने दिखायी प्रतिभा

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र की ओर से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। ड्राइव के प्रथम चरण में आयोजित लिखित परीक्षा में बी.वॉक. एवं एमए जनसंचार एवं पत्रकारिता के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभाग के समन्वयक प्रो. अनूप कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय समाचार पत्र जैसे प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान का कैंपस प्लेसमेंट विद्यार्थियों के लिए अपनी क्षमता को राष्ट्रीय स्तर के मीडिया मंच पर प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों में रोजगारपरक कौशल के साथ-साथ व्यावहारिक पत्रकारिता की समझ भी विकसित होगी। चयन प्रक्रिया में विद्यार्थियों की हिंदी भाषा पर पकड़, लेखन क्षमता, समसामयिक विषयों की समझ एवं पत्रकारिता संबंधी दक्षता का आकलन किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को छह माह का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। प्लेसमेंट संयोजक डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि विभाग विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मीडिया हाउस का प्लेसमेंट ड्राइव विद्यार्थियों के लिए मीडिया उद्योग की अपेक्षाओं को समझने और अपनी योग्यता को परखने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने विद्यार्थियों से चयन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में आत्मविश्वास एवं पूरी गंभीरता के साथ प्रतिभाग करने का आह्वान किया।

## भगवती प्रसाद दीक्षित की पुण्यतिथि पर प्रदेश स्तरीय दंगल, पहलवानों ने दिखाये दांव-पेंच

**लालगंज ,रायबरेली।** स्वर्गीय भगवती प्रसाद दीक्षित की 40वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पारिवारिक जनों के द्वारा ग्राम पूरे पुराना गौरा, रुपई में प्रदेश स्तरीय विराट दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में दूर-दराज से आए नामी पहलवानों ने अपने दांव-पेंच दिखाकर दर्शकों का मन मोह लिया। दंगल का शुभारंभ रघुवीर हॉस्पिटल के चेयरमैन पंडित रमेश दीक्षित, भाजपा नेता अनूप पाण्डेय और भारतीय स्टेट बैंक के अवकाश प्राप्त प्रबंधक अंबुज दीक्षित द्वारा पहलवानों से परिचय प्राप्त कर किया गया। रघुवीर हॉस्पिटल के अध्यक्ष पंडित रमेश दीक्षित ने कहा कि ऐसे दंगलों से समाज में सामाजिक समरसता की भावना जागृत होती है और युवा पीढ़ी शारीरिक रूप से मजबूत होने के साथ-साथ संस्कारों से भी जुड़ती है। भाजपा नेता अनूप पाण्डेय ने कहा कि स्व. भगवती प्रसाद दीक्षित जी का जीवन सामाजिक एकता और संस्कारों को समर्पित था। उनकी पुण्यतिथि पर इस तरह के आयोजन से न सिर्फ उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि मिलती है, बल्कि हमारी परंपरागत कुश्ती कला को भी बढ़ावा मिलता है। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को समिति के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रमेश दीक्षित, राजेंद्र शुक्ला, विपिन सिंह, सतदीन, राम गोपाल सिंह, महादेव दीक्षित सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अयोध्या पहुंची चिन्मय मिशन की अमृत यात्रा



**अयोध्या।** चिन्मय मिशन के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित ह्यचिन्मय अमृत यात्राह्न रविवार को अयोध्या पहुंची। यात्रा के तहत आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्व विद्यालय, कुमारगंज के ऑडिटोरियम में विशेष वार्ता कार्यक्रम आयोजित किया गया। करीब ढाई घंटे चले कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, प्रोफेसरों, शिक्षकों और क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का संचालन उत्कर्ष तिवारी ने किया। अयोध्या के महापौर महंत गणेश पति त्रिपाठी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन को लेकर चिंतन करना चाहिए। 10-20 वर्ष बाद यह महसूस न हो कि जीवन व्यर्थ चला गया। उन्होंने कहा कि जीवन का उद्देश्य केवल संसाधन जुटाना नहीं, बल्कि अपनी पूर्णता प्राप्त करना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा और संस्कार ही सबसे बड़े संसाधन हैं। श्रीमद्भागवत, गीता और रामचरितमानस से मिली ज्ञान की पूंजी को जीवन में उतारने से ही मनुष्य को सही दिशा मिल सकती है। भगवान श्रीराम के आदर्शों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। भारतीय संस्कृति, दृष्टि और मूल्यों को दुनिया के अनेक देशों ने अपनाया है। भगवान राम के चरित्र और चिंतन पर विदेशों में भी चर्चा होती है। अयोध्या को मिली ख्याति को वैश्विक स्तर तक पहुंचाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। कौशिक चैतन्य ने बताया कि चिन्मय मिशन विश्वभर में 350 से अधिक केंद्रों के माध्यम से बच्चों, युवाओं और वयस्कों के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक विकास के लिए कार्य कर रहा है। 75 वर्ष पूरे होने पर पुणे से दिसंबर 2025 में शुरू हुई 35 हजार किलोमीटर और 295 दिन की ह्यअमृत यात्राह्न सुल्तानपुर होते हुए अयोध्या पहुंची है। सरस्वती मित्र आनंद ने कहा कि आधुनिक जीवन की तेज गति के बीच घटती आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने के लिए वेदांत के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाना मिशन का उद्देश्य है। भागवत व्यास आचार्य ज्ञानचंद द्विवेदी ने कहा कि जिस अमृत की तलाश मनुष्य बाहर करता है, वह उसके भीतर ही विद्यमान है। आवश्यकता केवल उसे जानने और पहचानने की है। कार्यक्रम में डॉ.रमेश प्रताप सिंह, चंद्रबली सिंह, डॉ.रमेश मिश्रा, विनोद पांडे, अभिषेक निर्मल, भूपेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, गया लाल अग्रहरि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## यूजीसी नेट में दो होनहारों का शानदार प्रदर्शन

**जौराबाजार, कुशीनगर।** विकास खंड फाजिलनगर के दो होनहार युवाओं ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों की सफलता से परिजनों, शिक्षकों और क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है।



फाजिलनगर के विशुनपुरा जौरा बाजार निवासी पत्रकार एवं समाजसेवी गुरुदत्त उपाध्याय तथा शिक्षिका श्रीमती सिम्पल उपाध्याय के सुपुत्र अनुभव उपाध्याय ने भूगोल विषय में यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। नकटहां मिश्र टोला, हतवा निवासी एवं नेहरू इंटर कॉलेज मंशाछापर में शिक्षक सुनील कुमार पाण्डेय तथा श्रीमती शोभा पाण्डेय के सुपुत्र मनीष कुमार पाण्डेय ने राजनीति विज्ञान विषय में यूजीसी नेट परीक्षा क्वालीफाई कर अपनी प्रतिभा का परचम फहराया है। दोनों युवाओं की इस उपलब्धि पर पूर्व विधायक गंगा सिंह कुशवाहा, विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, डीडीयू के पूर्व छात्र नेता मनोज चौबे, प्रधानाचार्यगण डा. अक्षयबर पाण्डेय, रामू चौधरी एवं अरविंद मिश्र, सीओ जोश, श्रीमती जेसी जोश, ब्रजभूषण शुक्ला, भाजपा नेता दिवाकर मणि त्रिपाठी, कन्हैया शर्मा, दीपक द्विवेदी एवं कुलदीप उपाध्याय, विनोद पांडेय, समाजसेवी पंडित अजय शुक्ला एवं पारसनाथ सिंह, सदस्य प्रतिनिधि जिला पंचायत राजन शुक्ला, ग्राम प्रधान मनोज पाण्डेय, पूर्व ग्राम प्रधान रमेश राय, चौरा खास व्यापार मंडल अध्यक्ष विकास पाण्डेय, स्वतंत्रता सेनानी आश्रित संगठन के जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र उर्फ इंदू उपाध्याय, अशोक उपाध्याय सहित अनेक लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। सभी ने दोनों होनहारों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## विभिन्न क्षेत्रों में परचम लहराने वाले मेधावी डॉ.गीता यादव पुरस्कार से सम्मानित

**कसया, कुशीनगर।** प्रोफेसर राजा यादव मेमोरियल एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में रविवार को बौद्ध स्थली कुशीनगर स्थित एक निजी होटल में डॉ.गीता यादव उत्कृष्ट सम्मान समारोह आयोजित हुआ। सम्मान समारोह में डॉ.गीता यादव उत्कृष्ट पुरस्कार से मेधावियों को सम्मानित किया गया।



सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री ब्रह्माशंकर त्रिपाठी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से प्रतिभाओं का विकास होता है। मेधावी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हैं। शिक्षा का महत्त्व अनादि काल से ही चला आ रहा है। पहले लोग पेड़ के नीचे बैठ कर शिक्षा ग्रहण करते थे। अब आधुनिक व्यवस्थाओ के बीच शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। शिक्षा का महत्त्व हमेशा रहेगा।

कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथ रूप में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजेश प्रताप राव बंटी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भंते महेन्द्र ने कहा कि भगवान बुद्ध ने अपने उपदेश में अप्प दीपो भव की भावना से आगे बढ़ने का संदेश विश्व को दिया। इसी क्रम में अतिथियों ने हाई स्कूल, इंटरमीडिएट, नीट, संगीत, खेल आदि विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 50 से ज्यादा मेधावी छात्र, छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ.मनोज कुमार यादव ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और मेधावियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। संचालन मजीबुल्लाह राही व राजेश पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर राकेश यादव उर्फ भोला पूर्व चेयरमैन मथौली, पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ.प्रियेश त्रिपाठी, बच्चा यादव, अमरजीत यादव के अलावा असीम कृष्ण राय, भगवान सिंह, वीरेंद्र सिंह सैथवार, अभय प्रताप यादव, मनू तिवारी, एजाज अहमद, जाहिद अंसारी सहित सैकड़ो की संख्या में सपा नेता, कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 86 जोड़ों का विवाह और निकाह संपन्न



**देवरिया।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद देवरिया में राजकीय आईटीआई, देवरिया परिसर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 86 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, जिसमें 80 हिंदू जोड़ों का विवाह तथा छह मुस्लिम जोड़ों का निकाह कराया गया।

वैवाहिक कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी देवरिया, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार सिंह, तहसीलदार सदर अलका सिंह, ब्लॉक प्रमुख सदर पवन गुप्ता, सांसद सलेमपुर के प्रतिनिधि रामप्रकाश यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी कुशीनगर, जिला समाज कल्याण अधिकारी देवरिया, राजन सोनकर जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा तथा नायब तहसीलदार देवरिया सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शहर के पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखद एवं सफल वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े पर एक लाख रुपये व्यय किए जाने का प्रावधान है। इसमें विवाहित कन्या के खाते में 64 हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से, 21 हजार रुपये की उपहार सामग्री तथा 15 हजार रुपये आयोजन पर व्यय किए जाते हैं।

## अयोध्या के पांच शिक्षकों को मिलेगा 'मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान'

**अयोध्या।** समाजवादी शिक्षक सभा की ओर से शिक्षक दिवस के अवसर पर तीन सितंबर को ह्यमुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान 2025-26ह्न समारोह का आयोजन किया जाएगा। गुलाबबाड़ी स्थित समाजवादी पार्टी लोहिया भवन में दोपहर एक बजे होने वाले समारोह में जनपद के पांच उत्कृष्ट शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी रविवार को संगठन के जिलाध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि आजमगढ़ के सांसद धर्मेंद्र यादव होंगे।

विशिष्ट अतिथि शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एसपी सिंह पटेल, प्रमुख महासचिव डॉ. कमलेश यादव और मंडल प्रभारी डॉ. जितेंद्र मिश्रा होंगे। सम्मान की शुरूआत वर्ष 2012 में हुई थी और तब से यह आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इस वर्ष चार सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी होने के कारण समारोह एक दिन पूर्व आयोजित किया जा रहा है। इसबार सम्मान के लिए चयनित शिक्षकों में डॉ. मीनाक्षी यादव, कार्यवाहक प्रधानाध्यापिका प्राथमिक विद्यालय उसरू अमोना, मसौधा, सुल्ताना बानो, सहायक अध्यापिका राजकीय हाईस्कूल बहरास, रुदौली, राकेश कुमार वर्मा, सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय चन्दीपुर नघरा, हैरिंग्टीनगंज, बृजेश कुमार, कार्यवाहक प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय कलापुर, मवई तथा डॉ. जन्मेजय तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसर, का.सु. साकेत महाविद्यालय शामिल हैं। सम्मान समारोह के बाद शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी भी आयोजित होगी। इसमें सांसद, पूर्व मंत्री, विधायक, जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष सहित अन्य वक्ता शिक्षकों को संबोधित करेंगे।

## बारिश से कीचड़ और गंदगी का अंबार गोमती मित्रों ने किया श्रमदान



**सुलतानपुर (वीओएल)।** लगातार हो रही बारिश के कारण श्री सीताकुंड धाम और आसपास के क्षेत्रों में फैले कीचड़ व गंदगी की रविवार को गोमती मित्र मंडल के सदस्यों ने सफाई की। हर रविवार की तरह 30 अगस्त को सुबह छह बजे शुरू हुआ श्रमदान करीब चार घंटे चला। गोमती मित्रों ने धाम के मार्गों और परिसर में जमा कीचड़ को हटाया, जिससे श्रद्धालुओं को फिसलन से बचाया जा सके। इस दौरान कुंड, श्राद्ध स्थल, सीता उपवन और शनिदेव नवग्रह मंदिर परिसर की सफाई के साथ धुलाई भी की गई। श्रमदान के बाद आरती की तैयारियां की गईं। नेपाल में हुई प्राकृतिक त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए मां गोमती से प्रार्थना की गई। श्रमदान में प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह ह्यमदनह्न, राजेंद्र शर्मा, रमेश माहेश्वरी, मुन्ना सोनी, राजेश पाठक समेत बड़ी संख्या में गोमती मित्र मौजूद रहे।

## सोहसा मोक्ष धाम के लिए एकजुट हुए क्षेत्रवासी

**कुशीनगर।** शासन प्रशासन की नजर से उपेक्षित कसया तहसील के छोटी गंडक नदी तट स्थित सोहसा मोक्ष धाम के विकास एवं वहां आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर रविवार को नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान के सचिव डॉ. हरिओम मिश्र के आह्वान पर मोक्ष धाम परिसर में क्षेत्रीय नागरिकों की बैठक हुई। बैठक में मोक्ष धाम की वर्तमान स्थिति, आवश्यक सुविधाओं तथा विकास कार्यों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।



बैठक में देव दीपावली के अवसर पर वर्ष 2024 एवं 2025 में क्षेत्रीय सांसद विजय कुमार दुबे द्वारा सोहसा मोक्ष धाम के विकास के संबंध में की गई घोषणाओं का उल्लेख करते हुए विश्वास व्यक्त किया गया कि सांसद जी क्षेत्रवासियों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य अवश्य प्रारंभ कराएंगे। इसके लिए 30 सितंबर 2026 तक प्रतीक्षा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी स्मरण किया गया कि देव दीपावली 2025 के अवसर पर क्षेत्रवासियों ने संकल्प लिया था कि यदि जिम्मेदार स्तर से मोक्ष धाम का विकास नहीं कराया जाता है तो जनसहयोग से आवश्यक विकास कार्य कराए जाएंगे। इसी संकल्प के क्रम में निर्णय लिया गया कि यदि 30 सितंबर तक विकास कार्य प्रारंभ नहीं होता है तो अक्टूबर 2026 से क्षेत्रवासियों के जनसहयोग से विकास कार्य चरणबद्ध रूप से शुरू कराए जाएंगे। नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान के सचिव डॉ. हरिओम मिश्र ने कहा कि सोहसा मोक्ष धाम क्षेत्र के लगभग 100 गांवों के लोगों की आस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल है। यहां लोग अपने स्वजनों को मोक्ष की कामना के साथ अंतिम विदाई देने पहुंचते हैं, किंतु आज भी मोक्ष धाम आवश्यक बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने कहा कि यहां पहुंचने के लिए समुचित रास्ता, साफ-सफाई, घाट, अंत्येष्टि के दौरान वर्षा से बचाव के लिए शेड तथा आवश्यकता के अनुरूप बैठने की बेहतर व्यवस्था जैसी सुविधाओं की आवश्यकता है। इस अवसर पर क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांव के गणमान्यजन उपस्थित रहे जिनमें अनिल त्रिपाठी, उमेश राव, नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, विवेक राव, कृष्णमोहन, हेमंत मिश्र, राम नरेश मिश्र, शिव कुमार पांडेय, सुभाष कान्दू, जय प्रकाश वर्मा, अमरजीत, पंकज राव, सत्यजीत सिंह, अभिषांक शर्मा, मनोज पटेल, गोलू पटेल, चंदेश्वर विश्वकर्मा, देवानंद गौड़, सेवा लाल यादव, अरुण कुमार पेशकार, अजय कुमार, प्रामोद मिश्र, संतोष पटेल, आशुतोष मद्देशिया, चंदन मोदनवाल, टाइगर, रंजीत राय, रामदास शर्मा, मनोज यादव, सत्य प्रकाश राव, कमलेश पटेल, कमलेश गुप्ता, हरिओम शर्मा, घनश्याम प्रसाद, त्रिलोकी नाथ दुबे, रमेश गौड़, मोती गौड़, राहुल कुमार, आदित्य पांडेय, निशांत मिश्र, खुर्शीद आलम आदि शामिल रहे।

# बेरोजगारी की चुनौती

देश में बेरोजगारी एक बड़ी चुनौती बन गयी है और इसका बड़ा कारण स्किल डिफिसिट माना जाता है। कौशल और रोजगार देश के समक्ष सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक हैं। नीति आयोग की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक देश में 15 से 29 वर्ष की आयु के 8.7 करोड़ लोग शिक्षा, रोजगार या प्रशिक्षण के दायरे से बाहर हैं जबकि केवल 8.25 फीसदी स्नातकों को ही अपनी पढ़ाई-लिखाई के अनुसार रोजगार मिला है। यह विसंगति देश में शिक्षा और उससे जुड़े रोजगार में बुनियादी कमजोरी को दर्शाता है। शिक्षा और कौशल नीति का लक्ष्य केवल प्रमाण पत्र देने से इतर रोजगार, आय और आजीविका की संभावनाओं को बढ़ाना होना चाहिए। परंतु कौशल संपन्नता इस चुनौती का केवल एक हिस्सा है। नवीनतम तिमाही बुलेटिन से पता चला कि 2026-27 की पहली तिमाही में गैर-कृषि क्षेत्र के अनौपचारिक प्रतिष्ठानों की संख्या पिछली तिमाही की तुलना में 5.4 फीसदी घट गई जबकि रोजगार में 9.7 फीसदी की गिरावट आई। यह संकुचन ग्रामीण भारत में विशेष रूप से तेज रहा जहां प्रतिष्ठानों की संख्या में करीब 10 फीसदी और कार्यबल में 13.4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। विनिर्माण क्षेत्र के प्रतिष्ठानों की संख्या में 8.6 फीसदी, जबकि इस क्षेत्र में रोजगार में 12.1 फीसदी की गिरावट आई। इसके अलावा रोजगार की संरचना में स्वनियोजित कार्य का दबदबा है। कार्यरत मालिकों का हिस्सा 2026-27 की पहली तिमाही में 62.4 फीसदी रहा जो एक साल पहले 60.2 फीसदी था जबकि नियोजित कामगारों का हिस्सा 24.4 फीसदी से घटकर 22.8 फीसदी हो गया। इसे उद्यमिता में वृद्धि के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। अर्थव्यवस्था




में जहां वेतनभोगी रोजगार के अवसर अपर्याप्त हैं वहां स्वरोजगार आमतौर पर उन कामगारों के लिए एक विकल्प होता है जिन्हें वेतनभोगी रोजगार नहीं मिल पाता। इसलिए नीति-निर्माण की चुनौती केवल स्वरोजगार को समर्थन देने की नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करने की है कि जो लोग अपने लिए काम करते हैं वे अधिक उत्पादक बनें और अधिक कमाई करें। यही वह जगह है जहां नीति आयोग की रिपोर्ट में प्रस्तावित कौशल नीति में बदलाव महत्त्वपूर्ण हो जाता है। भारत ने 2014-15 से अब तक 7.67 करोड़ लोगों को प्रशिक्षित किया है, लेकिन श्रम बाजार में बड़े पैमाने पर असंगति जारी रहना यह दर्शाता है कि केवल प्रशिक्षण की संख्या सफलता का अच्छा मापदंड नहीं है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि परिणाम-आधारित, उद्योग समर्थित कार्यक्रमों की ओर बढ़ा जाये। जहां फंडिंग सत्यापित प्लेसमेंट, वेतन वृद्धि और स्थायी रोजगार से जुड़ी हो, न कि केवल नामांकन और पाठ्यक्रम पूरा करने से। कार्यस्थल पर अनुभव का विस्तार भी आवश्यक है क्योंकि 80 फीसदी शिक्षार्थी अपनी डिग्री में अपर्याप्त व्यावहारिक अनुभव और उद्योग तक पहुंच नहीं होने को एक बड़ी कमी बताते हैं। उदाहरण के लिए, 2018 में केवल 8.5 फीसदी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के प्रशिक्षुओं ने अप्रेंटिसशिप ली, जबकि 6 करोड़ पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) में से केवल लगभग 32,000 ने राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना के तहत प्रशिक्षुओं को शामिल किया। प्रशिक्षण को स्थानीय श्रम बाजार की मांग से बेहतर ढंग से मिलाना भी जरूरी है। इसके लिए राज्य-स्तरीय कौशल डेटा प्रणालियों की आवश्यकता है जो प्रशिक्षण क्षमता, स्थानीय मांग, वेतन, रिक्तियों और प्लेसमेंट परिणामों की जानकारी को एक साथ लाएं। ऐसी जानकारी शिक्षार्थियों का उन क्षेत्रों की ओर मार्गदर्शन कर सकती है जहां वास्तव में अवसर मौजूद हैं बजाय इसके कि वे केवल व्यवसायों की धारणा के आधार पर पाठ्यक्रम चुनें। दरअसल प्रशिक्षण के जरिए स्किल डिफिसिट को पूरा कर रोजगार बढ़ाया जा सकता है।

## विचार

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

–कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

–शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

–एडीसन.

जिसकी हम अभिलाषा करते हैं और जिसकी सिद्धि के लिए संपूर्ण अंत:करण से प्रयास करते हैं, तो उसकी प्राप्ति हमे अवश्य होती है।

–स्वेट मॉर्डन.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

–कन्फ्यूशियस.

# त्रासदी का कारण बन रहीं ग्लेशियर झीलें



मनोज बाजपेयी

**हिमालय में सबसे बड़ा परिवर्तन ग्लेशियर और और बर्फ की दुनिया में हो रहा है। बढ़ते तापमान के कारण ग्लेशियर पीछे हट रहे हैं और बर्फ के पिघलने की गति बढ़ रही है। इससे ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता, नदी के प्रवाह और ढलानों की स्थिरता पर असर पड़ रहा है। अनेक स्थानों पर ग्लेशियर झीलों का विस्तार हो रहा है। ऐसी झीलों का प्राकृतिक अवरोध टूटने पर भीषण त्रासदी आ सकती है।**



कभी उत्तर प्रदेश के मैप में रहे उत्तराखंड में केदारनाथ जल प्रलय-2013, चमोली ग्लेशियर ब्रस्ट-2021, धराली क्लाउड ब्रस्ट-2025 को अभी हम भूले नहीं हैं। प्रकृति के महाप्रलय की ये घटनाएं हमारे मनोमस्तिष्क में किसी दुःस्वप्न के रूप में आज भी विद्यमान हैं। लेकिन इनसे बचने, प्रकृति के आक्रोष से सुरक्षित रहने के लिए हमने क्या किया? अलकनन्दा जलप्रलय-1970 के बाद पर्यावरणविद् सुन्दरलाल बहुगुणा ने पहाड़ और प्रकृति के संरक्षण के लिए 'चिपको आंदोलन' शुरू किया था, लेकिन इस आवाज को किसने और कब तक सुना? अगर सुनी होती तो आज मृतक संख्या गिनने को हम अभिशप्त न होते। पहाड़ों की कटाई, खोदाई, ड्रिलिंग, अधाधुंध विकास, मानव बस्तियों का विस्तार आज भी बदस्तूर जारी है। ऐसे में हम नेपाल में ग्लेशियर झील के फटने के बाद जो हादसा हुआ, उस पर भले ही दुखी हों, इस मानवीय त्रासदी से चिंतित हों, लेकिन इससे आगे हम कुछ करने-सोचने वाले नहीं हैं। इसलिए नेपाल में जो कुछ हुआ वह न पहला है और न आखिरी।

अगर हम प्रकृति की संरचना में संवेदनहीनता के साथ छेड़छाड़ करेंगे, तो हमे ऐसी या इससे भी भयावह त्रासदी झेलनी पड़ेगी। किसी पर्वतीय क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बिजली परियोजना प्राकृतिक आपदा की चपेट में आती है तो उसका असर केवल उस परियोजना तक सीमित नहीं रहता। पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रभावित होता है। नेपाल में हाल में आई विनाशकारी बाढ़ ने पूरे हिमालयी क्षेत्र के सामने एक गंभीर और असहज सवाल खड़ा कर दिया है- क्या हम हिमालय की प्राकृतिक क्षमता से कहीं अधिक छेड़छाड़ तो नहीं कर रहे? 26 अगस्त को नेपाल के रासुवा क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ ने घरों, सडकों, पुलों, बिजली परियोजनाओं और सीमा क्षेत्र की महत्वपूर्ण आधारभूत संरचनाओं को भारी नुकसान पहुंचाया। आरंभिक तौर पर इसे बादल फटने से जुड़ी घटना माना गया, लेकिन बाद के वैज्ञानिक अध्ययन और उपग्रह चित्रों से संकेत मिला कि ऊंचे पर्वतीय क्षेत्र में हिम और चट्टान का बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे गिरा और उसके साथ भारी मात्रा में मलबा नदी में आ गया। इसके बाद पानी, पत्थर और मलबे का ऐसा प्रवाह बना जिसने नीचे की घाटी में मौजूद बस्तियों और विकास संरचनाओं को संभलने का अवसर तक नहीं दिया। नेपाल की इस त्रासदी को केवल एक प्राकृतिक आपदा मानकर भूल जाना उचित नहीं होगा। नेपाल से प्रकाशित दो महत्वपूर्ण विश्लेषणों में भी यह चिंता सामने आई है कि जिन सड़कों, पुलों, जलविद्युत परियोजनाओं और दूसरी संरचनाओं को पुराने बाढ़ के आंकड़ों के आधार पर सुरक्षित माना गया था, वे बदलती परिस्थितियों में उतनी सुरक्षित नहीं रह गई हैं। दूसरी ओर, पहाड़ के ऊपरी हिस्से में हुई आपदा का प्रभाव नदी के साथ बहुत दूर तक नीचे पहुंचता है।

## विमर्श

इसका अर्थ है कि हिमालय में आपदा को केवल उस स्थान तक सीमित करके नहीं देखा जा सकता जहां से वह शुरू होती है। ऊपर पहाड़ में होने वाली एक घटना नीचे बसे हजारों लोगों के लिए कुछ ही समय में जीवन-मरण का प्रश्न बन सकती है। यही चिंता हमें पिछले वर्ष उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली की घटना की ओर भी ले जाती है। 5 अगस्त 2025 को धराली क्षेत्र में अचानक आई भीषण बाढ़ और मलबे ने कुछ ही समय में घरों, दुकानों, सड़कों और दूसरी संरचनाओं को अपनी चपेट में ले लिया था। इस त्रासदी ने राहत और बचाव कार्यों को भी अत्यंत कठिन बना दिया था। सबसे चिंताजनक बात यह थी कि इसका प्रभाव हर्षिल क्षेत्र में स्थित भारतीय सेना के शिविर तक भी पहुंचा। सेना के जवानों को स्वयं इस आपदा का सामना करते हुए राहत और बचाव अभियान चलाना पड़ा। इससे यह स्पष्ट हुआ कि हिमालयी खतरा केवल गांवों और पर्यटक स्थलों तक सीमित नहीं है। सीमावर्ती सड़कें, सैन्य प्रतिष्ठान, पुल, संचार व्यवस्था और बिजली परियोजनाएं भी उसी संवेदनशील भूभाग में स्थित हैं। धराली और नेपाल की घटनाएं बिल्कुल एक जैसी नहीं थीं और दोनों के तत्काल कारणों में अंतर हो सकता है, लेकिन दोनों घटनाएं एक समान चेतावनी अवश्य देती हैं। वह चेतावनी यह है कि हिमालय में हमारी आधारभूत संरचनाओं की योजना अभी भी उस पुराने हिमालय को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है, जबकि पहाड़ की भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं।

हिमालय में सबसे बड़ा परिवर्तन हिमनदों और बर्फ की दुनिया में हो रहा है। बढ़ते तापमान के कारण हिमनद पीछे हट रहे हैं और बर्फ के पिघलने की गति बढ़ रही है। इससे ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता, नदी के प्रवाह और ढलानों की स्थिरता पर असर पड़ रहा है। अनेक स्थानों पर हिमनद झीलों का विस्तार हो रहा है। यदि ऐसी झीलों का प्राकृतिक अवरोध अचानक टूट जाएं तो नीचे की ओर आने वाला पानी सामान्य बाढ़ नहीं होता। वह अपने साथ चट्टान, मिट्टी, बर्फ और मलबा लेकर आता है और उसका विनाशकारी प्रभाव कई किलोमीटर तक फैल सकता है। यहां सावधानी आवश्यक है। हर बाढ़ का कारण जलवायु परिवर्तन नहीं होता और हर बादल फटने की घटना को बढ़ते तापमान से जोड़ देना वैज्ञानिक रूप से सही नहीं होगा। किसी घटना के पीछे अत्यधिक वर्षा, भूस्खलन, हिमनद का टूटना, चट्टान का गिरना, नदी में अस्थायी अवरोध बनना या कई कारण एक साथ काम कर सकते हैं। लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण तथ्य है कि बदलता तापमान हिमालय के प्राकृतिक संतुलन को प्रभावित कर रहा है। इसलिए भविष्य की आपदाओं को केवल पुराने अनुभवों के आधार पर समझना अब पर्याप्त नहीं होगा। सबसे बड़ी समस्या तब पैदा होती है जब प्राकृतिक जोखिम और मानवीय निर्माण एक ही स्थान पर एकत्र हो जाते हैं। हम नदी के किनारे सड़क बनाते हैं, नदी के ऊपर पुल बनाते हैं, पहाड़ काटकर सुरंग बनाते हैं, ढलानों पर होटल और बस्तियां बनाते हैं और उसी क्षेत्र में जलविद्युत परियोजनाएं स्थापित करते हैं। जब नदी अपने पुराने या प्राकृतिक क्षेत्र में लौटती है तो हम उसे असामान्य कह देते हैं। लेकिन सवाल यह भी होना चाहिए कि हमने नदी के रास्ते में कितनी स्थायी संरचनाएं खड़ी कर दी हैं। जलविद्युत परियोजनाओं के मामले में यह प्रश्न और महत्वपूर्ण हो जाता है। भारत और नेपाल दोनों के लिए जलविद्युत ऊर्जा का महत्वपूर्ण स्रोत है। इसलिए यह कहना समाधान नहीं है कि हिमालय में बिजली परियोजनाएं बंद कर दी जाएं। वास्तविक समाधान यह है कि हर परियोजना की योजना बनाते समय सामान्य बाढ़ के साथ-साथ अत्यधिक बाढ़, हिमनद झील के टूटने, भूस्खलन, मलबे के प्रवाह और चट्टान तथा बर्फ के अचानक गिरने जैसी परिस्थितियों को भी ध्यान में रखा जाए। जिस परियोजना को पुराने आंकड़ों के आधार पर सुरक्षित माना गया है, उसे बदलते मौसम और भविष्य की चरम परिस्थितियों के संदर्भ में फिर से परखा जाना चाहिए। नेपाल की वर्तमान त्रासदी में बिजली परियोजनाओं व दूसरी आधारभूत संरचनाओं का प्रभावित होना इसी खतरे को रेखांकित करता है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

## सोशल मीडिया

सपा बहादुर अखिलेश यादव ने बतौर मुख्यमंत्री पिछड़ों, दलितों व सवर्णों के साथ न्याय किया होता तो आज उनको पीडीए के नाम पर वोटर्स को भ्रमित करने की जरूरत नहीं पड़ती। केशव प्र.मौ.



नेपाल में भयानक बाढ़ की वजह से आई बड़ी तबाही का समाचार अत्यंत दुखद घटना है। जिन्होंने अपने परिजनों को खोया है उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। प्रियंका गांधी.



अब यूपी का किसान केवल अन्न उत्पादक तक सीमित न रहकर क्वालिटी, ट्रेसेबिलिटी और एक्सपोर्ट स्टैंडर्ड से जुड़ी आधुनिक एग्री इकोनॉमी का भागीदार भी बनेगा। सीएम योगी.



# क्रोध पर नियंत्रण

## अंतर्दृष्टि

मानव के अंदर जितनी भी बुराइयां हैं अगर उन पर प्रभावी नियंत्रण नहीं रखता या उनसे बचने की पहल नहीं करता है, तो इससे उसके व्यक्तित्व का ह्रास होता है। बुइरायों पर विजय प्राप्त करना लक्ष्य सिद्धि के लिए जरूरी है। वासना, अत्यधिक लिप्सा और भोग की प्रवृत्ति हमारे व्यक्तित्व और चरित्र का ह्रास करती हैं। जिनके मन पर पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के र ाज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है।

# हमारी पार्टी की मुफ्तगीरी

## व्यंग्यलोक

पास में पानी रखा हुआ है और मैं उसे पी भी सकता हूं। लेकिन इस इंतजार में बैठा हूं कि कोई भी दल-दल पार्टी का नेता आएगा और चुनावों की इस बेला पे यह घोषणा पत्र जारी कर देगा कि आपको मुफ्त में पानी पिलाने की हमारी जिम्मेदारी है। आप जब भी इशारा करेंगे, तब हम उठकर आएंगे। आप स्वयं को पानी पिला देंगे। अगर ऐसी कोई मुफ्त की घोषणा कोई दल-दल पार्टी कर दे, तो मेरी इच्छा है कि मैं उसका इंतजार करूं। कितनी ही तेज प्यास लग जाए लेकिन जो मजा मुफ्त के पानी में है, वह और कहां? वैसे फिजाओं में चुनावी लहरें ज्वार-भाटा मचा रही है। वहां मुफ्त-मुफ्त की आंधियां चलाई जा रही हैं। एक दल-दल पार्टी कह रही है कि हमें वोट दोगे, तो हमारी पार्टी आपके घर वालों के सारे कपड़े मुफ्त में धोने का काम करेगी। यही नहीं कपड़ों को धोकर सुखाने का काम भी करेगी। आपके पड़ोस में जो चक्की लगी हुई है, वहां से चना-चबीना पीसाकर आपके घर पहुंचा देगी। ये हमारा दावा है। हमारी पार्टी की मुफ्तगीरी का मुफ्तस्य, मुफ्तायाः, मुफ्ताणां मंत्र वाला यह हमारा सदाबहार संकल्प है। दल-दल पार्टी का यह संकल्प गीत सुनकर दल-बदल पार्टी भी बांग दे रही है। हम आपके कपड़े सुखाएंगे भी सही और उन्हें प्रेस करके आपको पहनाएंगे भी सही! आप हमारे नेताजी को वोट देकर तो देखिए! हम पुराने पीपल वाली गली के सेकुलर चक्की से चना-मक्का पिसवाकर आपके घर तक फ्री पहुंचाएंगे। फिर घर के पड़ोस में खड़े होकर खुद जनता छाप रोटियां बेलकर उन्हें दे सकेंगे। फिर अपनी वाली पार्टी के हाथों से आपको मुफ्त में खाना भी खिलाएंगे। ये हमारा दावा है। यही नहीं इन रोटियों को पचाने के लिए हम आपके बदले एक्सरसाइज भी करेंगे। हम जिम जाएंगे, लेकिन आपके स्वास्थ्य के साथ कभी खिलवाड़ नहीं करेंगे। यह हमारी पार्टी का संकल्प पत्र है। चुनावी फिजां में इस प्रकार के संकल्प को देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। ये जो मेरे मुंह के आगे मक्खी भिन-भिना रही है और वह मुंह में घुसने की तमाम तिकड़में लगा रही है, तो भी मैं उसे कुछ नहीं कह रहा हूं। इंतजार कर रहा हूं कि कोई पार्टी आएगी और इसे अपना चुनावी मुद्दा बनाएगी। वह संकल्प पत्र जारी करेगी। भौंपू में घुसकर कहेगी कि आप अपने सामने घूमती हुई मक्खी को हरगिज न उड़ाएं। सिर्फ हमारी पार्टी को वोट देकर देखें। फिर आपके सामने किसी भी मक्खी को उड़ने की हरगिज इजाजत नहीं दी जाएगी। मक्खी उड़ाने की ये सब सेवाएं मुफ्त में कर दी जाएंगी। वातावरण में इस तरह के चुनावी संकल्प गूंज रहे हैं। वादे इठला रहे हैं। मैं सामने पड़ा हुआ पानी अभी तक नहीं पी रहा हूं, कि कोई भी दल-खोर पार्टी आएगी और वह मुझे मुफ्त पानी पिलायेगी।



रामविलास जॉगिड़

# भादो में मथुरा बन जाती है भक्ति-भावना का संगम



धर्म/आध्यात्म

वीना गौतम

भादो का महीना आते ही भारत के नक्शे पर एक शहर अचानक सिर्फ शहर नहीं रह जाता बल्कि भक्ति और भावना का संगम बन जाता है, ये है- भगवान कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा। इस महीने में जो कि आगामी 29 अगस्त से शुरू हो रहा है, मथुरा की गलियां अपने आपमें तीर्थ बन जाती हैं। यहां की हर गली में मौजूद अनेक मंदिरों वाला यह शहर एक विशाल पूजा उत्सव में बदल जाता है। जन्माष्टमी के दिन यहां पूरी रात देश के कोने-कोने से आये लाखों तीर्थयात्री भक्ति का जागरण करते हैं, तो पूरे भादो महीने यहां देश ही नहीं बल्कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आये तीर्थयात्रियों की उत्सवमयी मौजूदगी की हलचल रहती है। हालांकि साल के बाकी दिनों में भी मथुरा में तीर्थयात्रियों की भरमार रहती है, लेकिन भादो की तो बात ही अलग होती है। इस महीने में तो यह पूरा शहर कृष्णमय बन जाता है।

इस साल कृष्ण जन्माष्टमी 4 सितंबर 2026 को पड़ रही है और एक पखवाड़े पहले से ही तीर्थयात्रियों की ठहरने वाली सभी जगहें फुल हो चुकी हैं। लेकिन यह बात भी है कि इस शहर में तीर्थयात्रियों को ठहरने की कभी समस्या नहीं रहती, क्योंकि एक दशक पहले आये घर पर पर्यटकों को ठहराने की नीति के कारण मथुरा में बहुत सारे लोग इस मौके पर अपने घरों को तीर्थयात्रियों के लिए खोल देते हैं। इस शहर की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यहां कृष्ण केवल मंदिर में देवता के रूप में ही विराजमान नहीं रहते बल्कि शहर की हर गली, हर कोने, हर नुक्कड़ में लोकस्मृति और संस्कृति की जीवंतता में कृष्ण की मौजूदगी रहती है। जिला प्रशासन के मुताबिक भगवान कृष्ण का जन्मस्थान वह जगह है जिसमें परंपरा के मुताबिक कंस के कारागार में देवकी और वासुदेव नंदन कृष्ण का प्राकट्य हुआ था। कृष्ण की यही लोकस्मृति है, जिसके कारण मथुरा सामान्य धार्मिक नगरों से अलग, एक अलग ही तरह का तीर्थस्थल है। कृष्ण जन्मभूमि की सबसे बड़ी विशेषता उसका धार्मिक अर्थ ही नहीं उसकी कथा का नाटकीय चरित्र भी है। अत्याचारी कंस का कारागार, देवकी-वासुदेव की आजीवन कैद, आधी रात में कृष्ण का जन्म और फिर नवजात शिशु को लेकर वासुदेव का यमुना पार करके गोकुल पहुंचना, हजारों साल से यह कथा भारतीय जनमानस में इस कदर रची बसी है कि यहां आने वाला हर श्रद्धालु, हर जगह कृष्ण की मौजूदगी देखता है। यही कारण है कि मथुरा आने वाले तीर्थयात्री सिर्फ मंदिर का दर्शन नहीं करते। वह पूरे कथा केंद्र यानी मथुरा में जगह-जगह घूमते हैं और जहां-जहां कृष्ण की मौजूदगी के वृतांत मौजूद हैं, उन जगहों तक पहुंचकर भक्ति, भावना में आनंदित होते हैं। यही कारण है कि जन्माष्टमी की आधी रात सामान्यतः पूरा मथुरा ही नहीं बल्कि लाइव प्रसारण के कारण आजकल पूरी दुनिया में जागता हुआ मथुरा जीवंत रहता है। जैसे ही 12 बजते हैं, मंदिरों की घंटियां, शंख, भजन-कीर्तन की ध्वनियों से पूरा शहर और लाइव प्रसारण के कारण, जहां-जहां तक यह प्रसारण पहुंचता है, गूंजायमान हो जाता है। मथुरा की ताकत केवल कृष्ण जन्मभूमि तक सीमित नहीं है। इसके आसपास में पूरा ब्रज कृष्ण-कथा का विस्तृत सांस्कृतिक भूगोल बन जाता है। मथुरा अगर भगवान कृष्ण की जन्मभूमि है तो वृंदावन बालकृष्ण की लीलाओं का केंद्र है। यहीं किशोर और युवा कृष्ण अपनी तरह-तरह की लीलाओं से पूरे हिंदू समाज की स्मृति को हमेशा-हमेशा के लिए कृष्ण के रूप में जीवंत कर रखा है। वृंदावन में भगवान श्रीकृष्ण, गोपियों के साथ रास करते थे और इसके इर्दगिर्द बसे गोकुल, गोवर्धन, नंदगांव और बरसाना एक समूचा सांस्कृतिक वृत बनाता है, जो सावन से लेकर भादो के अंत तक भक्ति, भावना में कृष्णमय बना रहता है। भादो के महीने में तो पूरा ब्रज क्षेत्र कृष्ण लीलाओं का एक विशाल मंच बन जाता है। मंदिर, फूलों और रोशनी से सजा विशाल मंच। जहां झांकियां निकलती हैं, रास लीलाएं होती हैं और भजन-कीर्तन तो अनवरत चलते रहते हैं। भारत सरकार के पर्यटन पोर्टल के मुताबिक जन्माष्टमी के दौरान मथुरा-वृंदावन और पूरा ब्रज क्षेत्र आस्था, संगीत, परंपरा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का विशाल उत्सव बन जाता है। दरअसल भादो में यहां श्रद्धालुओं और सैलानियों का सैलाब इसलिए उमड़ता है। कृष्ण जन्माष्टमी का आकर्षण केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं होता बल्कि लोग उस क्षण को प्रत्यक्ष अनुभव करने की इच्छा से यहां आते हैं। क्योंकि कृष्ण परंपरा में भगवान कृष्ण के जन्म को वही क्षण माना जाता है, जब ब्रज क्षेत्र में भगवान कृष्ण की मौजूदगी का भावनात्मक एहसास होता है।

## आप की बात

### सड़कों की मरम्मत

हर बरसात के बाद सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडरग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है। इसतरह की खुदाई पर रोक लगाने के साथ ही सड़कों निर्माण में मैटेरियल का सही उपयोग होना चाहिए ताकि सड़कें टिकाऊ हों।

**मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.**

### स्वच्छता और स्वास्थ्य

उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अगर हम पीएम उज्ज्वला योजना की बात करें, तो इसकी भी खूब आलोचना हुई है। गैस देकर गरीबों को लूटने, उज्ज्वला गैस की रिफिलिंग कम होने, जैसी आलोचनाएं की गयीं, लेकिन इन बातों से हटकर अगर हम आजाद भारत में ऐसी योजनाओं की चर्चा करें जिसने देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का काम किया है, तो उसमें उज्ज्वला योजना भी है। हालांकि पीएम जनधन, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसी योजनाएं भी सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिलाओं के सशक्तीकरण का वाहक बनी हैं। हम महिला सशक्तीकरण के गीत दशकों से गाते रहे हैं, लेकिन एक दशक पहले राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कौन सी बड़ी योजना थी जो महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन का वाहक बनी। लेकिन आज कई योजनाएं हैं और उसमें उज्ज्वला गैस योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और सफल भी रही है। 1 मई 2016 से शुरू की गयी इस योजना ने अब तक 9.60 करोड़ घरों को स्वच्छ ईंधन से आच्छादित किया है। अगर एक परिवार से चार-पांच सदस्य ही लाभान्वित हों, तो सीधे-सीधे करीब 50 करोड़ लोगों को इससे लाभ हुआ है। 9.60 करोड़ घरों में उन महिलाओं की ताकत उज्ज्वला गैस बनी है जो लकड़ी, उपले या मिट्टी के तेल से खाना बनाती थीं। इससे उनको खाना बनने में अधिक समय लगता था, धुएं से स्वास्थ्य प्रभावित होता था और ऐसे समय जब वर्षा आदि के कारण जलावन में नमी आ जाती थी, तो चूल्हा जलाने में महिलाओं को इतनी फूंक मारनी पड़ती थी कि उनके सीने और मुंह में दर्द होने लगता था। अगर हम यह मान भी लें कि बहुत से घरों में उज्ज्वला गैस एक-दो बार ही भरायी जाती है, तो भी इससे बहुत मदद मिली। जलावन भीगने पर, वर्षा के दिनों में या सूखा जलावन न होने पर ही अगर गैस का प्रयोग हुआ, तो इससे भी महिलाओं को खाना बनाने में मदद मिली। बच्चों को जल्दी स्कूल भेजने में मदद मिली, स्वच्छ गैस से स्वास्थ्य बचाने में मदद मिली। उज्ज्वला गैस महिलाओं का संभल बनी है। इसीलिए केन्द्र सरकार ने 75 लाख और लाभार्थियों को जोड़ने का फैसला किया है।

**विकास श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## दो अभियुक्त गिरफ्तार



बहराइच। हरदी थाना पुलिस ने पास्को एक्ट से संबंधित मुकदमे में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी महसी पवन कुमार के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष हरदी आलोक सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना स्थानीय पर दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 194/2026, धारा 70(2), 352, 351(3) इठर एवं 5( )/6 ढडउरड अू३ से संबंधित अभियुक्त लवकुश पुत्र बेचेलाल कनौजिया और सूरज पुत्र लल्लन, निवासी परसोहना, थाना हरदी, जनपद बहराइच को गोसाई पुरवा, दां. जोत चांदपारा से हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक, 15 जून 2026 को वादी की पुत्री को दोनों अभियुक्तों द्वारा कथित रूप से जबरदस्ती पकड़कर उसके साथ गलत काम किया गया था और इसके बाद दोनों फरार हो गए थे। पुलिस टीम ने दोनों वांछित अभियुक्तों को 30 अगस्त 2026 को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की।

## 330 ग्राम हुए वाद-मुक्त, 769 वादों का हुआ संवाद से समाधान

बहराइच। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में देवीपाटन मण्डल में संचालित वाद-मुक्त देवीपाटनरू संवाद से समाधान अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में विवादों का स्थानीय स्तर पर आपसी संवाद एवं सहमति से समाधान कराया जा रहा है। अभियान के देवीपाटन मण्डलअंतर्गत चयनित 500 ग्रामों में से 330 ग्रामों को वाद-मुक्त घोषित किया जा चुका है, वहीं सामुदायिक मध्यस्थता एवं आपसी सहमति द्वारा अब तक 769 वादों का हुआ संवाद से समाधान

मण्डलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशन में गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर एवं श्रावस्ती जनपदों की 16 तहसीलों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य मण्डल के सभी ग्रामपंचायत स्तर पर सिविल, राजस्व एवं सामुदायिक प्रकृति के विवादों का गाँव स्तर पर ही संवाद और मध्यस्थता के माध्यम से उभय पक्षो का आपसी सहमति से समाधान कराना है, जिससे ग्रामीणों को अनावश्यक मुकदमेबाजी से राहत मिले तथा समय एवं धन की बचत हो रही है। यह अभियान प्रत्येक चयनित ग्राम में लेखपाल, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, महिला प्रतिनिधि एवं ग्राम के वरिष्ठ सदस्य को शामिल करते हुए पाँच सदस्यीय सामुदायिक मध्यस्थता पैनल गठित किया गया है। ग्राम पंचायत भवन अथवा सार्वजनिक स्थल पर मध्यस्थता केंद्र स्थापित किए गए हैं तथा प्रक्रिया की निगरानी के लिए नायब तहसीलदार अथवा तहसीलदार को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

## बिजनौर के दारोगा समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित

बिजनौर। जिले में कथित तौर पर उच्चाधिकारियों को बिना बताए हरियाणा में छापे मारने के मामले में एक उप निरीक्षक (दारोगा) समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, छापे के दौरान एक गैंगस्टर ने खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक केके विश्नोई ने रविवार को बताया कि थाना नांगल पुलिस को एक मामले में तिसोतरा निवासी पंकज की तलाश थी। उसकी लोकेशन गुरुग्राम, हरियाणा में मिली। दारोगा हरस्वरूप शर्मा चार सिपाहियों के साथ गुरुग्राम सेक्टर-14 में एक मकान पर पहुंचे। उनके साथ गुरुग्राम पुलिस भी थी। पुलिस को देखकर वहां मौजूद तिसोतरा के ही गैंगस्टर डिकेंद्र पाल (24) ने खुद को गोली मार ली। पुलिस ने मौके से वांछित पंकज को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने कहा कि बिना सूचना दिए दूसरे राज्य में छापे मारने के लिए दारोगा समेत पांचों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

### ट्रेन संचालन से पहले डीएम-एसपी ने परखी तैयारियां

# आज होगी ऐतिहासिक शुरुआत



**बहराइच।** नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन रूपईडीहा से 31 अगस्त 2026 को बहराइच से नवनिर्मित, विद्युतीकृत बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड ब्रॉड गेज रेल लाइन तथा गाड़ी संख्या 14213/14 वाराणसी-बहराइच एक्सप्रेस ट्रेन, गाड़ी संख्या 15131/32 वाराणसी सिटी-गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन और गोंडा-बहराइच के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 75109/10 एवं 75111/75112 डेमू ट्रेनों का नेपालगंज रोड तक के विस्तार कार्य के उद्घाटन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद व अन्य अधिकारियों के साथ रेलवे स्टेशन रुपईडीहा, जनसभा स्थल, हेलीपैड एवं पार्किंग स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन के पूरे परिसर एवं प्लेटफार्म का बारीकी से निरीक्षण किया।

उन्होंने यात्रियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, पार्किंग, जनसभा स्थल सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। इसके साथ ही ट्रेन संचालन के दौरान यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी पुलिस एवं रेलवे अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम से पूर्व सभी तैयारियां प्रत्येक स्तर पर पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यवस्था में कमी नहीं रहनी चाहिए और सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें।

वहीं पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल एवं रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए आने-जाने वाले लोगों, वीआईपी मूवमेंट, पार्किंग तथा यात्रियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस बल की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूर्ण करने तथा कार्यक्रम के दौरान यातायात, सुरक्षा, स्वच्छता और जनसुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रेलवे, प्रशासन एवं पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि मा. मंत्री रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार श्री अश्विनी वैष्णव जी द्वारा वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से उदघाटन किया जायेगा।

## हादसा या साजिश : इनोवा की टक्कर से युवा मिठाई कारोबारी की मौत

जिला संवाददाता

बहराइच। देहात कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात तेज रफ्तार इनोवा की टक्कर से स्कूटी सवार 30 वर्षीय मिठाई कारोबारी मानस यज्ञसैनी की दर्दनाक मौत हो गई। कटी चौराहा के पास पंचवटी होटल के निकट हुई टक्कर के बाद मानस इनोवा में फंस गए और करीब डेढ़ सौ मीटर तक घसीटते चले गए। घटना के बाद वाहन की नंबर प्लेट व कुछ उपकरण मौके पर मिले। पुलिस ने वाहन और चालक को हिरासत में ले लिया है। कटी चौराहा स्थित गोकुलधाम निवासी मानस यज्ञसैनी की पुलिस लाइन रोड स्थित मार्केट में विशंभर स्वीट हाउस नाम से मिठाई की दुकान थी। उनके पिता श्रवण कुमार यज्ञसैनी प्रतिष्ठित मिष्ठान कारोबारी और भाजपा नेता हैं। शनिवार रात करीब सवा 12 बजे मानस दुकान बंद कर स्कूटी से घर लौट रहे थे। पंचवटी होटल के पास तेज रफ्तार इनोवा ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह वाहन में फंस गए और काफी दूर तक घसीटते चले गए। गंभीर हालत में उन्हें मेडिकल कालेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद वाहन चालक को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। चर्चा है कि वाहन स्वामी स्वयं गाड़ी चला रहा था और बाद में चालक को थाने में सौंपे जाने की बात सामने आई। चालक बदले जाने की इस चर्चा से परिजनों का संदेह बढ़ गया है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही होगी। पोस्टमार्टम के बाद रविवार को मानस का अंतिम संस्कार किया गया। उनके पिता श्रवण कुमार यज्ञसैनी ने मुखाग्नि दी। शवदाह स्थल पर भी घटना की परिस्थितियों को लेकर लोग चर्चा करते रहे। कुछ लोगों ने हादसे की परिस्थितियों को संदिग्ध बताते हुए गहन जांच की बात कही। फिलहाल पुलिस ने वाहन और चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और पोस्टमार्टम रिपोर्ट समेत अन्य तथ्यों की जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि यह महज सड़क हादसा था या इसके पीछे कोई और वजह थी।

## मदद के बहाने 3 युवकों ने की धोखाधड़ी सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस




बांदा। शहर में एचडीएफसी बैंक के एटीएम में रविवार दोपहर एटीएम ठगी का मामला सामने आया। तीन युवकों ने मदद के बहाने अंगूठी विक्रेता मुमताज से एटीएम का कोड पूछकर कार्ड अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद आरोपियों ने उनके बैंक खाते से 50 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़ित के खाते में 3 लाख 25 हजार रुपए जमा थे। शहर कोतवाली क्षेत्र के बाबूलाल चैराहा में बगहेटा निवासी मुमताज अंगूठी बेचने का काम करते हैं। रविवार को वह नवाब टैंक पर अंगूठी बेचने आए थे। इसके बाद 10 हजार रुपए निकालने के लिए बाबूलाल चैराहा स्थित बैंक के एटीएम पहुंचे। उनके अनुसार, एटीएम के अंदर पहले से दो युवक मौजूद थे। मुमताज का आरोप है कि दोनों युवकों ने मदद करने के बहाने उनसे एटीएम का कोड पूछ लिया और कार्ड अपने हाथ में ले लिया। इसके बाद दोनों युवक एटीएम से बाहर निकलकर भागने लगे। मुमताज ने उनका पीछा किया, लेकिन दोनों पकड़ में नहीं आए। बाहर पहले से उनका एक साथी मोटरसाइकिल लेकर खड़ा था। तीनों उसी बाइक से फरार हो गए। मुमताज को मोबाइल पर आए बैंक मैसेज पढ़ना नहीं आता। बाद में आसपास मौजूद लोगों से जानकारी मिलने पर पता चला कि उनके बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से 50 हजार रुपए निकाले जा चुके हैं। इसके बाद उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एटीएम और आसपास लगे सीसी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस फुटेज के आधार पर तीनों आरोपियों की पहचान करने और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

## पुलिस ने मुस्कान अभियान के तहत 20 लाख रुपये के फोन लौटाये



बांदा। पुलिस ने मुस्कान अभियान के तहत 111 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को लौटा दिए हैं। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रुपये बताई गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर की गई। साइबर क्राइम थाना और जिले के सभी थानों की साइबर टीमों ने संयुक्त रूप से इस अभियान को अंजाम दिया। लोगों द्वारा विभिन्न स्थानों पर मोबाइल गुम होने की शिकायतें दर्ज कराई गई थीं। इसके बाद साइबर टीमों ने तकनीकी माध्यमों का उपयोग कर मोबाइलों को ट्रेस करना शुरू किया। लगातार तकनीकी जांच और प्रयासों के बाद पुलिस टीमों को इन मोबाइलों को बरामद करने में सफलता मिली। बरामद किए गए कुल 111 मोबाइलों में से 80 मोबाइल साइबर क्राइम थाना की टीम ने और 31 मोबाइल समस्त थानों की साइबर टीमों ने बरामद किए। रविवार को पुलिस लाइन सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज और सहायक पुलिस अधीक्षक-क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम मेविस टॉक ने बरामद किए गए मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे।

## परसेण्डी चीनी मिल में किया ध्वजारोहण



कैसरगंज। विगत माह की भांति इस माह के अंतिम रविवार को ध्वज वंदन कार्यक्रम जलालपुर निकट परसेण्डी चीनीमिल मे किया गया। जिसमे ध्वजारोहण राष्ट्रीय प्रशिक्षक विनय सिंह ने किया। ध्वजरक्षक की भूमिका मे विष्णु यादव कार्यवाहक मुख्य संगठक सेवादल रहे। ध्वज वंदन से पूर्व वंदेमातरम् तथा ध्वज फहराने के पश्चात ध्वज गीत विजयी विश्व तिरंगा प्यारा एवं राष्ट्रगान जन गण मन का गायन किया गया। इस दौरान राष्ट्र ध्वज तिरंगे को सामूहिक सलामी दी गई और सामूहिक रुप से आजादी के धरोहरो व भारतीय संविधान की सुरक्षा तथा सम्मान हेतु प्रतिज्ञा लिया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता विनय सिंह ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार तिरंगे परचम को उनके स्वरुप तथा मानक को घटाकर तथा घर घर तिरंगा बांटकर व तिरंगा यात्रा निकालकर अपने को असली राष्ट्रभक्त बताने मे कोई कसर न छोड रही है किन्तु यह नही जानती कि इससे हमारा तिरंगा परचम बदहाली और उपेक्षा का शिकार हो रहा है। आज लोग तिरंगा लेकर फोटो खिंचवाने के बाद उसके अस्तित्व तथा सम्मान के साथ खिलवाड कर रहे है। जिससे तमाम तिरंगा परचम कूडे कचरे नालियों मे फेंका जाता है तथा कुछ लोग यात्रा मे शामिल होकर अपने नेता को खुश करने के बाद उसी तिरंगे से पसीना और मोटरसाइकिल तक साफ करने से बाज नही आते हैं। उन्होंने कहा कि गांव गलियों बाजारों में घर घर तिरंगा को फहरा दिया जाता है किन्तु तिरंगा बांटने से पूर्व उसके फहराने और उतारे जाने जैसे नियमों की जानकारी न देने के वजह से तिरंगा धूल धूसरित एवं बदहाली का शिकार हो जाता है।

## मोबाइल छीनने वाले गिरोह का पर्दाफाश

### पुलिस ने एक को दबोचा दूसरे की तलाश



चांदपुर। पुलिस ने मोबाइल छीनने की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से छीना गया सैमसंग गैलेक्सी एस-21 मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल मोटर साइकिल बरामद की है।

जानकारी के अनुसार चांदपुर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 अगस्त 2026 संभल के रायसत्ती थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद जैद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने उनका सैमसंग गैलेक्सी एस-21 मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। मामले में चांदपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद 29 अगस्त 2026 को जलालपुर गांव निवासी सुंदरपाल ने भी मोबाइल छीनने की शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने उनका वीवो कंपनी का मोबाइल फोन छीन लिया। चांदपुर पुलिस ने इस मामले में भी मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चांदपुर के मोहल्ला संतनगर निवासी हिमांशु पुत्र अंशु को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से सैमसंग गैलेक्सी एस-21 मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल आर-15 मोटर साइकिल बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में हिमांशु ने बताया कि 26 अगस्त की शाम करीब 7 बजे वह अपने साथी गौतम पुत्र कल्ला के साथ मोटर साइकिल से जा रहा था। इसी दौरान उन्होंने प्लाईवुड कंपनी से बाहर निकले एक व्यक्ति को फोन पर बात करते देखा। दोनों ने मौका पाकर उसका मोबाइल छीन लिया और अम्हेड़ा की ओर फरार हो गए। करीब एक घंटे बाद दोनों दत्तियाना रोड की ओर पहुंचे। सैंदवार से पहले उन्हें ई-रिक्शा में बैठकर फोन पर बात करता एक व्यक्ति दिखाई दिया। आरोप है कि दोनों ने उसका भी मोबाइल छीन लिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन सड़क पर अधिक भीड़ होने के कारण मोबाइल छीनना आसान लगा। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के संबन्धित धाराओं में चालान कर दिया है। पुलिस के अनुसार फरार साथी गौतम की तलाश की जा रही है जल्द ही दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया जायेगा।

## अधिवक्ता महासम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



बांदा। संयुक्त बार एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में अधिवक्ता महासम्मेलन का आयोजन रविवार को हुआ। जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में सभी अधिवक्ता शामिल हुए। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विमल कुमार सिंह, महासचिव राजेश कुमार त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, विनोद सिंह, शिवपूजन पटेल ने बताया कि महासम्मेलन में प्रदेशभर के बार पदाधिकारियों ने सहभागिता कर अधिवक्ताओं के हित, सुरक्षा, कल्याणकारी योजनाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सम्मेलन में मेरठ बार संघ के अध्यक्ष रवींद्र सिंह कुमार, बनारस के अवधेश सिंह राय, मिजार्पुर के अभयराज सिंह, गोरखपुर के पूर्व महामंत्री वीरेंद्र तिवारी, इलाहाबाद के पूर्व महामंत्री-दिनेशचंद्र पांडेय, सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष सत्यदेव सिंह, पीलीभीत के मोहन गिरी गोस्वामी, कौशाम्बी, कानपुर के महामंत्री विनय मिश्रा, राजीव यादव आदि शामिल हुए।

## बाइक यात्रा रैली में उमड़ी भीड़

जिला संवाददाता



बिजनौर। महाराजा दक्ष प्रजापति की पावन जयंती पर आज महाराजा दक्ष प्रजापति समिति, चांदपुर के तत्वावधान में भव्य बाइक यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति ने सम्मिलित होकर समाजजनों का उत्साहवर्धन किया। बाइक यात्रा सागर बैंकट हॉल चांदपुर से प्रारंभ होकर जालाली रोड स्थित सौभाग्य बैंकट हॉल तक निकाली गई। राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने रविवार को आयोजित बाइक रैली में कहा कि महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती पर आयोजित बाइक यात्रा में सम्मिलित होकर उन्हें गौरव एवं आत्मीयता की अनुभूति हुई। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ ही युवा पीढी को अपने गौरवशाली इतिहास, संस्कार एवं संस्कृति से जोडने का कार्य करते हैं। यात्रा के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। मातृशक्ति की गरिमामयी सहभागिता तथा बच्चों के उत्साह ने कार्यक्रम की भव्यता को और बढाया। यात्रा में बडी संख्या में स्वजातीय बंधुओं, युवाओं, मातृशक्ति एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। बाइक यात्रा ने समाज की एकता, सामाजिक चेतना, संस्कार एवं स्वाभिमान का संदेश दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री, पिछडा वर्ग मोर्चा महेंद्र सिंह प्रजापति, संस्थापक एवं प्रबंधक, आभा फाउंडेशन एवं फादर्स पब्लिक स्कूल आभा सिंह, सुरेश बहादुर प्रजापति, जिला कमांडेंट बिजनौर बेदपाल सिंह चपरान, मंच संचालक जल सिंह तथा कार्यक्रम आयोजक धर्मेंद्र प्रजापति सहित बडी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक धर्मेंद्र प्रजापति एवं उनकी पूरी टीम द्वारा बाइक यात्रा के सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

## शराब ठेके पर विवाद ,गोली से मनीष की मौत



फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के असनी गांव में शराब के ठेके के सामने मामूली कहासुनी के बाद शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद के दौरान लाइसेंसी रिवाल्वर से की गई फायरिंग में गोली लगने से मनीष दुबे गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए हायर सेंटर ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है और पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी हैं। पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक के अनुसार, असनी गांव निवासी मनीष दुबे का बेटा वैभव शराब के ठेके के सामने से गुजर रहा था। इसी दौरान ठेके के सेल्समैन गोवर्धन निषाद के लड़कों से उसकी कहासुनी हो गई। जानकारी मिलने पर वैभव की तरफ से मनीष दुबे समेत कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंचे। वहीं सेल्समैन गोवर्धन निषाद ने भी ठेके के मालिक अमन सिंह और मनु सिंह को फोन कर मौके पर बुला लिया। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद बढ़ गया। इसी दौरान आरोप है कि मनु सिंह ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से फायर कर दिया, जिसकी गोली मनीष दुबे को जा लगी। गोली लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल मनीष को परिजनों और पुलिस की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मार्चरी भेज दिया है। वहीं परिजनों की तहरीर प्राप्त कर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले में अमन सिंह और मनु सिंह मुख्य अभियुक्त हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। उन्होंने कहा कि दोनों आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं शराब ठेके के सेल्समैन गोवर्धन निषाद को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## शिक्षिका की सड़क हादसे में मौत

बांदा। आरटीओ कार्यालय के पास सड़क के बड़े गड्ढे में बाइक का पहिया जाने से रक्षाबंधन पर भाई को राखी बांधकर तिंदवारी से लौट रही शिक्षिका की मौत हो गई। आरटीओ कार्यालय बाइपास के पास सड़क के गड्ढे में बाइक का पहिया जाने से शिक्षिका उछलकर सड़क पर जा गिरीं। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। तिंदवारी थाना क्षेत्र के भिडौरा गांव निवासी शिवप्रसाद तिंदवारी के प्राथमिक विद्यालय-2 में प्रधानाध्यापक हैं। वह परिवार के साथ बांदा शहर के गायत्री नगर में रहते हैं। उनकी पत्नी मीरा देवी (40) उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला गूलरनाका में शिक्षिका थीं। शनिवार को रक्षाबंधन के अवसर पर शिवप्रसाद पत्नी मीरा देवी को बाइक से उनके मायके नगनेधी ले गए थे। वहां भाई को राखी बांधने के बाद देर शाम दोनों बाइक से बांदा लौट रहे थे। बताया गया कि आरटीओ कार्यालय के पास सड़क के गड्ढे में बाइक का पहिया जाते ही मीरा देवी उछलकर सड़क पर जा गिरीं। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

## अधिकारों के प्रति सजग हुईं बहू-बेटियां



महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति के अंतर्गत 30 अगस्त 2026 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन द्वारा जारी एसओपी के क्रम में आयोजित इन सम्मेलनों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें अपने अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मनिर्भरता के अवसरों के प्रति जागरूक करना रहा। विभिन्न थाना क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं, बहुओं, बालिकाओं, छात्राओं, आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्त्रियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, ग्राम प्रधानों तथा स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। सम्मेलन के दौरान महिला पुलिस टीमों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद करते हुए उनके समक्ष आने वाली समस्याओं, सुरक्षा संबंधी चिंताओं एवं सामाजिक चुनौतियों पर चर्चा की गई। महिलाओं को घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, बाल विवाह, महिला उत्पीड़न तथा लैंगिक अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं द्वारा बताई गई समस्याओं एवं सुझावों को पुलिस टीमों द्वारा गंभीरता से सुना गया तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## जिला कारागार में चिकित्सा शिविर आयोजित




जिला संवाददाता

बिजनौर। जिला कारागार बिजनौर में लायन्स क्लब बिजनौर एवं लायनस क्लब बिजनौर के द्वारा सभी प्रकार रोग के प्रसिद्ध व मशहूर चिकित्सकों द्वारा एक विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बन्दियों एवं कारागार कार्मिकों को उनके रोगों के अनुसार उचित ईलाज का सुझाव दिया गया तथा साथ ही आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया।

रविवार को जिला कारागार में आयोजित चिकित्सा शिविर क्लीनिकल पैथोलोजी का भी स्टॉल लगाया गया साथ ही लायनस क्लब के द्वारा जेल में निरूद्ध महिला बन्दियों व उनके साथ रह रहे बच्चों को ब्रान्डेड कपड़े व साड़ियों का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी जसजीत कौर व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई, पीयूष कुमार अध्यक्ष लायन्स क्लब बिजनौर, प्रतिभा सिंह अध्यक्षा लायनस क्लब, बिजनौर एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा इस महान चिकित्सा कैम्प का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। चिकित्सा शिविर में नाक, कान, आँख, गला, स्किन, कार्डियोलोजी, हड्?डी रोग विशेषज्ञ, दन्त रोग विशेषज्ञ, सामान्य फिजिशियन, क्लीनिकल पैथोलोजी, नैचर पैथी के विशेषज्ञों द्वारा सभी प्रकार के रोगों का उपचार किया गया तथा समस्त बन्दियों एवं कारागार कर्मियों को आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया। लायन्य क्लब एवं लायनस क्लब द्वारा अगले वर्ष 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर इसी प्रकार का भव्य महा चिकित्सा शिविर लगाये जाने की घोषणा भी की। कार्यक्रम के अन्त में जेल अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम आयोजित किये जाने पर संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

## आरक्षण बचाओ पदयात्रा की समीक्षा, दो सितंबर के कार्यक्रम की बनायी रणनीति



फतेहपुर। जनहित संकल्प पार्टी की मासिक बैठक रविवार को डाक बंगला स्थित पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष मुकेश पटेल की अध्यक्षता में हुई बिंदकी विधानसभा प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में हुई बैठक में शनिवार को शहर में निकाली गई आरक्षण बचाओ पदयात्रा की समीक्षा की गई साथ ही दो सितंबर को लखनऊ के ईको गार्डन में प्रस्तावित कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई बैठक का संचालन जिला प्रवक्ता सुरेंद्र मौर्य ने किया सरदार सेना के गुजरात प्रदेश प्रभारी डॉ. सत्येंद्र प्रखर और जिला महासचिव उदय पटेल ने पदयात्रा की समीक्षा करते हुए कार्यकताओं की सहभागिता और कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। पदयात्रा में सहयोग और सहभागिता के लिए कार्यकताओं का आभार भी जताया गया। आगामी दो सितंबर के कार्यक्रम में अधिक से अधिककार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं वहीं वक्ताओं ने कार्यकताओं से एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष मुकेश पटेल और बिंदकी प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर लगातार संघर्षरत है।

संक्षेप

## जावा येज्दी ने की जावा ऑल स्टार्स की शुरुआत की घोषणा

बंगलुरु। जावा येज्दी मोटरसाइकल्स ने जावा ऑल स्टार्स की शुरुआत की घोषणा की है, जो उन मूल्यों की एक नई अभिव्यक्ति है जिन्होंने लंबे समय से जावा राइडर्स को परिभाषित किया है। इस नए अध्याय का पहला कदम जावा 42 एफजे के जरिए सामने आया है, जो ब्रांड की नियो-क्लासिक डिजाइन भाषा का एक नया और समकालीन स्वरूप पेश करता है। वर्षों से, जावा की आत्मा भावना एक खास तरह के राइडर के साथ जुड़ी रही है–जो अनुरूपता से अधिक अपनी विशिष्टता को और दिखावा आकर्षित करने से अधिक आत्मविश्वास को महत्व देता है। इन राइडर्स ने हमेशा एक अनकहा उसूल साझा किया है, जो इस बात से नहीं झलकता कि वे क्या कहते हैं, बल्कि उनके द्वारा चुने गए विकल्पों और उनके खुद को पेश करने के तरीके से दिखता है। जावा ऑल स्टार्स इसी उसूल को एक नाम देता है।

## भरोसे का टोकन होते हैं क्लेम : एक्सिस मैक्स लाइफ

बंगलुरु। इंश्योरेंस एक वादा है, जो भविष्य में कोई जरूरत पड़ने पर साथ का भरोसा देता है। इस वादे की परख सिर्फ एक बार होती है, जब कोई क्लेम किया जाता है। इसीलिए क्लेम सेटलमेंट सिर्फ एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह किसी बीमा कंपनी के भरोसे का टोकन है। यह इस बात का एकमात्र और स्पष्ट प्रमाण है कि बीमा कंपनी अपने मूल उद्देश्य को किस हद तक पूरा कर रही है। किसी लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी में बहुत से आकर्षक फायदों, किफायत और आसान डिजिटल प्रक्रियाओं का वादा किया जा सकता है। लेकिन जब कोई परिवार अपने घर के मुख्य कर्ताधर्ता को खो देता है, उस समय सिर्फ एक ही सवाल मायने रखता हैः क्या बीमा कंपनी अपने किए वादों पर खरा उतरेगी? हमारा रेश्यो 2021-22 में 99.34 प्रतिशत था और लगातार सुधरते हुए 2025-26 में 99.8 प्रतिशत तक पहुंच गया, जो इस इंडस्ट्री के सर्वश्रेष्ठ क्लेम पेड रेश्यो में से है।

## देवी संस्थान ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में घंटी बजायी

मुंबई। डिग्निटी एजुकेशन विजन इंटरनेशनल (देवी संस्थान) ने मुंबई के दलाल स्ट्रीट स्थित पी.जे. टावर्स में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सभागार में आयोजित विशेष घंटी बजाने के समारोह के साथ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के सामाजिक स्टॉक एक्सचेंज में अपने सूचीबद्ध होने का महत्वपूर्ण अवसर मनाया।इस समारोह में शिक्षा, परोपकार, कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और वित्तीय क्षेत्रों के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह अवसर देवी संस्थान की उस यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव रहा, जिसका उद्देश्य पूर्णतः साक्षर भारत के अपने दृष्टिकोण को साकार करना है। सोशल स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होना केवल संसाधन जुटाने का एक नया माध्यम नहीं है। यह सामाजिक क्षेत्र में अधिक पारदर्शिता, जवाबदेही, विश्वसनीयता और संस्थागत अनुशासन स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## कौन बनेगा करोड़पति 18 से अमिताभ ने जया को भेजा संदेश

मुंबई। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के कौन बनेगा करोड़पति सीजन 18 के आगामी एपिसोड में कंटेस्टेंट प्रीतिराज ने होस्ट अमिताभ बच्चन से मजेदार सवाल किया कि क्या उनकी पत्नी जया बच्चन उन्हें देर रात घर लौटने पर डाँटती हैं। इस सवाल ने होस्ट को अपने पारिवारिक जीवन की एक प्यारी झलक साझा करने के लिए प्रेरित किया। बच्चन ने साझा किया, देखिए देवीजी हमें पता होता है कि क्या होनेवाला है तो हम क्या करते हैं, कि हम सुबह उठते ही सबसे पहले जो हमारा परिवार है उनके सबके नाम लिखे हैं कॉन्टैक्ट में और एक ग्रुप बना है जिसमें हम मैसेज कर देते हैं कि नमस्कार, हाथ जोड़कर फिर लिखेंगे आज हमारा शूटिंग है इधर-उधर तो आज देर से आऊंगा तो खाने-पीने का इंतजार मत करना पहले ही बता के रखते हैं तो इसके लिए हम बच जाते हैं। लेकिन मान लीजिए कि आपने नहीं बताया, तब पड़ेगी आपको यह बोलकर कि कहाँ थे आप, आपने बताया नहीं यह कोई वक्त हैं अनेका। तो अगर हमें बहुत देर होती है तो वो खुद ही खाना खा लेती हैं और सोने चली जाती हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या स्टाफ अनुपस्थित होने पर वे घर के काम संभालते हैं, तो उन्होंने अपने घरेलू अंदाज को साझा करते हुए कहा कि चार हो, या आठ हो, या दास हो, स्टाफ घर पे नहीं होता तो सारा काम मैं हीन करता हूँ, साफ-सफाई वगेरा कर लेते हैं, खाना बनाना नहीं आता है, तो कभी बाहर से मंगाते हैं या कभी उनको हीन बोल देते हैं कि देवीजी आप बना दीजिए।

# कंपनियों की पूंजी 1.13 लाख करोड़ रुपये घटी



नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार में पिछले सप्ताह जारी गिरावट के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से।,13,000 करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे अधिक नुकसान हुआ।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 276.32 अंक यानी 0.35 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 76.35 अंक यानी 0.31 प्रतिशत नीचे आया। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 40,500.85 करोड़ रुपये घटकर 11,74,462.30 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 40,056.32 करोड़ रुपये घटकर 17,38,119.27 करोड़ रुपये पर आ गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 11,558.35 करोड़ रुपये घटकर 11,09,600.70 करोड़ रुपये रह गई। बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में 10,086.05 करोड़ रुपये की कमी आई और यह 6,70,535.57 करोड़ रुपये पर आ गया। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का बाजार पूंजीकरण 6,473.45 करोड़ रुपये घटकर 5,55,987.49 करोड़ रुपये रहा। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 3,162.5 करोड़ रुपये घटकर 5,32,817.81 करोड़ रुपये रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण।,550.73 करोड़ रुपये घटकर 4,72,361.83 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के उलट टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के बाजार पूंजीकरण में 16,643.20 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 8,48,079.71 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 4,475.28 करोड़ रुपये बढ़कर 10,22,805.73 करोड़ रुपये हो गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार पूंजीकरण में 599.99 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई और यह 9,65,568.75 करोड़ रुपये रहा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। इसके बाद क्रमशः भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, भारतीय जीवन बीमा निगम और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

## 35 रुपये प्रति किलो प्याज की बिक्री शुरू



लखनऊ। नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ने लखनऊ में 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से प्याज की खुदरा बिक्री शुरू की, जो 40-60 रुपये प्रति किलोग्राम की मौजूदा बाजार कीमत से काफी कम है। बिक्री हेतु मोबाइल वैन के संचालन का शुभारम्भ बीएल वर्मा, राज्य मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता मामले ने नवीन, गल्ला मण्डी स्थल गेट संख्या-2 से हरी झंडी दिखाकर मोबाइल वैन को रवाना किया गया।

इस अवसर पर नीरज बोरा, विधायक लखनऊ उत्तरी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे एवं उनके साथ-साथ जिसमें संस्था के मुख्यालय नई दिल्ली से महाप्रबंधक, कार्मिक एवं प्रशासनिक, मुख्यालय, नई दिल्ली एवं संस्था के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बढ़ती कीमतों से बचाना है और साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को उचित लाभ मिले। अधिकारियों का कहना है कि यह पहल दर्शाती है कि कैसे आधुनिक भंडारण तकनीकें कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने, आपूर्ति को स्थिर करने और उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाली उपज प्रदान करने में मदद कर सकती हैं। यह एक संतुलित दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है, जो किसानों की आय को सुरक्षित रखते हुए उपभोक्ताओं को महंगाई से बचाता है। एनसीसीएफ लखनऊ भर में 20 स्थानों पर तैनात मोबाइल वैन के माध्यम से यह खुदरा बिक्री करेगा। मोबाइल वैन के स्थान की सूची संलग्न है। प्याज के अलावा, एनसीसीएफ अपने उपभोक्ता ब्रांड जनह के तहत उच्च गुणवत्ता वाले और किफायती खाद्य उत्पादों की एक शृंखला भी पेश करता है। ये उत्पाद किसान उद्यमों से खरीदे जाते हैं।

## ईरान तनाव के बीच सर्राफा बाजार में उतार-चढ़ाव के आसार

नयी दिल्ली। अमेरिकी रोजगार के आंकड़ों और भू-राजनीतिक तनाव के बीच सर्राफा कारोबारी सितंबर माह में उतार-चढ़ाव के एक और दौर के लिए तैयार हैं। विश्लेषकों का कहना है कि निवेशक भारत सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के विनिर्माण और सेवा पीएमआई आंकड़ों पर भी नजर रखेंगे। बीते सप्ताह सोने की कीमतों से 6,000 रुपये से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। आने वाला सप्ताह अत्यधिक उतार-चढ़ाव भरा रहने की संभावना है, क्योंकि बाजार भागीदार सितंबर में फेडरल रिजर्व की नीति में बदलाव की संभावना को भुनाने का प्रयास कर रहे हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अक्टूबर डिलिवरी वाला सोना वायदा पिछले सप्ताह 6,157 रुपये यानी 3.8 प्रतिशत गिरकर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया, जबकि सितंबर अनुबंध वाली चांदी 9,893 रुपये यानी चार प्रतिशत टूटकर 2.36 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। एमसीएक्स सोने में पिछले सप्ताह तेज गिरावट देखी गई, जो लगभग 1.63 लाख रुपये से गिरकर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इसके चलते सप्ताह के ऊपरी स्तर से लगभग 6,000 रुपये से अधिक की गिरावट आई। मुद्रास्फीति और मौद्रिक नीति पर उनकी टिप्पणियों ने सर्राफा बाजारों में मुनाफावसूली को बढ़ावा दिया।

## एफपीआई ने शेयर बाजार में 30919 करोड़ डाले



नयी दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भरोसा धीरे-धीरे लौटता दिखाई दे रहा है। एफपीआई ने अगस्त में भारतीय शेयरों में 30,919 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसके साथ ही विदेशी निवेशकों की खरीदारी का सिलसिला लगातार दूसरे महीने जारी रहा। जुलाई में भी उन्होंने भारतीय शेयर बाजार में 20,200 करोड़ रुपये डाले थे। विदेशी निवेशकों की लगातार दो महीने की खरीदारी को बाजार में संभावित रुख बदलने का शुरुआती संकेत माना जा रहा है।

सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले एफपीआई ने मार्च से जून तक भारतीय शेयर बाजार से भारी निकासी की थी। मार्च में उन्होंने।,17,000 करोड़ रुपये, अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये, मई में 32,963 करोड़ रुपये और जून में 49,340 करोड़ रुपये निकाले थे। हालांकि, फरवरी में एफपीआई लिवाल रहे थे और उन्होंने 22,615 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। हालांकि, वर्ष 2026 में अब तक विदेशी निवेशक भारतीय शेयरों में कुल मिलाकर 2,23,000 करोड़ रुपये के शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं। यह आंकड़ा पूरे वर्ष 2025 में दर्ज।,66,000 करोड़ रुपये की निकासी से भी अधिक है। भारत में एफपीआई निवेश बढ़ने के प्रमुख कारणों में चिप कारोबार में आया बदलाव, रुपये की स्थिरता और भारतीय कंपनियों के मुनाफे में सुधार शामिल हैं। जून तिमाही में कंपनियों के वित्तीय नतीजों में सुधार के संकेत मिले हैं। इससे मुनाफे में सुस्ती को लेकर पहले बनी चिंताएं कुछ कम हुई हैं। इसके अलावा आर्थिक गतिविधियों में मजबूती और ऋण वृद्धि में सुधार ने भी भारत की दीर्घकालिक आर्थिक संभावनाओं को लेकर विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। नकदी बाजार में विदेशी निवेशकों की वापसी उनके बढ़ते भरोसे का संकेत देती है, लेकिन वायदा बाजार में अब भी सतर्कता बनी हुई है।

## गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों की हो समीक्षा

नयी दिल्ली। आर्थिक शोध संगठन ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों (क्यूसीओ) की समीक्षा का सुझाव दिया, ताकि ये मानक उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ आयात प्रतिबंध या लाइसेंस संबंधी बाधा न बनें। जीटीआरआई ने कहा कि इन आदेशों के तहत अनिवार्य गुणवत्ता प्रमाणन से लागत बढ़ती है, जिससे सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) पर दबाव पड़ता है और वस्तुएं महंगी हो जाती हैं। यदि दूसरे देश भी इसी तरह के आदेश लागू करते हैं, तो भारतीय निर्यातकों को अलग-अलग देशों के लिए अलग प्रमाणन हासिल करना पड़ सकता है, भले ही उनके उत्पाद पहले से ही मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हों।

## जी और गूगल ने की साझेदारी

नई दिल्ली। दर्शकों और कहानियों के इसी खास रिश्ते को देखते हुए जी और गूगल साथ आए हैं, ताकि फिक्शन पर आधारित एआई सर्च इंटीग्रेशन पेश की जा सके। इसके तहत गूगल सर्च के एआई मोड को जी टीवी के लोकप्रिय फिक्शन शो गंगा माई की बेटियां समेत अन्य शोज की कहानी की दुनिया में शामिल किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस पर लॉन्च होने वाली यह साझेदारी पारंपरिक प्रोडक्ट प्लेसमेंट से आगे बढ़ती है। इसमें गूगल सर्च के एआई मोड को प्रमुख किरदारों के सफर में स्वाभाविक तरीके से शामिल किया गया है।

## सरसों में सुधार, सोयाबीन में गिरावट

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में मजबूती के बीच बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन में सीमित बढ़त देखने को मिली। वहीं सोयाबीन तेल-तिलहन और बिनौला तेल के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए।

लागत से कम दाम पर बिकवाली के बीच कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल तथा ऊंचे दाम पर कमजोर कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे। सोमवार को छुट्टी की वजह से मलेशिया एक्सचेंज बंद रहेगा। बाजार सूत्रों ने कहा कि सरसों की उपलब्धता कम है जिसके कारण बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन के दाम में मामूली सुधार देखने को मिला। यह भी तथ्य है कि ऊंचा दाम होने की वजह से सरसों की लिवाली कमजोर बनी हुई है। जब तिलहन के दाम ऊंचे हैं तो तेल के दाम स्वाभाविक रूप से अधिक ही होंगे। उन्होंने कहा कि सोयाबीन के बड़े संयंत्र किसानों से सस्ते में सोयाबीन की खरीद करने के मकसद से सोयाबीन का दाम घटाते-बढ़ाते रहते हैं। बीते सप्ताह तेल संयंत्रों द्वारा दाम घटाये जाने के कारण सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम में मामूली गिरावट रही। लेकिन यह भी तथ्य है कि सोयाबीन की उपलब्धता कम है और इसके तेल-रहित खल (डीओसी) की स्थानीय मांग बनी हुई है। हालांकि, इसके बावजूद आयातक लागत से नीचे दाम पर सोयाबीन एवं पाम-पामोलीन तेल बेच रहे हैं। ऐसी बिकवाली की वजह से विदेशों में मजबूती के बावजूद यहां उतना असर नहीं देखने को मिलता।

## राखी 2026 का उत्सव मीशो पर ऑर्डर्स में 36 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली। पिछले एक महीने के दौरान मीशो पर राखी की खरीदारी में तेजी देखने को मिली। इस दौरान प्लेटफॉर्म ने पिछले वर्ष की समान राखी शॉपिंग अवधि की तुलना में ऑर्डर्स में लगभग 36प्रतिशत की वृद्धि और जीएमवी में लगभग 38प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।छोटे शहरों तक तेजी से पहुंच रहा ई-कॉमर्स : इस वर्ष मीशो पर राखी के कुल ऑर्डर्स में लगभग 73प्रतिशत हिस्सेदारी नॉन-मेट्रो भारत की रही। यह दशार्ता है कि देश के बड़े शहरों से आगे अब छोटे शहर भी त्योहारी ई-कॉमर्स की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सबसे तेज वृद्धि टियर 3 और टियर 4 बाजारों में दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश के छोटे औद्योगिक शहर दादरी ने लगभग 105 प्रतिशत सालाना वृद्धि के साथ सबसे आगे स्थान बनाया।

## रूस को पेट्रोल भेजने वाला प्रमुख देश बना भारत

नयी दिल्ली। यूक्रेन के ड्रोन हमलों के कारण रूस की रिफाइनरी में ईंधन उत्पादन प्रभावित होने के बीच भारत, रूस को पेट्रोल की आपूर्ति करने वाले प्रमुख देशों में शामिल हो गया है। जहाज निगरानी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

अगस्त में रूस का समुद्री रास्ते से पेट्रोल आयात करीब 125,000 बैरल प्रतिदिन के रिकॉर्ड पर पहुंच गया। यह पूरे माह के लिए लगभग 4.7 लाख टन के बराबर है। रूस की रिफाइनरी पर लगातार हो रहे ड्रोन हमलों से घरेलू ईंधन उत्पादन में भारी गिरावट आई है। व्यापार सूत्रों के अनुसार, भारतीय रिफाइनरी इकाइयों ने पिछले दो माह में रूस को करीब 10 लाख बैरल पेट्रोल की आपूर्ति की है। इसमें मुख्य भूमिका गुजरात स्थित वाडिनार रिफाइनरी की रही है, जिसका संचालन नयारा एनर्जी करती है। नयारा एनर्जी में रूस की सरकारी पेट्रोलियम कंपनी रोसनेफ्ट की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से भारत ने रूसी कच्चे तेल की खरीद में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की है। जून और जुलाई में भारत ने प्रतिदिन 26 लाख बैरल से अधिक रूसी कच्चा तेल आयात किया, जो फरवरी में करीब 10 लाख बैरल प्रतिदिन था। यह भारत के कुल कच्चे तेल आयात का आधे से अधिक हिस्सा रहा। ऐसी संभावना है कि रूस को निर्यात किया गया कुछ पेट्रोल भी रूसी कच्चे तेल से ही भारत में तैयार किया गया हो। इस तरह रूस से भारत आने वाला कच्चा तेल शोधन के बाद पेट्रोल के रूप में वापस रूस पहुंच रहा है।

## रेंज रोवर स्पोर्ट ट्वेंटी एडिशन ने मनाये स्पोर्टिंग लग्जरी के दो दशक

मुंबई। रेंजरोव रस्पोर्ट ट्वेंटी एडिशनआज भारत में लॉन्च हो गया है झ एक सीमित संस्करण, जो अंदाज भरी स्पोर्टिंग लग्जरी के दो दशक का जश्न मनाता है। ट्वेंटी एडिशनमें खास ट्वेंटी डिटेलिंग, फ्लैगशिप पावरट्रेन और रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी से ली गई परफॉर्मेंस सीटें दी गई हैं, जो डिजाइन विरासत और परफॉर्मेंस विरासत का सुविचारित उत्सव है। 2000 के दशक की शुरूआत में अपने पदार्पण के बाद से, रेंज रोवर स्पोर्टलगातार एक स्पष्ट सोच के साथ आगे बढ़ता रहा है एसयूवी डिजाइन को नए सिरे से गढ़ते हुए, हाइब्रिड इनोवेशन को अपनाते हुए, अग्रणी परफॉर्मेंस चुनौतियों को पार करते हुए दो दशकों से, रेंज रोवर स्पोर्टने डायनामिक परफॉर्मेंस, खास पहचान और बेजोड़ क्षमता का संगम करते हुए स्पोर्टिंग लग्जरी का मानदंड तय किया है। यह लिमिटेड एडिशन उसी विरासत का सटीक उत्सव है, जो इस मॉडल की शुरूआत से चली आ रही दमदार पहचान को दर्शाता है।

## सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने की गैलेक्सी एस26 एफई की घोषणा

नई दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज अपने गैलेक्सी एस26 परिवार में नए गैलेक्सी एस26 एफई को शामिल करने की घोषणा की। यह इस सीरीज का पहला स्मार्टफोन है जो वनयूआई 9 के साथ आ रहा है। इसके जरिए अब और ज्यादा यूजर्स को पहले ही दिन से नवीनतम प्रीमियम गैलेक्सी अनुभव मिलेगा अपग्रेडेड कैमरा और माहौल को समझने वाले (कॉन्टेक्स्ट-अवेयर) गैलेक्सी एआई के साथ, यह रोजमर्रा की फोटोग्राफी, कंटेंट क्रिएशन और कनेक्टिविटी के अनुभव को और बेहतर बनाता है।यूजर्स के लिए जो सबसे ज्यादा मायने रखता है, उसे ध्यान में रखकर तैयार किया गया पतला और हल्का गैलेक्सी एस26 एफई , गैलेक्सी एस सीरीज के आइकॉनिक अनुभव को आगे बढ़ाता है। गैलेक्सी एस26एफई को खास तौर पर गैलेक्सी एस सीरीज की पहचान बन चुकी खूबियाँ देने के लिए डिजाइन किया गया है।

पेज एक का शेष

### मोदी का

मिर्जियोयेव के साथ वार्ता की, जिसके बाद भारत और उज्बेकिस्तान ने अपने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया। प्रधानमंत्री 31 अगस्त से एक सितंबर तक होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के 26वें शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ताशकंद से किर्गिस्तान की यात्रा करेंगे।

### भारत को

में लोग, खासकर युवा इससे जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, आखिरकार, यह भारत के युवाओं के स्वास्थ्य, खुशहाली और उज्ज्वल भविष्य के लिए हमारा सामूहिक संकल्प है। आइए, भारत के युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें नशे की लत से मुक्त करने के इस नेक अभियान में हम सभी अपनी भूमिका निभाएं। मोदी ने कहा कि नशे की लत केवल किसी एक व्यक्ति को अपनी चपेट में नहीं लेती, बल्कि इसके दुष्परिणाम पूरे परिवार और समाज को भुगतने पड़ते हैं। उन्होंने कहा, मैं उन लोगों की सराहना करता हूं, जो नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाते हैं और नशे की लत से जूझ रहे लोगों की मदद के लिए आगे आते हैं। नशामुक्त भारत अभियान सरकार की प्रमुख पहलों में से एक है। इस अभियान का उद्देश्य जागरूकता फैलाने, समुदाय की भागीदारी, उपचार, पुनर्वास, उपचार के बाद देखभाल और सामाजिक पुनर्वास के माध्यम से नशीले पदार्थों के दुरुपयोग को रोकना है। रेहड़ी पटरी वाले लोगों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी पीएम स्वनिधि योजना का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना रेहड़ी पटरी लगाने वाली लाखों महिलाओं को अपना कारोबार बढ़ाने, आय बढ़ाने और अपने परिवारों के लिए बेहतर भविष्य बनाने में मदद कर रही है। उन्होंने बताया कि शहरों और कस्बों की सड़कों पर लाखों महिलाएं सब्जियां और फल बेचने, चाय की दुकान चलाने जैसे कामों में लगी हैं। इनमें कुछ महिलाएं फूल, मिट्टी के दीये और पूजा सामग्री भी बेचती हैं। उन्होंने कहा, अक्सर केवल पूंजी की कमी ही उनके कारोबार को आगे बढ़ने से रोकती है। लेकिन अब ऐसी लाखों माताओं और बहनों को पीएम स्वनिधि योजना के जरिए नयी ताकत मिल रही है। मोदी ने कहा कि महिला सशक्तीकरण का यह पहलू उतनी चर्चा में नहीं आता, जितनी होनी चाहिए, क्योंकि पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों में करीब 46 प्रतिशत महिलाएं हैं। उन्होंने कहा, इसका मतलब है कि देशभर में करीब 35 लाख महिलाएं इस योजना से जुड़कर अपने कारोबार का विस्तार कर रही हैं। पीएम स्वनिधि योजना से लाभान्वित गाजियाबाद और बेंगलुरु की दो महिलाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब किसी महिला का कारोबार बढ़ता है, तो उसके साथ पूरे परिवार का भविष्य भी बेहतर होता है। उन्होंने कहा, बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलती है, घर की जरूरतें पूरी होती हैं और महिला का आत्मविश्वास बढ़ता है। यह वास्तव में महिला सशक्तीकरण का जीवंत उदाहरण है। मोदी ने कहा कि अगस्त का महीना चारों ओर देशभक्ति के विभिन्न रंग लेकर आता है, क्योंकि इस दौरान हर व्यक्ति के दिल में देश के प्रति प्रेम की भावना और प्रबल हो जाती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हथकरघा दिवस, भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस अगस्त के महीने को खास बनाते हैं, जबकि स्वतंत्रता दिवस और राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हर देशवासी को गर्व से भर देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान इस भावना को और मजबूत करता है।

### लखनऊ के

मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित भारत के संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज से 10-12 वर्ष पहले अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की बातों को गंभीरता से नहीं लिया जाता था, लेकिन आज भारत जब बोलता है तो पूरी दुनिया कान खोलकर सुनती है। विकसित भारत का अर्थ केवल बड़ी परियोजनाएं और आधुनिक इमारतें नहीं, बल्कि इसका मतलब है कि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले, हर परिवार तक स्वच्छ पानी पहुंचे, युवाओं को खेलने और प्रतिभा दिखाने का अवसर मिले और दिव्यांग बच्चों को यह महसूस न हो कि वे समाज से पीछे हैं। विकसित भारत की यात्रा बड़े शहरों से शुरू होकर हर मोहल्ले, बस्ती और परिवार तक पहुंचनी चाहिए। राजनाथ सिंह ने कहा कि समय के साथ शहरों और लोगों की जरूरतें बदलती हैं, इसलिए नियमों में बदलाव भी जरूरी है। लखनऊ सहित छावनी क्षेत्रों में नई व्यवस्था लागू की गई है। पहले जहां तीन मंजिल तक निर्माण का प्रावधान था, अब पांच मंजिल तक निर्माण की अनुमति दी गई है। लखनऊ छावनी क्षेत्र अपनी विरासत को सुरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाओं के साथ तेजी से आगे बढ़ेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि बदलाव केवल इमारतों में नहीं, पहचान में भी होना चाहिए। लखनऊ छावनी में ब्रिटिश काल से चले आ रहे कुछ बाजारों के नाम बदलकर स्वतंत्रता संग्राम, सामाजिक चेतना और राष्ट्रसेवा से जुड़े व्यक्तित्वों के नाम पर किए गए हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ छावनी के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है। करीब 101 करोड़ रुपये की लागत वाली ये 12 परियोजनाएं लखनऊ कैंट के भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता हैं। इन परियोजनाओं के जरिए स्वच्छ छावनी, बेहतर जलापूर्ति, बच्चों के बेहतर भविष्य, युवाओं को खेल और प्रतिभा दिखाने के अवसर, सम्मानजनक नागरिक सुविधाएं तथा आधुनिक तकनीक के साथ आगे बढ़ती छावनी का संकल्प पूरा किया जाएगा।

### दिसंबर तक

को यहां हर महत्वपूर्ण सेवा मिलेगी। बदलते हुए परिवेश में लखनऊ में इन सुविधाओं की आवश्यकता थी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी व रक्षा मंत्रालय की तरफ से ये प्राप्त हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के नेतृत्व में अटल जी के सपनों को साकार किया गया है। लखनऊ में संकरी गलियां हैं तो सीएम ग्रिड की स्मार्ट रोड भी है। किसान पथ जैसा आउटर रिंग रोड भी है। यहां ऊदा देवी पासी व महाराजा बिजली पासी के स्मारकों की धरोहर है तो दूसरी ओर लखनऊ भारत की रक्षा आवश्यकता व आत्मनिर्भरता की दृष्टि से ब्रह्मोस जैसी आधुनिक मिसाइलों का केंद्र भी बना है। यहां हस्तशिल्पियों की चिकनकारी की अद्भुत कला है तो यूनेस्को ने ह्यक्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमीह्न के रूप में मान्यता देकर लखनऊ को नई ऊंचाई तक पहुंचाया है। सीएम ने कहा कि 2017 के पहले जिस प्रदेश के सामने पहचान का संकट, अभाव, अराजकता, अव्यवस्था, उपद्रव था, आज वह प्रदेश इन सबसे उबर चुका है। हमने 9 वर्ष में उत्तर प्रदेश को नई दिशा देने का प्रयास किया है। अब यूपी भारत की अर्थव्यवस्था का ब्रेकथ्रू बनकर ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। भारत की आत्मनिर्भरता के लिए यूपी में छह डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर भी स्थापित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए भी जाना जा रहा है।

### विकसित भारत

प्रधानमंत्री ने युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत बताई है। युवा देश की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उनकी प्रतिभा और ऊर्जा यदि सही दिशा में उपयोग हो तो वे देश की आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी प्रगति को गति दे सकते हैं। सीएम धामी ने कहा कि नशे की समस्या से निपटने के लिए केवल सरकारी तंत्र पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। परिवारों और शैक्षणिक संस्थानों को युवाओं के व्यवहार और उनकी गतिविधियों के प्रति सजग रहना होगा। सामाजिक संस्थाओं और स्थानीय समुदायों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। युवाओं को खेल, शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास, स्वरोजगार और नवाचार के अवसर देकर उनकी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि ह्यनशा मुक्त युवा-विकसित भारतह्न का संदेश व्यापक जनभागीदारी से ही प्रभावी बनाया जा सकता है। उत्तराखंड में भी नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने के साथ युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने तथा कौशल विकास पर लगातार काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारतीय इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। भारत की प्राचीन सभ्यता और विविध सांस्कृतिक परंपराएं देश की अमूल्य धरोहर हैं। तकनीक और आधुनिक संचार माध्यमों का उपयोग करके युवाओं को अपनी ऐतिहासिक जड़ों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति और इतिहास को समझने वाला युवा अपनी पहचान के प्रति अधिक सजग होता है। उत्तराखंड की लोक परंपराएं, धार्मिक एवं आध्यात्मिक धरोहर, लोककला, पर्व-त्योहार और स्थानीय सांस्कृतिक विरासत राज्य की विशिष्ट पहचान हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन में युवाओं को सहभागी बनाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि समाज में परिवर्तन की शुरूआत किसी भी स्तर से हो सकती है। किसी समस्या के समाधान के लिए एक व्यक्ति या छोटा समूह भी पहल करे तो वह आगे चलकर व्यापक अभियान का रूप ले सकती है। ह्यमन की बातह्न ऐसे प्रयासों को पहचान देकर देशवासियों को आगे आने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन, शिक्षा, खेल, विज्ञान और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में नागरिकों के प्रयास राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सरकार और समाज के संयुक्त प्रयासों से ही विकसित भारत के लक्ष्य को मजबूती दी जा सकती है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, गणेश जोशी, डॉ. धन सिंह रावत, मदन कौशिक, भरत चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### मृतक संख्या

लापता हैं। बचाव दल उन लोगों तक पहुंचने के प्रयास तेज कर रहे हैं, जिनके मलबे और मिट्टी से बंद सुरंगों के अंदर फंसे होने की आशंका है। बचाव अभियान में सुरंगों के प्रवेश द्वारों पर जमा मिट्टी और मलबे, क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे, दुर्गम इलाकों और खराब मौसम के कारण बाधा आ रही है। इसके चलते नेपाल ने भारत, चीन और अन्य देशों से विशेष तकनीकी सहायता मांगी है। नेपाल के इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (आईपीपीएएन) के अनुसार, 26 अगस्त को आई बाढ़ के बाद दोनों जिलों की नौ जलविद्युत परियोजनाओं में काम करने वाले 898 कर्मचारी और कामगारों से संपर्क टूटने की शुरुआती जानकारी मिली थी। इनमें से 361 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि 537 लोग अब भी लापता हैं। स्थानीय मीडिया ने आईपीपीएएन के हवाले से यह जानकारी दी है।

### लखनऊ में

था। इनमें नाले के ऊपर बनाए गए चैंबर भी शामिल हैं। नगर निगम की ओर से संबंधित निर्माणकर्ताओं को पहले नोटिस जारी किए गए थे। अधिकारियों के मुताबिक नोटिस मौके पर भी चस्पा किए गए थे और अवैध निमार्णों को 30 अगस्त तक खाली करने का निर्देश दिया गया था। रविवार शाम करीब 4:30 बजे पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भारी फोर्स के साथ जिला कोर्ट के आसपास पहुंचे। कुछ ही देर बाद नगर निगम की टीम भी बुलडोजर और हाईवा लेकर मौके पर पहुंच गई। इसके बाद अवैध चैंबरों और दुकानों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। इलाके में भीड़ को देखते हुए पुलिस ने लोगों को मौके से हटाया और कार्रवाई के लिए स्थान खाली कराया। किसी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था।




# यूपी टी-20 : लखनऊ फाल्कन्स प्लेऑफ में

## गौर गोरखपुर लायंस को 24 रन से हराया, यूपी टी-20 लीग सीजन-4 पावर्ड बाई बिमल इलायची और एनसीएस

खेल संवाददाता

कानपुर। अजीत वर्मा (75 रन) की आतिशी पारी के बाद अभिनंदन सिंह व विप्रज निगम (3-3 विकेट) की उपयोगी गेंदबाजी की बदौलत लखनऊ फाल्कन्स ने यूपी टी-20 लीग सीजन-4 पावर्ड बाई **बिमल इलायची और एनसीएस** में गौर गोरखपुर लायंस को 24 रन से शिकस्त दी। इस जीत के साथ लखनऊ फाल्कन्स नौ मैचों में पांच जीत के साथ 11 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहते हुए प्लेऑफ में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार लखनऊ के अजीत वर्मा को मिला। ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेली जा रही लीग के रविवार को 26वें मैच में लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 170 रन का बड़ा स्कोर बनाया। जवाब में गोरखपुर की टीम निर्धारित ओवर में 146 रन पर आल-आउट हो गयी। मैच की औपचारिक शुरूआत कानपुर जोन की एडीजीपी सुश्री अनुपमा कुलश्रेष्ठ (आईपीएस) ने टॉस कराकर और पारंपरिक ढंग से घंटा बजाने की रस्म के साथ की।



इस अवसर पर एडीजीपी अनुपमा कुलश्रेष्ठ ने कहा कि यूपी टी-20 लीग ने प्रदेश में क्रिकेट को नई पहचान देने के साथ युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का शानदार मंच प्रदान किया है। ग्रीन पार्क जैसे ऐतिहासिक मैदान पर इस तरह के मुकाबले खेलना खिलाड़ियों के लिए गौरव की बात है। यूपी टी-20 लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने कहा कि कानपुर चरण में क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह लीग की लोकप्रियता को दशार्ता है। ग्रीन पार्क में होने वाले मुकाबले खिलाड़ियों के साथ दर्शकों के लिए भी खास अनुभव लेकर आ रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व टेस्ट क्रिकेटर गोपाल शर्मा, ग्रीन पार्क स्टेडियम के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी करनवीर सिंह, उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के मीडिया संयोजक अहमद अली खान तालिब, यूपी टी-20 लीग गवर्निंग काउंसिल के सदस्य संजीव कुमार सिंह, वेन्यू मैनेजर संजय तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। गौर गोरखपुर लायंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ फाल्कन्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही। मोहम्मद सैफ चार रन बनाकर दूसरे ओवर में राहुल शर्मा की गेंद पर आर्यन चौधरी को कैच दे बैठे। आराध्य यादव ने नौ गेंदो पर 13 रन बनाए लेकिन तीसरे ओवर में वासु वत्स की गेंद पर शिवम चौधरी को कैच थमा बैठे। हिमांशु सिंह छह रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके चलते लखनऊ तीन विकेट पर 29 रन बनाकर मुश्किल में फंस गई थी। इसके बाद बल्लेबाजी को उतरे अजीत वर्मा ने प्रतिद्वंद्वी गेंदबाजों की जमकर खबर ली। इसी बीच प्रियम गर्ग (13) अपना विकेट गंवा बैठे। फिर अजीत ने कृतज्ञ सिंह के साथ पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 64 गेंदों पर 109 रन की शानदार साझेदारी कर लखनऊ को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

अजीत वर्मा ने 45 गेंदों पर 8 चौके व तीन छक्के की सहायता से नाबाद 75 रन की पारी खेली जबकि कृतज्ञ ने 31 गेंदों पर तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 44 रन बनाए। कृतज्ञ आखिरी ओवर की दूसरी गेंद पर प्रिंस यादव की गेंद पर शिवम शर्मा को कैच थमा बैठे जिसके चलते लखनऊ ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 170 रन बनाए। गोरखपुर की ओर से शिवम शर्मा ने दो विकेट चटकाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोरखपुर निर्धारित ओवर में 146 रन पर सिमट गयी और जीत से 24 रन दूर रह गयी। टीम 32 रन पर चार विकेट गंवाकर मुश्किल में फंस गयी थी। सलामी बल्लेबाज अभय प्रताप सिंह (1) व आर्यन चौधरी (4) को अभिनंदन सिंह ने वापस पवेलियन भेजा। टीम ने पांचवें ओवर में दो विकेट गंवाए। शिवम चौधरी ने 23 रन बनाए जबकि सिद्धार्थ यादव 2 रन ही बना सके।

### थाईलैंड से मुकाबला, पिछली 3 भिड़ंत में इंडिया जीती, स्मृति पर रहेंगी नजरें

दुबई। विमेंस एशिया कप 2026 में भारतीय टीम आज अपने अभियान की शुरूआत करेगी। टीम का पहला मुकाबला थाईलैंड से होगा। ग्रुप-अ का यह मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रात 8 बजे से खेला जाएगा। भारत की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी। टीम में स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा जैसी अनुभवी खिलाड़ी हैं। वहीं, जेमिमा रोड्रिग्स चोट के कारण टूनामेंट से बाहर हैं। उनकी जगह प्रतिका रावल को टीम में शामिल किया गया है। भारत और थाईलैंड के बीच अब तक तीन महिला टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले गए हैं। तीनों में भारतीय टीम विजेता रही है।

# साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को सात विकेट से हराया

विंडहोक। साउथ अफ्रीका ने विंडहोक में खेले गए टी-20 ट्राई सीरीज के दूसरे मुकाबले में जिम्बाब्वे को 7 विकेट से हरा दिया। जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 144 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 13.4 ओवर में 3 विकेट खोकर 146 रन बनाकर मैच जीत लिया। डेवॉल्ड ब्रेविस ने 32 गेंदों पर नाबाद 75 रन की पारी खेली। उन्होंने 7 चौके और 6 छक्के लगाए। यह ट्राई सीरीज में उनकी लगातार दूसरी 75 रन की पारी रही।



साउथ अफ्रीका को पहले मैच में नामीबिया से 18 रन से हार मिली थी। टॉस जीतकर बल्लेबाजी कर रही जिम्बाब्वे की शुरूआत अच्छी रही। बेन करन ने 12 गेंदों पर 24 रन बनाए। उन्होंने डुआन यानसन के एक ओवर में 14 रन भी बटोरे। उनके साथ ब्रायन बेनेट ने पारी को आगे बढ़ाया। करन 24 रन बनाकर मिडऑफ पर कैच हो गए। ताडिवानाशे मारुमानी ने भी तेजी से रन बनाए। उन्होंने 13 गेंदों पर 30 रन की पारी खेली। बेनेट ने 35 गेंदों पर 34 रन बनाए। हालांकि, पावरप्ले के बाद जिम्बाब्वे की रन गति धीमी हो गई। 9 ओवर के बाद जिम्बाब्वे का स्कोर 74/1 था। इसके बाद टीम अगले 6.1 ओवर में सिर्फ 20 रन जोड़ सकी और चार विकेट गंवा दिए। प्रेनालन सुब्रायन ने बीच के ओवरों में रन बनाने पर अंकुश लगाया। इसके बाद एथन बॉश और क्वेना मफाका ने भी धीमी गति की गेंदों से बल्लेबाजों को परेशान किया। सिकंदर रजा 10 रन बनाकर बॉश की गेंद पर कैच हुए। रयान बर्ल को सुब्रायन ने बोल्ड किया।

**ब्रेविस ने 32 गेंद में 75 रन बनाए, यानसन ने 3 विकेट लिए**

इसके बाद वेस्ली मधेवेरे और मारुमानी ने छठे विकेट के लिए 23 गेंदों पर 43 रन जोड़े। मारुमानी के आउट होने के बाद जिम्बाब्वे आखिरी दो ओवर में 14 रन ही जोड़ सका और 144/8 तक पहुंचा। साउथ अफ्रीका की ओर से डुआन यानसन सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 45 रन देकर 3 विकेट लिए। प्रेनालन सुब्रायन ने 2 विकेट चटकाए। एथन बॉश ने डेब्यू मैच में 1 विकेट लिया। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 20 रन दिए। क्वेना मफाका ने भी एक विकेट हासिल किया। 145 रन का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका ने तेज शुरूआत की। जॉर्डन हरमन और लुआन-ड्रे प्रिटोरियस ने पहले विकेट के लिए 20 गेंदों पर 32 रन जोड़े। हरमन 13 गेंदों पर 20 रन बनाकर आउट हुए। प्रिटोरियस ने 13 गेंदों पर 22 रन बनाए। उनके आउट होने के बाद ब्रेविस क्रीज पर आए और पहली ही गेंद पर छक्का जड़ दिया। उन्होंने 24 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। पावरप्ले के बाद साउथ अफ्रीका 61/2 के स्कोर तक पहुंच चुका था। ब्रेविस ने ग्रेम क्रीमर को खास तौर पर निशाना बनाया। उनकी दो ओवर में 32 रन लुटे। ब्रेविस ने क्रीमर के खिलाफ चार छक्के लगाए। 10 ओवर के बाद साउथ अफ्रीका का स्कोर 103/2 था।

ब्रेविस ने 32 गेंदों में 75 रन बनाए। उनकी पारी में 7 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। रुबिन हरमन ने 7 गेंदों पर नाबाद 11 रन बनाए। दोनों ने 39 रन की नाबाद साझेदारी कर टीम को जीत तक पहुंचाया। साउथ अफ्रीका के टोनी डि जॉर्जी लगातार दूसरे मैच में 20 रन से पहले आउट हुए। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ 15 रन बनाए। इससे पहले नामीबिया के खिलाफ वे 9 रन पर आउट हुए थे। इस जीत के बाद साउथ अफ्रीका के 2 अंक हो गए हैं। नामीबिया के भी 2 अंक हैं। जिम्बाब्वे अपने पहले मैच में हार के बाद बिना अंक के है। सोमवार को नामीबिया और जिम्बाब्वे आमने-सामने होंगे।

## संक्षेप

### शुभंकर संयुक्त 33वें स्थान पर खिसके

बेलफ्राइ (इंग्लैंड)। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा हुस्कवर्ना ब्रिटिश मास्टर्स के शुरुआती दो दौर के शानदार प्रदर्शन को आगे नहीं बढ़ा सके और तीसरे दौर में इवन पार 72 का स्कोर ही बना पाई। शुभंकर 54 होल के बाद चार अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 33वें स्थान पर खिसक गए। वह दूसरे दौर के बाद संयुक्त 13वें स्थान पर थे। शुभंकर ने चार बर्डी की लेकिन दो बोगी और एक डबल बोगी भी कर गए जिससे उन्होंने पार का स्कोर बनाया। मार्को पेंगे और डेनियल हिलियर अंतिम दौर से पहले संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। दोनों का कुल स्कोर 11 अंडर है।

### मोहन बागान ने ली इर्विन से किया करार

कोलकाता। स्कॉटलैंड के स्ट्राइकर ली हैरी इर्विन ने मोहन बागान के साथ एक साल का करार किया है और क्लब ने बताया कि उनके मंगलवार से टीम के प्रशिक्षण सत्र में शामिल होने की उम्मीद है। बत्तीस वर्षीय इर्विन को उनकी शारीरिक मजबूती, गोल करने की शानदार क्षमता और बॉक्स के अंदर प्रभाव छोड़ने के लिए जाना जाता है। छह फुट दो इंच लंबा यह फॉरवर्ड पिछले सत्र में जोर्डन के क्लब अल-फैसली के लिए खेलने के बाद अब मोहन बागान से जुड़ा है। इर्विन ने युवा स्तर पर स्कॉटलैंड का प्रतिनिधित्व किया है। उनके पास यूरोप और एशिया के विभिन्न क्लबों के साथ खेलने का अनुभव है। अपने करियर में वह अभी तक मदरवेल, लीड्स यूनाइटेड, बरी एफसी और ट्रैक्टर एफसी सहित कई क्लब के लिए खेल चुके हैं।

### प्रणवी आयरिश ओपन में संयुक्त 15वें स्थान पर

किल्डारे (आयरलैंड)। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स आयरिश ओपन के तीसरे दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के बावजूद संयुक्त 15वें स्थान पर खिसक गईं। मैसूर की इस खिलाड़ी ने अब तक तीनों दौर में पार से कम का स्कोर बनाया है। उनका कुल स्कोर सात अंडर है और एक दौर का खेल बाकी है। प्रणवी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली चार भारतीय खिलाड़ियों में कट में जगह बनाने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं। उन्होंने दूसरे और तीसरे होल में लगातार बर्डी के साथ अच्छी शुरुआत की, लेकिन अगले दो होल में दोनों शॉट गंवा दिए। इसके बाद उन्होंने सातवें और 10वें होल में बर्डी लगाई और आखिरी आठ होल में लगातार पार स्कोर करते हुए अपना दौर 70 पर समाप्त किया।

# इंटर मियामी ने सीएफ मॉन्ट्रियल को हराया

एजेंसी

मियामी। दिग्गज लियोनेल मेस्सी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में पहली बार एक मैच में चार गोल दागे, जिससे इंटर मियामी ने शनिवार को सीएफ मॉन्ट्रियल को 7-1 से करारी शिकस्त दी। मेस्सी ने इस दौरान दूसरे हाफ में तीन गोल किये और एक गोल में मदद की। इंटर मियामी ने 20वें मिनट में तेलास्को सेगोविया के कॉर्नर पर कार्लोस कासेमिरो के हेडर की मदद से बढ़त बनाई लेकिन मॉन्ट्रियल ने 37वें मिनट में फैबियन हर्बर्स के गोल से स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद मेस्सी ने अपना कमाल दिखाना शुरू किया। उन्होंने 40वें मिनट में फ्री-किक पर

**मेस्सी ने दागे चार गोल**

गोल करके इंटर मियामी को 2-1 से आगे कर दिया। यह मौजूदा सत्र में उनका 15वां गोल था। दूसरे हाफ में मेस्सी ने 52वें मिनट में एक और गोल कर टीम की बढ़त 3-1 कर दी। इसके बाद 80वें मिनट में मेस्सी की मदद से लुइस सुआरेज ने गोल दागकर स्कोर 4-1 कर दिया। मेस्सी ने 83वें मिनट में अपना तीसरा गोल करके स्कोर 5-1 कर दिया। 89वें मिनट में 18 वर्षीय रूकी अलेक्जेंडर शॉ ने अपना पहला गोल करते हुए इंटर मियामी की बढ़त 6-1 कर दी। इंजरी टाइम के छठे मिनट में मेस्सी ने फ्री-किक पर अपना चौथा गोल दागकर टीम को 7-1 की शानदार जीत दिलाई।

भारतीय टीम सोमवार को एएफसी अंडर-20 एशियाई कप चीन 2027 क्वालीफायर में सीरिया के खिलाफ मुकाबले से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। डोस्तलिक स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में भारत की नजर इस स्तर पर सीरिया के खिलाफ पहली जीत दर्ज करने पर होगी। दोनों टीम अब तक प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में केवल दो बार आमने-सामने हुई हैं और दोनों मुकाबलों में भारत को हार मिली है। 1996 के एएफसी युवा चैंपियनशिप में भारत 0-1 और 2004 में 1-2 से हारा था। भारत के मुख्य कोच महेश गवली ने सीरिया को अनुभवी और मजबूत टीम बताते हुए कहा कि उनकी टीम का मुख्य ध्यान अपनी रणनीति पर अमल करने और पूरे 90 मिनट तक अनुशासित रहने पर होगा। गवली ने कहा, सीरिया एक अच्छी और इस स्तर पर काफी अनुभवी टीम है। हम उसका सम्मान करते हैं। हमने उसकी टीम का अध्ययन किया है और हमें अंदाजा है कि मुकाबले में क्या उम्मीद की जा सकती है। हमारा मुख्य ध्यान अपने खेल पर रहेगा। उन्होंने कहा, जब गेंद हमारे पास ना रहे तब भी हमें अपने खेल में अच्छी तरह व्यवस्थित रहना होगा और जब भी मौके मिलें उनका पूरा फायदा उठाना होगा। मुकाबला कड़ा होने की उम्मीद है और हमें पूरे 90 मिनट तक अपना ध्यान बनाए रखना होगा। सीरिया की टीम 1994 में एएफसी अंडर-19 चैंपियनशिप का खिताब जीत चुकी है और हाल की दो एएफसी अंडर-20 एशियाई कप प्रतियोगिताओं के लिए भी क्वालीफाई कर चुकी है। नीदरलैंड के अर्नो ब्यूटेनवेग के मार्गदर्शन में खेल रही सीरिया की टीम भारत के लिए अभियान की चुनौतीपूर्ण शुरुआत पेश करेगी। भारत को अच्छी तरह पता है कि उज्बेकिस्तान और बांग्लादेश जैसी टीमों वाले ग्रुप बी में गलती की कोई खास गुंजाइश नहीं होगी। भारत 2006 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में जगह बनाने का लक्ष्य लेकर उतरा है। भारत पिछली बार 2025 क्वालीफायर में बेहद करीब जाकर चूक गया था और गोल अंतर के कारण सर्वश्रेष्ठ उपविजेता टीम में जगह नहीं बना सका था। मौजूदा टीम ने क्वालीफायर से पहले लंबे समय तक तैयारी की है।



# रोजर फेडरर हॉल ऑफ फेम में शामिल

एजेंसी



न्यूपोर्ट (अमेरिका)। महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर शनिवार को इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किए जाने के दौरान भावुक हो गए। बीस ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाले फेडरर अपने करीब 30 मिनट के भाषण के दौरान कई बार रो पड़े। पत्नी मिर्का का जिक्र करते हुए तो उनके आंसू थमने का नाम ही नहीं ले रहे थे। मिर्का के स्वागत-परिचय भाषण के बाद फेडरर को मंच पर बुलाया गया।

उन्होंने मजाक करते हुए कहा कि उन्हें इस समय रूमाल और धूप के चश्मे की जरूरत है, लेकिन आंसुओं को रोकना उनके लिए मुश्किल हो रहा था। पैंतालिस वर्षीय फेडरर ने मंच पर आते ही कहा, यह बहुत उंचे स्तर का है और इसके बाद बोलना आसान नहीं होगा। इसके बाद उन्होंने मजाकिया अंदाज में पत्नी मिर्का से कहा, पता नहीं, आपने चुपके से इसकी तैयारी तो नहीं की थी? फेडरर ने इस दौरान अपने बचपन के आदर्श स्टीफन एडबर्ग और लंबे समय तक उनके कोच रहे सेवेरिन लुथी को याद किया।

स्विस मैस्ट्रो के नाम से मशहूर फेडरर ने अपने शानदार करियर में आठ विंबलडन, छह ऑस्ट्रेलियन ओपन और एक फ्रेंच ओपन खिताब जीता। वह लगातार 237 सप्ताह तक एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी रहे। वह करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले केवल आठ पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने 2004 से 2008 तक लगातार पांच यूएस ओपन खिताब जीते और 10 लगातार ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचे।

### सिनसिनाटी में जल्दी हार से यूएस ओपन की तैयारी बेहतर होने की उम्मीद : जोकोविच

न्यूयॉर्क। नोवाक जोकोविच को किसी टूर्नामेंट में जल्दी बाहर होना भले ही पसंद नहीं हो, लेकिन इस बार वह सिनसिनाटी ओपन में शुरुआती हार को सकारात्मक रूप में देख रहे हैं। इस 39 वर्षीय दिग्गज ने कहा कि सिनसिनाटी में पहले ही दौर में बाहर होने से उन्हें यूएस ओपन की तैयारी के लिए करीब दो सप्ताह का अतिरिक्त समय मिला। चौबीस ग्रैंड स्लैम खिताब के रिकॉर्डधारी जोकोविच रविवार रात आर्थर ऐश स्टेडियम में 48वीं रैंकिंग वाले मारियानो नाओने के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। चौथी वरीयता प्राप्त जोकोविच की नजर रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम और पांचवें यूएस ओपन खिताब पर है। उन्होंने हालांकि नाओने को हल्के में लेने से इनकार किया। जोकोविच ने कहा, देखते हैं मुकाबला कैसा रहता है।

# खेलो इंडिया खिलाड़ियों के विकास का मार्ग कर रहा तैयार : ठाकुर

एजेंसी




हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश)। भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने खेलो इंडिया 2.0 पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल खेल प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि खिलाड़ियों के समग्र विकास के लिए एक मजबूत व्यवस्था तैयार करने की दिशा में बड़ा बदलाव है।

हमीरपुर से सांसद ठाकुर ने शनिवार शाम भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) में राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह में हिस्सा लिया। ठाकुर ने महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को भी याद करते हुए कहा कि ध्यानचंद की विरासत भारत के लिए जीते गए पदकों और हासिल की गई जीत से कहीं आगे है। उनकी पहचान अनुशासन, समर्पण, दृढ़ता और देशभक्ति जैसे स्थायी मूल्यों के प्रतीक के रूप में है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस इन मूल्यों को याद करने और उन्हें आगे बढ़ाने का अवसर है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में ऐसी खेल संस्कृति विकसित करने की जरूरत है, जिसमें हर बच्चे को अपनी खेल प्रतिभा पहचानने, उसे आगे बढ़ाने और उसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि भारत की खेल व्यवस्था में पिछले वर्षों में व्यापक बदलाव आया है और सरकार खेलों को लेकर अधिक संसाधन उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि युवा मामले और खेल मंत्रालय का बजट 2014-15 में 1,643 करोड़ रुपये था, जो बढ़कर 2026-27 में 4,479.88 करोड़ रुपये हो गया है।

### अभय ने मलेशिया में जीता 13वां पीएसए टूर खिताब

नयी दिल्ली। शीर्ष वरीयता प्राप्त अभय सिंह ने रविवार को फाइनल में हांगकांग के तीसरी वरीयता प्राप्त हेनरी लेउंग को पांच गेम में हराकर मलेशिया में 15,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के तुआंकू मुहरिज ट्रॉफी स्क्वाश टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज अभय सिंह ने 59वें नंबर के हेनरी लेउंग को 11-7, 6-11, 3-11, 11-5, 12-10 से मात दी। इसके साथ ही उन्होंने 18 फाइनल में अपना 13वां पीएसए टूर खिताब हासिल किया। फाइनल तक के सफर में अभय ने सेमीफाइनल में मलेशिया के अमीशनराज चंदरन को 7-11, 11-9, 11-7, 7-11, 11-3 से हराया। इससे पहले क्वार्टरफाइनल में उन्होंने एमडी स्याफिक कमाल को 11-4, 11-13, 11-5, 11-5 से और दूसरे दौर में लो वा सर्न को 8-11, 11-2, 11-6, 11-2 से शिकस्त दी।

# एटलेटिको मैड्रिड ने सेविला को हराया

मिलान। एटलेटिको मैड्रिड ने मैदान के बाहर चल रहे विवादों को पीछे छोड़ते हुए शनिवार को ला लीगा (स्पेन की शीर्ष फुटबॉल लीग) में सेविला को 3-1 से हराया। जूलियन अल्वारेज को टीम में शामिल नहीं किया गया, लेकिन एलेक्स बाएना के दो और एडेमोला लुकमैन के एक गोल की मदद से एटलेटिको ने पहले हाफ में ही 3-0 की बढ़त बना ली। यह सेविला की सत्र की पहली हार है। जर्मनी में पहली बार बुंडेसलीगा खेल रहे एलवर्सबर्ग ने शानदार शुरुआत करते हुए 2024 के चैंपियन बायर लीवरकुसेन को 3-2 से हरा दिया। लुकास पेटकोव और अमेरिका के फॉरवर्ड कोल कैंपबेल ने नौ मिनट के अंदर गोल कर मेजबान टीम को बढ़त दिलाई। डेविड मोक्का ने दूसरे हाफ की शुरुआत में स्कोर 3-0 किया। पैट्रिक शिक ने 77वें मिनट में गोल कर लीवरकुसेन का खाता खोला जबकि क्रिस्टियन कोफाने ने इंजरी टाइम की शुरुआत में दूसरा गोल कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया लेकिन यह टीम के लिए काफी साबित नहीं हुआ। एलवर्सबर्ग 2022 तक जर्मनी के चौथे स्तर की लीग में खेल रहा था। इटली में फियोरेंटीना की 100वीं वर्षगांठ का जश्न फ्रोसिनोने के हाथों घरेलू मैदान पर 0-3 की हार से फीका पड़ गया। पांच दिन पहले भी टीम को रोमा के खिलाफ 0-4 की करारी हार झेलनी पड़ी थी।

**एलवर्सबर्ग ने बुंडेसलीगा पदार्पण में लीवरकुसेन को चौंकाया**

# दलीप ट्रॉफी : पूर्वी क्षेत्र ने मध्य क्षेत्र को 266 रन पर समेटा

एजेंसी

बेंगलुरु। भारतीय तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और साथी दाएं हाथ के मध्यम गति के गेंदबाज अभिजीत सरकार ने तीन-तीन विकेट चटकाए जिससे पूर्वी क्षेत्र ने रविवार को यहां दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन मध्य क्षेत्र को 266 रन पर ऑलआउट कर दिया। पूर्वी क्षेत्र के कप्तान ईशान किशन का टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला सही साबित हुआ। मुकेश (56 रन देकर तीन विकेट) और सरकार (38 रन देकर तीन विकेट) ने मिलकर छह विकेट लिए जबकि मोहम्मद शमी ने 42 रन और ऑफ स्पिनर एमडी कौनैन कुरैशी ने 49 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। मध्य क्षेत्र की पूरी टीम 80.1 ओवर में पवेलियन लौट गई। मध्य क्षेत्र के लिए रिंकू सिंह (88 गेंदों पर 60 रन) के अलावा सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर आर्यन जुयाल (46 रन) सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मध्य क्षेत्र की शुरुआत अच्छी नहीं रही। नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और 45वें ओवर तक टीम ने 125 रन पर अपनी आधी टीम गंवा दी थी। इसके बाद रिंकू सिंह और हर्ष दुबे (27 रन) ने पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों ने छठे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी कर मध्य क्षेत्र की पारी को कुछ मजबूती दी। लेकिन 60वें ओवर में कुरैशी ने हर्ष दुबे को पगबाधा आउट कर दिया जिसके बाद मध्य क्षेत्र की पारी लड़खड़ा गई। सारांश जैन (13 रन) और आर्यन पांडे (22 रन) ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन उसे बड़ी पारी में नहीं बदल सके। निचले क्रम के बल्लेबाज यश ठाकुर (26 गेंद पर 30 रन) ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मध्य क्षेत्र को आगे बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन आखिरकार टीम 300 रन के आंकड़े से पहले ही 266 रन पर सिमट गई।



### कावेरप्पा के चार विकेट से दक्षिण क्षेत्र ने उत्तर क्षेत्र को 195 रन पर समेटा

बेंगलुरु। कर्नाटक के तेज गेंदबाज विद्वत कावेरप्पा के चार विकेट की मदद से दक्षिण क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन रविवार को यहां उत्तर क्षेत्र को पहली पारी में 195 रन पर समेट दिया। कावेरप्पा ने 66 रन देकर चार विकेट लिए जबकि केरल के एमडी निधीश ने 36 रन देकर दो और तनय त्यागराजन ने 31 रन देकर दो विकेट चटकाए। कवुरी साईतेजा और श्रेयस गोपाल को भी एक-एक सफलता मिली। पहली पारी में दक्षिण क्षेत्र की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और दिन का खेल खत्म होने तक उसने दो विकेट पर 40 रन बनाए। स्टंप्स के समय नारायण जगदीसन 34 जबकि कप्तान तिलक वर्मा बिना खाता खोले क्रीज पर थे। दिन का खेल खत्म होने तक दक्षिण क्षेत्र पहली पारी में उत्तर क्षेत्र से 155 रन पीछे था और उसके आठ विकेट बचे हुए है। अंशुल कंबोज (नौ रन पर एक विकेट) ने अनुभवी रिकी भुई (5) को बोल्ड किया जबकि गुरनूर बराड़ (12 रन पर एक विकेट) ने शेख रशीद (शून्य) को पगबाधा आउट कर उत्तर क्षेत्र को कुछ राहत दी। बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सिलेंस के मैदान नंबर दो पर खेले जा रहे मुकाबले के पहले दिन गिरे 12 विकेटों में से आठ तेज गेंदबाजों के खाते में गये।


# केरलम की नदियों की गहराई बढ़ाने का आग्रह : राधाकृष्णन

## नियमित अंतराल पर रेत न निकलने से नदियों की गहराई घटी

एजेंसी

अलप्पुझा (केरलम)। भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने रविवार को अधिकारियों से केरलम में बाढ़ की समस्या से निपटने के लिए नदियों की गहराई बढ़ाने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कहा कि लोगों को पर्यावरण से जुड़े मुद्दों को लेकर कट्टर नहीं होना चाहिए। वह यहां मलयाल्म दैनिक अखबार केरल कौमुदी के 115वें स्थापना वर्ष समारोह को संबोधित कर रहे थे। राधाकृष्णन रविवार को केरलम पहुंचे और वह दो दिन तक विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उन्होंने कहा, केरलम के सामने एक बड़ी समस्या आ रही है : नदियों की गहराई कम होती जा रही है, क्योंकि नियमित अंतराल पर रेत नहीं निकाली जा रही है। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि सारी रेत एक साथ निकाल दी जाए, लेकिन नियमित अंतराल पर रेत निकाली जानी चाहिए, ताकि नदी की गहराई बनी रहे।

वरना पानी जाएगा कहां? उन्होंने कहा कि नदियों की गहराई बढ़ाना जरूरी है। राधाकृष्णन ने कहा, हमें पर्यावरण समेत किसी भी मुद्दे को लेकर कट्टर नहीं होना चाहिए। हमें हर चीज का राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए, क्योंकि ऐसा करना हमेशा विकास के हित के खिलाफ जाएगा। उन्होंने कहा कि केरलम को पर्यावरण



की रक्षा करते हुए औद्योगिक, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में दूसरे राज्यों के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ना चाहिए। राधाकृष्णन ने बताया कि राज्य में हाल में आई बाढ़ के बाद उन्होंने केरल के सांसदों से नदियों को गहरा करने पर विचार करने को कहा था।

उन्होंने कहा कि अनिश्चित और बदलती बारिश की प्रवृत्ति ने एक और बड़ी समस्या पैदा कर दी है जहां लंबे समय तक बारिश नहीं होती और फिर रातभर में भारी बारिश हो जाती है। राधाकृष्णन ने पत्रकारों से ऐसे मुद्दों के बारे में जागरूकता पैदा करने और इनके समाधान की जरूरत पर लिखने का आग्रह किया। राधाकृष्णन ने राज्य का नाम बदलकर केरलम किए जाने पर लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा, 12 अगस्त 2026 को जब यह विधेयक पारित हुआ, तब मैं राज्यसभा की अध्यक्षता कर रहा था। मैं हर केरलवासी को इस नए नाम के लिए बधाई देता हूं, क्योंकि यह केरलम की संस्कृति को दर्शाता है। मैं सभी सदस्यों के चेहरों पर खुशी देख सकता था कि एक ऐतिहासिक गलती अब सुधारी जा रही थी।

राधाकृष्णन ने देश के लिए केरलम के तीन प्रमुख योगदानों का भी उल्लेख किया और इस दौरान उन्होंने आदि शंकराचार्य, श्री नारायण गुरु और मन्नथु पद्मनाभन का जिक्र किया। उन्होंने कहा, अगर आदि शंकराचार्य नहीं होते तो मुझे नहीं लगता कि आज अखंड भारत होता। और अगर नारायण गुरु नहीं होते तो हमारे बीच समानता नहीं होती। तीसरे हैं मन्नथु पद्मनाभन, जो एक महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने शिक्षा को बहुत महत्व दिया और चाहते थे कि हर व्यक्ति शिक्षित हो। उन्होंने कहा कि ऐसे समाज सुधारकों के प्रयासों के कारण केरलम देश का पहला 100 प्रतिशत साक्षर राज्य बना। उन्होंने नारायण गुरु को आधुनिक इतिहास के महानतम संतों और समाज सुधारकों में से एक बताया।

# नेपाल की त्रिशूली नदी का जलस्तर बढ़ा, कुशीनगर में बाढ़ का खतरा, गंडक किनारे के क्षेत्रों में हाई अलर्ट

कुशीनगर। नेपाल की त्रिशूली नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद कुशीनगर जिले में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। इसके मद्देनजर जिला प्रशासन ने गंडक नदी के किनारे स्थित संवेदनशील क्षेत्रों में हाई अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों के अनुसार, प्रशासन ने नदी के जलस्तर और प्रवाह की निगरानी तेज कर दी है। साथ ही, संवेदनशील गांवों के लोगों को सतर्क रहने और नदी के किनारे नहीं जाने की सलाह दी गई है।

किसी भी संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए राजस्व विभाग, पुलिस और आपदा राहत एजेंसियों की टीमें तैयार रखी गई हैं। नेपाल में हाल में आई बाढ़ के बाद गंडक नदी पर दबाव बढ़ गया है। पुलिस और प्रशासन की टीमें खड्डा तथा सेवरही क्षेत्रों में नदी किनारे बसे गांवों का दौरा कर स्थिति का आकलन कर रही हैं। अधिकारियों



ने बताया कि रविवार को त्रिशूली नदी का जलस्तर बढ़ने की सूचना मिलने के बाद जिले में हाई अलर्ट जारी किया गया। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने लोगों से सतर्क रहने, अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने की अपील की है। जिलाधिकारी ने कहा कि गंडक नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि की आशंका को देखते हुए निगरानी और बचाव संबंधी व्यवस्थाओं को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

### नेपाल बाढ़ : असम के आठ लोग सुरक्षित बचाये गये, जल्द लौटेंगे घर : हिमंत विश्व शर्मा

गुवाहाटी। असम के कम से कम आठ लोगों को नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ से सुरक्षित बचा लिया गया है और उन्हें वापस राज्य लाया जा रहा है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। शर्मा ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि राज्य सरकार अन्य लापता लोगों का पता लगाने और उन्हें सुरक्षित वापस लाने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने अभी असम के उन आठ लोगों से बात की है।

## संक्षेप

### जरांगे कुनबी प्रमाणपत्र की मांग पर अड़े, मुंबई मार्च की चेतावनी

जालना (महाराष्ट्र)। सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे अपने अनिश्चितकालीन अनशन के दूसरे दिन रविवार को अपनी इस मांग पर अड़े रहे कि सभी मराठों को कुनबी जाति के प्रमाणपत्र दिए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर महाराष्ट्र सरकार ने उनकी मांगों पर कार्वाई नहीं की, तो वह मुंबई तक मार्च करेंगे। जरांगे ने शनिवार को जालना जिले के अपने पैतृक गांव अंतरवाली सराटी में मराठा आरक्षण से जुड़ी मांगों को लेकर अपना 11वां अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया। उनके आंदोलन के समर्थन में समुदाय के हजारों लोग वहां जुटे हैं। जरांगे की मांग है कि पात्र मराठों को कुनबी के रूप में मान्यता दी जाए। कुनबी एक कृषक समुदाय है, जिसे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिलता है। अपने आंदोलन के दूसरे दिन पत्रकारों से बातचीत में जरांगे ने कहा, महाराष्ट्र सरकार को सभी मराठों को कुनबी घोषित करना चाहिए। जरांगे ने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानीं, तो वह मुंबई तक मार्च करेंगे और आंदोलन को और तेज करेंगे। उन्होंने बताया कि उनके नेतृत्व में मराठा समुदाय की कोर कमेटी की बैठक 12 सितंबर को अंतरवाली सराटी में होगी।

# अमेरिका: दक्षिण कैरोलाइना में गोलीबारी में पुलिस अधिकारी की मौत, एक अन्य घायल

एजेंसी

कोलंबिया। अमेरिका के दक्षिण कैरोलाइना में घरेलू विवाद की सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों पर की गई गोलीबारी में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कोलंबिया के पुलिस प्रमुख डब्ल्यू. एच. स्किप होलब्रुक ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 33 वर्षीय संदिग्ध हमलावर भी मारा गया है। उसका कई राज्यों में लंबा आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। गोलीबारी की घटना का तब पता चला जब शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे एक महिला ने पुलिस को फोन कर बताया कि एक व्यक्ति उसके घर में संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहा है।

महिला ने उस व्यक्ति के खिलाफ अदालत से प्रतिबंधात्मक आदेश ले रखा था। एक अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। वहां पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि संदिग्ध फरार हो चुका है। महिला ने अधिकारी को संदिग्ध व्यक्ति का हुलिया और उसके वाहन की पहचान बताई।

# राजनीति सत्ता पाने का जरिया नहीं बनाना चाहिए : खडसे

एजेंसी

जलगांव। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता एकनाथ खडसे ने राज्य के राजनीतिक माहौल में आई भारी गिरावट पर खेद जताते हुए रविवार को कहा कि राजनीति को व्यक्तिगत रिश्ते और सामाजिक सद्भाव दांव पर लगाकर केवल सत्ता पाने का जरिया नहीं बनाया जाना चाहिए। खडसे ने अपने 75वें जन्मदिन के मौके पर यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज के कटु माहौल के विपरीत, 2014 से पहले सत्ता पक्ष और विपक्ष आपसी सम्मान बनाए रखते हुए



मिलकर काम करते थे। उन्होंने कहा, वर्ष 2014 तक अगर आप महाराष्ट्र की राजनीति को देखें, तो माहौल साफ-सुथरा और सौहार्दपूर्ण था। विपक्ष और सत्तारूढ़ दल साथ रहते थे, एक-दूसरे से संवाद करते थे और साथ मिलकर काम करते थे। वे एक-दूसरे की आलोचना तो करते थे, लेकिन व्यक्तिगत मतभेद कभी इस हद तक नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत संबंध बनाए गए और वे आज भी कायम हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व नेता और अब राकांपा (शप) में शामिल हो चुके खडसे ने कहा कि भले ही समय के साथ सरकारें और राजनीतिक जुड़ाव बदलते रहते हैं, लेकिन अतीत और वर्तमान की राजनीतिक चर्चाओं में जो बदलाव आया है, वह बेहद खेदजनक है। उन्होंने कहा, सरकारें आती-जाती रहती हैं, कार्यकर्ता बदलते रहते हैं, और लोग एक तरफ से दूसरी तरफ तथा एक पार्टी से दूसरी पार्टी में जाते रहते हैं।

# अमेरिका में राहुल का भाषण था या भागवत का : सिब्बल

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के अमेरिका में विविधता पर दिए गए बयानों पर रविवार को तंज कसते हुए कहा कि उन्हें यह समझ नहीं आया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी बोल रहे थे या संघ प्रमुख। उन्होंने भागवत पर विदेश में अलग रुख अपनाने का भी आरोप लगाया। वरिष्ठ अधिवक्ता और निर्दलीय राज्यसभा सदस्य सिब्बल ने भागवत पर निशाना साधते हुए कहा, आप विदेशों में तो विविधता को स्वीकार करते हैं, लेकिन देश में विविधता को बर्दाश्त नहीं करते।

सिब्बल ने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यही हिंदुत्व की सच्चाई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि 2014 से अब तक देश में यही संघर्ष चल रहा है। आप लोगों को जियो और जीने दो की अनुमति नहीं दे रहे हैं। मेरा अभिप्राय है, जंतर-मंतर पर इस सरकार ने क्या किया, और क्या आपने आवाज उठाई? नहीं, आपने इस सरकार के खिलाफ कभी एक शब्द भी नहीं कहा। सिब्बल ने भागवत पर यह हमला ऐसे समय किया है जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख ने कहा कि विविधता में एकता भारत के डीएनए में है और रेखांकित किया कि इसका जश्न मनाया जाना चाहिए,



इसका सम्मान किया जाना चाहिए और इसे स्वीकार किया जाना चाहिए। शनिवार को न्यूयॉर्क के मैडिसन स्कायर गार्डन स्थित इन्फोसिस थिएटर में आयोजित एक विशाल कार्यक्रम में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के 6,000 से अधिक सदस्यों और विभिन्न धर्मों के नेताओं को संबोधित करते हुए भागवत ने विविधता को अपनाने और समुदायों का समर्थन करने का आह्वान किया। उन्होंने यह बात अमेरिकन हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग फोरम द्वारा आयोजित यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा, भारत के लिए एकता और विविधता, दोनों उसके डीएनए में हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के एक संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि हर राष्ट्र के सामने एक लक्ष्य होता है, जिसे उसे पूरा करना होता है और एक नियति होती है, जिसे उसे साकार करना होता है। सिब्बल ने भागवत की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मैं सोच रहा था कि यह राहुल गांधी का भाषण था।

# पीएम एससीएसटी कानून के तहत दोषियों पर दर्ज कराएं प्राथमिकी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने रविवार को भाजपा पर हमला तेज करते हुए कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वास्तव में संविधान का सम्मान करते हैं तो उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की रैली वाले स्थान पर शुद्धिकरण करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाए। प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री को यह



सुनिश्चित करना चाहिए कि इस महीने की शुरुआत में किए गए शुद्धिकरण में शामिल लोगों के खिलाफ अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति (एससीएसटी) कानून के तहत कार्वाई की जाए। कांग्रेस महासचिव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हल्द्वानी में एक रैली को संबोधित किया था, जिसके बाद भाजपा-आरएसएस से जुड़े लोगों ने उनके मंच का शुद्धिकरण किया। यह शुद्धिकरण न केवल निंदनीय और शर्मनाक मानसिकता का प्रतीक है, बल्कि हमारे संविधान और एससीएसटी कानून का गंभीर उल्लंघन और अपराध है।


# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को निफ्ट के संयुक्त दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) के संयुक्त दीक्षांत समारोह 2026 में शामिल होंगी। इस समारोह में निफ्ट के 18 परिसरों के स्नातक छात्र-छात्राएं एक साथ अपनी डिग्री प्राप्त करेंगे। संयुक्त दीक्षांत समारोह के बाद परिसरों में डिग्री वितरण समारोह आयोजित किए जाएंगे, जहां स्नातक छात्र-छात्राओं को औपचारिक रूप से उनकी डिग्रियां प्रदान की जाएंगी और वे शैक्षणिक जीवन से पेशेवर दुनिया में प्रवेश की अपनी यात्रा शुरू करेंगे। समारोह में प्रत्येक परिसर के प्रत्येक कार्यक्रम में सर्वाधिक सीजीपीए हासिल करने वाले उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। कपड़ा मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। उनके साथ अन्य विशिष्ट अतिथि, संचालक मंडल के सदस्य, वरिष्ठ अधिकारी, संकाय सदस्य, शोधार्थी और स्नातक छात्र-छात्राएं भी समारोह में शामिल होंगे।

## इंटरटेनमेंट...

# ‘दृश्यम’ का नाम बदलकर ‘दृश्यम : द कन्क्लूजन’




मुंबई। अभिनेता अजय देवगन ने सोमवार को घोषणा की कि फिल्म दृश्यम की तीसरी कड़ी का नाम अब दृश्यमः द कन्क्लूज़न होगा और यह दो अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह मोहनलाल अभिनीत मलयालम फिल्म का हिंदी रूपांतरण है। इसमें अजय देवगन ने विजय सालगांवकर की भूमिका निभायी है। मोहनलाल अभिनीत मलयालम संस्करण का तीसरा भाग मई में रिलीज हुआ था और फिल्म ने बड़े पर्दे पर अच्छा कारोबार किया। देवगन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म का पोस्टर जारी किया और कैप्शन में लिखा, हर इंसान का नज़रिया अलग होता है मेरे लिए मेरी फैमिली ही सब कुछ है। हिंदी संस्करण का निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है। पिछले भाग का निर्देशन भी पाठक ने ही किया था। फिल्म का निर्माण स्टार स्टूडियो18 और पैनोरमा स्टूडियोज ने किया है। तब्बू, रजत कपूर और श्रिया सरन अपनी-अपनी पुरानी भूमिकाओं में नजर आएंगे, जबकि प्रकाश राज और जयदीप अहलावत फिल्म के नए कलाकार हैं। साल 2015 में रिलीज हुई दृश्यम 2013 में आई मूल मलयालम भाषा की फिल्म का हिंदी रूपांतरण थी।

# जयंती पर रिलीज होगा आशा भोसले का अंतिम फिल्मी गीत



मुंबई। दिग्गज पार्श्व गायिका आशा भोसले का रिकॉर्ड किया गया आखिरी फिल्मी गीत आठ सितंबर को उनकी जयंती के अवसर पर फिल्म ओम का हरी के तहत रिलीज किया जाएगा। निर्माताओं ने बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की। ऐ मेरी जिदंगी, तू छुपी है कहां शीर्षक वाला यह गीत 2023 के अंत में रिकॉर्ड किया था और उस समय भोंसले 90 की उम्र पार कर चुकी थीं। यह गीत फिल्मकार हरीश व्यास की पिता-पुत्र के रिश्ते पर आधारित फिल्म में शामिल होगा, जिसमें अंशुमान झा, रघुबीर यादव, सोनी राजदान और आयशा कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। व्यास ने एक बयान में कहा, उनके जन्मदिन पर इस गीत को रिलीज करने का उद्देश्य आशा जी की सदाबहार आवाज़, उनकी विराट विरासत और उन पीढ़ियों के श्रोताओं को सम्मान देने का प्रयास है, जिनके जीवन को उनके संगीत ने छुआ है। फिल्म में अभिनय करने वाले और इसकी कहानी से भी जुड़े अंशुमान झा के लिए आशा भोसले की आवाज़ इस कथानक में एक बेहद निजी आयाम जोड़ती है।

# मामले को खत्म क्यों नहीं होने देते? कंगना के साथ हुए विवाद पर तापसी का बयान

नयी दिल्ली। अभिनेत्री-राजनेता कंगना रनौत के ताजा हमले के बीच अभिनेत्री तापसी पन्नू ने मंगलवार को मीडिया से दोनों के बीच कथित विवाद को लेकर सवाल पूछना बंद करने को कहा। अपनी नयी नेटफ्लिक्स फिल्म गांधारी के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में तापसी से कंगना की उनके बारे में की गई टिप्पणियों को लेकर सवाल पूछा गया था। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, आप खत्म क्यों नहीं होने देते ये बात? कोई सवाल पूछना हम दोनों से बंद करेगा जब ये वाला, तो यह मुद्दा भी खत्म हो जाएगा। तापसी ने कहा, आप सब लोगों को मजा आ रहा है ये



सब देख के, इसीलिए वही सवाल पूछ रहे हैं। ऐसे सवाल पूछना अगर आप बंद कर देते, तो यह बात कब की खत्म हो जाती। दोनों अभिनेत्रियों के बीच कभी सीधे तौर पर कोई टकराव नहीं हुआ, लेकिन उनके बीच विवाद की शुरुआत 2019 में हुई थी।

# राजस्थान मिस यूनिवर्स इंडिया केजिया लिज मेजो

**जयपुर।** मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 विजेता केजिया लिज मेजो ने हाल ही में दिल्ली में प्रतियोगी परीक्षाओं में जवाबदेही की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे युवाओं के साहस की तारीफ की और कहा कि सही बात के लिए आवाज उठाना देश के प्रति प्रेम व गर्व को दिखाता है।

रविवार रात जयपुर में हुए खिताबी मुकाबले में खिताब जीतने वाली मेजो ने कहा कि उन्हें निडर और एक-दूसरे का साथ देने वाली पीढ़ी का हिस्सा होने पर गर्व है। हाल में दिल्ली में हुए युवाओं के विरोध प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर मेजो ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं उन सभी छात्रों और हर उस व्यक्ति को सलाम करती हूं, जो सही के लिए आवाज उठाने और प्रदर्शन करने



के लिए आगे आया। उन सभी लोगों को भी सलाम, जिन्होंने देश की बेहतरी के लिए हाथ मिलाया।

उन्होंने कहा, अपनी बात कहने के लिए बहुत साहस चाहिए होता है। इसके लिए अपने देश के प्रति बहुत गर्व और प्रेम होना चाहिए। दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए इस आंदोलन का नेतृत्व कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) ने किया था।

आंदोलन परीक्षा व्यवस्था में कथित गड़बड़ियों और नीट पेपर लीक के खिलाफ 20 जून को शुरू हुआ था और बाद में देश के दूसरे हिस्सों में भी

❍ अपनी आवाज उठाने के लिए साहस और देश के प्रति प्रेम की जरूरत होती है: मिस यूनिवर्स इंडिया

फैल गया था। यह आंदोलन केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पद से धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा देने का बाद 25 जुलाई को खत्म हुआ। सरकार ने कॉजपा के प्रतिनिधियों से बातचीत के बाद उनकी अन्य मांगों को भी मान लिया।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com